


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 हार्दिक पांड्या ने रोहित शर्मा की बात ...

जूलियन असांजे पर आरोप हटाने का अमेरिका... 12



वर्ष : 14 | अंक : 329 | नई दिल्ली, शनिवार, 13 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 32°C

न्यूनतम तापमान 21°C

**बाजार**

सोना 75,395

चांदी 83,800

सेंसेक्स 74,244

निफ्टी 22,519

## आप मंत्री का गंभीर आरोपः केजरीवाल सरकार के खिलाफ रचा जा रहा षड्यंत्र, दिल्ली में लग सकता है राष्ट्रपति शासन

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद से आम आदमी पार्टी केंद्र सरकार पर एक के बाद एक बड़े गंभीर आरोप लगा रही है। इसी कड़ी में अब आप ने केन्द्र सरकार पर दिल्ली सरकार को गिराने और राष्ट्रपति शासन लागू करने की साजिश का नया आरोप लगा दिया है। जल ससांधन मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल सरकार के खिलाफ बहुत बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र प्लान किया जा रहा है और दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने साजिश चल रही है। उन्होंने उपराज्यपाल द्वारा गृह मंत्रालय को लिखी गई चिट्ठियों पर भी आपत्ति जताई है। आप नेता आतिशी ने कहा, ह्यदिल्ली सरकार के अधिकारियों ने बैठक में शामिल होना बंद कर दिया है। इन सभी चीजों से पता चलता है कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार को गिराने और राष्ट्रपति शासन लागू करने की साजिश चल रही है। उन्होंने ये भी कहा कि एक पुराने केस को उठाकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव



को बर्खास्त कर दिया गया है। यह अरविंद केजरीवाल सरकार को गिराने की एक बड़ी साजिश हो रही है। अरविंद केजरीवाल को फर्जी मामले में झूठे केस में फंसा कर भाजपा शासित केंद्र और ईडी ने गिरफ्तार किया है। बीजेपी वाले दिल्ली में चुनाव नहीं जीत सकते हैं, इसलिए चुनी हुई अरविंद केजरीवाल सरकार को गिराना चाहते हैं। दिल्ली में भाजपा नहीं हरा सकती केजरीवाल को उन्होंने कहा, मैं भाजपा को चेतावनी देती हूं कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना अवैध, असंवैधानिक और दिल्ली के लोगों के जनादेश के खिलाफ होगा। दिल्ली के लोगों ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को स्पष्ट जनादेश दिया है ह्व आतिशी ने कहा, ह्यभाजपा को पता है कि चाहें वे कितना भी जोर लगा लें, वे दिल्ली में अरविंद केजरीवाल को हरा नहीं सकते। दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल से प्यार करते हैं, दिल्ली के लोग आप को पसंद करते हैं और दिल्ली के लोग भाजपा की हरसंभव कोशिश के बाद आप को ही वोट देते हैं। ये (भाजपा) दिल्ली में चुनाव जीतने वाले नहीं है, इसलिए ये साजिश कर रहे हैं कि दिल्ली की चुनी हुई अरविंद केजरीवाल की सरकार को गिराया जाए। सरकार के खिलाफ तैयार किया जा रहा है राजनीतिक षड्यंत्र आप मंत्री ने कहा, अरविंद केजरीवाल की सरकार के खिलाफ एक बहुत बड़ा राजनीतिक षडयंत्र तैयार किया जा रहा है। आने वाले कुछ दिनों में भाजपा शासित केंद्र सरकार दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने वाली है। दिल्ली में पिछले कई दिनों से किसी भी अफसर की पोस्टिंग नहीं हो रही है। दिल्ली में कई विभाग खाली हैं। एलजी साहब पिछले एक हफ्ते से एमएचए को बिना किसी कारण दिल्ली सरकार के खिलाफ चिट्ठी लिख रहे हैं। एक 20 साल पुराने केस को उठाकर दिल्ली के मुख्यमंत्री के सचिव को बर्खास्त कर दिया गया। ये सब बताता है कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### फिलहाल इजरायल और ईरान न जायें भारतीयः विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली। भारत सरकार ने इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के बनते हालात के मद्देनजर ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इसमें सभी भारतीयों को अगली सूचना तक इजरायल और ईरान की यात्रा न करने की सलाह दी गई है। मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एडवाइजरी में कहा कि क्षेत्र की मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी भारतीयों को सलाह दी जाती है कि वे अगली सूचना तक ईरान या इजराइल की यात्रा न करें। वहीं ईरान या इजरायल में रह रहे सभी भारतीयों से अनुरोध है कि वे भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं। साथ ही अपनी सुरक्षा के बारे में अत्यधिक सावधानी बरतें और आवाजाही को सीमित रखें। उल्लेखनीय है कि सीरिया में ईरान के एक प्रतिष्ठान पर हमले के बाद मध्यपूर्व के हालात गंभीर होते जा रहे हैं। दोनों देश के बीच युद्ध जैसे हालात पनप रहे हैं।

### पीएम मोदी 16 को पूर्णिया में करेंगे चुनावी सभा

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 अप्रैल को बिहार आ रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के दरभंगा विधानसभा सीट से विधायक संजय सरावगी ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की चुनावी रैली पूर्णिया में अभूतपूर्व होगी और इस रैली में दो लाख से ज्यादा लोग मौजूद होंगे। राजग उम्मीदवार संतोष कुशवाहा ने मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री 2014 में पूर्णिया आए थे और एक बार फिर प्रधानमंत्री 16 अप्रैल को पूर्णिया आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजग लोकसभा चुनाव में 400 का आंकड़ा पार करेगा जबकि पूर्णिया लोकसभा सीट से राजग उम्मीदवार 4 लाख पार करेगा। इस लोकसभा चुनाव में पूर्णिया लोकसभा संसदीय सीट बिहार का सबसे ज्यादा हॉट सीट बन चुकी है। यहां से एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा है। राजद ने यहां से जदयू छोड़कर राजद में शामिल हुई रुपौली के पूर्व विधायक बीमा देवी को मैदान में उतारा है। यहां इन दोनों की टक्कर कुछ दिन पूर्व ही कांग्रेस में शामिल हुए निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव से होगी।

### कुल्लू में कार हादसे में चार लोगों की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश में सड़क हादसे के ताजा घटनाक्रम में कुल्लू जिला में एक सड़क हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम खाई से शवों को निकालने में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार आनी उपमंडल में राणाबाग-करशाला मार्ग पर चोईनाला के समीप एक ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। कार में चार लोग सवार थे। हादसे में चारों की मौके पर ही मौत हो गई। उधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू करने में जुट गई। पुलिस ने मृतकों की पहचान सुरेंद्र कुमार चालक पुत्र धर्म चन्द, सुशील कुमार पुत्र मनसा राम, बीर सिंह पुत्र मोती राम, संजीव कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी खनेरी आनी जिला कुल्लू के रूप में हुई है। फिलहाल अभी तक हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। दुर्घटना का कारण निर्धारित करने के लिए जांच चल रही है। अन्नी वैली समुदाय इस अचानक हुए नुकसान से दुखी है। अधिकारी इस त्रासदी के कारण का पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं। शवों को बदकिस्मत कार से निकाला गया और पोस्टमॉर्टम के बाद उनके रिश्तेदारों को सौंप दिया गया।

**उधमपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने किया बड़ा ऐलान**

# 'जम्मू-कश्मीर में होंगे विधानसभा चुनाव, मिलेगा राज्य का दर्जा'

प्रात : किरण/एजेंसी

उधमपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार जितेंद्र सिंह के पक्ष में उधमपुर में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि वह समय दूर नहीं जब जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव होंगे और राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने उधमपुर मेंरैली को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उन्होंने जम्मू कश्मीर के लोगों की लंबे समय से चली आ रही पीड़ा को समाप्त करने का अपना वादा पूरा किया है। प्रधानमंत्री ने साथ ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को संविधान के अनुच्छेद 370 को वापस लाने की चुनौती दी। भारतीय जनता पार्टी नीत केन्द्र सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त कर दिया था। 'जम्मू-कश्मीर में होंगे विधानसभा चुनाव, मिलेगा राज्य का दर्जा' उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा मिलेगा। वो समय दूर नहीं जब जम्मू कश्मीर में भी विधानसभा के चुनाव होंगे। आप अपने विधायक, अपने मंत्रियों से अपने सपने साझा कर सकेंगे। मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में लोकसभा चुनाव आतंकवाद, हड़ताल, पथराव और सीमा पार से गोलीबारी के डर के बिना होंगे। बता दें कि यह रैली केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के समर्थन में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोदी मैदान में आयोजित की गई। जितेंद्र सिंह उधमपुर लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने इस सीट से चौधरी लाल सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है वहीं डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी




(डीपीएपी) ने जीएम सरूरी को यहां से उम्मीदवार बनाया है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत यहां मतदान 19 अप्रैल को होगा।

यह प्रधानमंत्री मोदी की डेढ़ महीने से अधिक समय में जम्मू कश्मीर की तीसरी यात्रा है। इससे पहले उन्होंने 20 फरवरी और सात मार्च को जम्मू और श्रीनगर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और सभाओं को संबोधित किया था। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, ह्यह्यमैं पिछले पांच दशक से जम्मू कश्मीर आ रहा हूं। मुझे 1992 में लाल चौक (श्रीनगर) पर तिरंगा फहराने के लिए निकाली गई एकता यात्रा याद है। हमारा भव्य स्वागत हुआ था। वर्ष 2014 में वैष्णों देवी मंदिर में पूजा करने के बाद मैंने इसी स्थान पर एक सभा को संबोधित किया था और उन लोगों को मुक्ति दिलाने की गारंटी दी थी जो पीढ़ियों से (आतंकवाद से) पीड़ित थे। मोदी ने कहा,ह्यह्य आज आपकी दुआओं से मोदी ने वह गारंटी पूरी है। दशकों बाद ये चुनाव आतंकवाद, हड़ताल, पथराव और सीमा पार से गोलीबारी के डर के बिना हो रहे हैं। ये अब चुनावी मुद्दे नहीं है। वैष्णो देवी और अमरनाथ तीर्थयात्रा की सुरक्षा को लेकर चिंता रहती थी, लेकिन स्थिति (सुरक्षा) बिल्कुल बदल गई है। जम्मू-कश्मीर में विकास हो रहा है और लोगों का सरकार पर विश्वास मजबूत हो रहा है। अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने का जिक्र करते हुए उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को विवादास्पद संवैधानिक प्रावधान वापस लाने की चुनौती दी और कहा कि ह्यह्यवे ऐसा नहीं कर पाएंगे। उन्होंने उधमपुर से भाजपा उम्मीदवार सिंह और जम्मू से पार्टी उम्मीदवार जुगल किशोर के पक्ष में मतदान करने की जनता से अपील की और कहा कि आगामी चुनाव केंद्र में एक मजबूत सरकार प्रदान करने के लिए है जो देश के सामने आने वाली चुनौतियों का डटकर मुकाबला कर सके।

## कांग्रेस नेता का कटाक्ष, चुनाव के बाद तिहाड़ जेल में होगा मोदी कैबिनेट का पुनर्मिलन

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी रैली में दिए हालिया बयान, भ्रष्टाचारी जेल जाएंगे के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र पर तीखा कटाक्ष किया। कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि इस तरह के वादे के साथ, मोदी का मंत्रिमंडल लोकसभा चुनाव के बाद खुद को तिहाड़ जेल में एक सुंदर पुनर्मिलन में पा सकता है। कांग्रेस नेता रमेश ने सवाल किया कि जिसे उन्होंने वैध भ्रष्टाचार कहा है, उसकी देखरेख करने वालों को भी गिरफ्तारी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हैशटैग #इलेक्टोरल बॉन्ड के साथ एक पोस्ट के जरिए मामले पर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कांग्रेस नेता रमेश ने पोस्ट में लिखा कि पीएम ने भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने की गारंटी दी है। याद रखें कि #पेटीएम घोटाले में भ्रष्टाचार के चार तरीके देखने को मिले हैं।1. प्री-पेड : चंदा दो, धंधा लो, 2. पोस्ट पेड : ठेका लो, रिश्वत दो, 3. पोस्ट रेड : ईडी/आईटी छापों के माध्यम से हफ़्ता वसूली और 4. फर्जी कंपनियां। उन्होंने लिखा कि क्या जिनकी देखरेख में वैध तरीके से और संयोजित ढंग से ये भ्रष्टाचार हुआ है वे लोग भी जेल जायेंगे? यदि ऐसा हुआ तब तिहाड़ में मोदी कैबिनेट का बेहद शानदार पुनर्मिलन होगा! इसके पहले, राजस्थान में रैली को संबोधित कर पीएम मोदी ने उन लोगों पर अपना रुख स्पष्ट किया था जो भ्रष्ट हैं और जो इन भ्रष्ट लोगों को बचा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, ये सभी लोग जो भ्रष्टाचारियों को बचाने निकले हैं, ध्यान से सुन लें, आप मोदी को कितनी भी धमकियां दे लें, भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही होगा। ये मोदी की गारंटी है।



### आठ करोड़ घरों तक पहुंचा रही है कांग्रेस 'पांच न्याय 25 गारंटी'

नई दिल्ली। कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2024 में अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज चुनावी घोषणापत्र 'पांच न्याय 25 गारंटी' की आठ करोड़ प्रतियां घर-घर तक पहुंचा रही है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि 'पांच न्याय 25 गारंटी' घोषणा पत्र का वितरण आठ करोड़ घरों तक किया जा रहा है। इसके अलावा एक करोड़ नागरिकों को यह दस्तावेज डिजीटली वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा घर-घर वितरित की जा रही आठ करोड़ प्रतियों के अलावा कांग्रेस पार्टी ने देश भर में कम से कम एक करोड़ लोगों को डिजिटल रूप से भी अपनी पांच न्याय 25 गारंटी को भेजा है। श्री रमेश ने कहा कि देश में कांग्रेस की पांच न्याय 25 गारंटी का जबरदस्त स्वागत हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अभी तक चुनावी घोषणा पत्र के लिए मात्र एक समिति का गठन कर पायी जबकि कांग्रेस अपनी गारंटी के साथ अंतिम मतदाता तक पहुंच रही है। कांग्रेस नेता ने कहा, हमें जो रिस्पांस मिला है वह अभूतपूर्व है। ऐसे समय में जब भाजपा ने अभी तक सिर्फ.एक घोषणापत्र समिति का गठन किया है, हम अपनी गारंटी के साथ अंतिम मतदाता तक पहुंच रहे हैं।

## पहले चरण के चुनाव तैयारियों की समीक्षा की आयोग ने

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने आम चुनाव-24 के पहले चरण की तैयारियों की चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ समीक्षा की है। आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और दो चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ सुखबीर सिंह संधू ने देश भर में 350 से अधिक चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ ऑनलाइन बैठक में बातचीत की। कुल सात चरणों में कराये जा रहे इस संसदीय चुनाव के पहले चरण में मतदान 19 अप्रैल को कराये जायेंगे। पहले चरण में 21 राज्यों के 102 संसदीय




निर्वाचन क्षेत्रों मतदान होगा। निष्पक्ष एवं स्वयंत्र तरीके से चुनाव सुनिश्चित कराने के लिये चुनाव आयोग ने पहले चरण के चुनाव के लिये 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये हैं।

## अदालत ने कविता की पांच दिन की हिरासत देने की सीबीआई की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को पांच दिन की हिरासत में देने का अनुरोध करने वाली केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर आदेश शुक्रवार को शाम तक के लिए सुरक्षित रख लिया। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी के बाद से तिहाड़ जेल में हैं। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने इस याचिका पर कविता की ओर से पेश वकील के साथ ही सीबीआई की दलीलों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सीबीआई ने अदालत को बताया कि कविता जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं और सवालों का जवाब देने से बच रही हैं। आरोपी



के वकील नितेश राणा ने सीबीआई की याचिका का विरोध करते हुए इस गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताया। उन्होंने जांच एजेंसी पर कविता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया। ईडी ने कविता (46) को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से 15 मार्च को गिरफ्तार किया था।

## अफगानिस्तान में हिन्दू-सिखों की संपत्ति बहाली के फैसले का भारत ने स्वागत किया

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने अफगानिस्तान की तालिबान हकुमत की ओर से हिन्दू और सिख नागरिकों के संपत्ति अधिकार बहाल किए जाने को एक सकारात्मक घटनाक्रम बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में यह बात कही। पाकिस्तान के साथ संबंधों से जुड़े सवाल पर जायसवाल ने कहा कि पड़ोसी देश की नेताओं की ओर से परस्पर विरोधी बयान दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री पद ग्रहण किए जाने पर उन्हें बधाई दी थी। द्विपक्षीय संबंधों के बारे में पाकिस्तानी पक्ष ने परस्पर विरोधी बयान दिए हैं जिन पर हम गौर कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान से इस आशय की रिपोर्ट आई थी कि ताबिलान शासन ने हिन्दू और सिख अल्पसंख्यकों की निजी जमीन एवं अन्य संपत्तियां बहाल करने का फैसला किया है। इस नए रुख के बाद कुछ अल्पसंख्यक अब अफगानिस्तान लौटे हैं। अमेरिका में कुछ भारतीय छात्रों की मौत से जुड़े सवाल पर प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय राजनयिक मिशन वहां अध्ययनरत छात्रों के संपर्क में है। हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

## 41 राजनयिकों को वापस भेजने के बाद कनाडा ने भी घटाया भारतीय स्टाफ

प्रात : किरण/एजेंसी

ओटावा। भारत सरकार ने बीते साल कनाडा के 41 राजनयिकों को वापस भेजने का आदेश दिया था। इसके बाद कनाडा ने कहा कि जब हमारे राजनयिकों की संख्या भारत में कम है तो फिर हमें उनके लिए तैनात स्टाफ में भी कटौती करनी पड़ेगी। राजनयिकों की संख्या भारत की ओर से कम करने के आदेश के बाद ही कनाडा ने मुंबई, चंडीगढ़ और बेंगलुरु में अपने कौंसुलेट्स को भी बंद कर दिया है। स्टाफ में कटौती की पुष्टि करते हुए कनाडा उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि भले ही यह कठिन फैसला है, लेकिन हमारे राजनयिकों की ही संख्या कम होने के चलते ऐसा करना पड़ा। उन्होंने कहा कि भारत में कनाडा के वीजा आवेदन केंद्र पहले की तरह ही चालू रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम भारत में अपने स्थानीय स्टाफ के आभारी हैं कि उन्होंने इतने अरसे तक पूरे समर्पण और गंभीरत के साथ सेवाएं दीं। भारत के साथ कूटनीतिक संबंधों में तनाव के बाद भी कनाडा ने कहा कि हम भारतीयों का स्वागत करते हैं। वे कनाडा में स्टडी, नौकरी या फिर स्थायी निवास के लिए आ सकते हैं, हम उनका स्वागत करेंगे। वहीं भारतीय सूत्रों का कहना है कि सरकार का उद्देश्य यह नहीं था कि कनाडा भारत में अपने कौंसुलेट्स को बंद करे। हमारा उद्देश्य था कि राजनयिकों की संख्या में समान रहनी चाहिए। कनाडा का स्टाफ भारत में तय सीमा से अधिक था, ऐसे में 41 लोगों को वापस भेजने का आदेश दिया गया। बता दें कि बीते साल कनाडा में खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हो गई थी। बाइक सवार अज्ञात बंदूकधारी उसे गोली मारकर फरार हो गए थे। अब तक इस मामले में कनाडा सरकार जांच किसी नतीजे तक नहीं पहुंची है। लेकिन कनाडा ने भारत पर इसका आरोप लगाया था। इसके बाद भारत-कनाडा के रिश्ते बिगड़ गए हैं। भारत ने भी आरोप लगाया था कि कनाडा के राजनयिक आंतरिक मामलों में दखल दे रहे हैं।

**सक्षम** रक्षा मंत्रालय से एचएएल को 65 हजार करोड़ रुपये का टेंडर जारी

## वायु सेना के लिए और खरीदे जाएंगे 97 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना के लिए 97 और लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-1ए खरीदने के लिए रक्षा मंत्रालय ने टेंडर जारी कर दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के लिए जारी टेंडर की कीमत 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। यह स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर के लिए सबसे बड़ा ऑर्डर होगा, क्योंकि 83 एलसीए मार्क-1ए के लिए पिछला ऑर्डर 48 हजार करोड़ रुपये का था। भारतीय वायु सेना के लिए 83 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट के सौदे



पर 03 फरवरी, 2021 को बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ हस्ताक्षर हुए थे। तेजस एमके-1ए की आपूर्ति इसी साल से शुरू होगी और 2027 तक पूरे 83 विमान वायु सेना को मिल जाएंगे। इनमें 73 लड़ाकू विमान और 10 ट्रेनर विमान होंगे। वायु सेना को इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था। वायु सेना की जरूरत को देखते हुए केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल 30 नवंबर को 97 तेजस एमके-1ए खरीदने को मंजूरी दी थी। एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 32 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है। रक्षा मंत्रालय ने हाल ही में एचएएल को निविदा जारी की गई थी और उन्हें इसका जवाब देने के लिए तीन महीने का समय दिया गया है। यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना को मिग-21, मिग-23 और मिग-27 के अपने बेड़े को बदलने में मदद करेगा। वायु सेना की जरूरतों को देखते हुए तैयार किये जा रहे एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट में एवियोनिक्स, हथियार और रखरखाव में 43 तरह के सुधार किये गए हैं। एचएएल के मुताबिक अब तेजस एमके-1ए में अत्याधुनिक एईएसए रडार होगा, जो तेजस एमके-1 के इजरायली ईएल/एम-2032 राडार से बेहतर होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फिर बस अड्डे पर वापस आया समय संचालन कक्ष

**हल्द्वानी, एजेंसी।** परिचालकों की मांग और रोडवेज संगठनों के विरोध के बाद मंगलवार को समय संचालन कक्ष एक बार फिर हल्द्वानी बस अड्डे पर बना दिया गया है। इससे परिचालकों ने राहत की सांस ली। वहीं दूसरी ओर एक संगठन के सदस्य फिर से इस पर आपत्ति उठा रहे हैं। हल्द्वानी बस अड्डे से समय संचालन कक्ष को तिकोनिया स्थित डिपो में शिफ्ट करने से परिचालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। इसे लेकर बीते सोमवार को परिवहन निगम के करीब चार-पांच कर्मचारी संगठनों ने विरोध जताया था। इसके बाद समय संचालन कक्ष को बस अड्डे पर शिफ्ट कर दिया गया। मंगलवार को एक बार फिर हल्द्वानी बस अड्डे से ही परिचालकों को ड्यूटी स्लिप दी जाने लगी हैं। इससे परिचालकों ने भी राहत की सांस ली। दूसरी ओर समय संचालन कक्ष को वापस बस अड्डे में शिफ्ट करने का एक संगठन के कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में निगम प्रबंधन को पत्र भेजने की तैयारी कर ली है। वहीं एआरएम सुरेंद्र बिष्ट का कहना है कि समय संचालन कक्ष बस अड्डे में आने से बसें तय समय से जा रही हैं।

### एसएसजे परिसर में विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से मिलेगी शिक्षा

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** सोबन सिंह जीना परिसर को डिजिटल बनाने की पहल शुरू हो चुकी है। यहां जल्द विद्यार्थी ब्लैक बोर्ड के बजाय स्मार्ट डिजिटल बोर्ड के जरिए शिक्षा लेंगे। डिजिटल बोर्ड की मदद से हर दिन के पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम से को भी सुरक्षित रखा जा सकेगा। वहीं विद्यार्थियों को गणित, विज्ञान समेत अन्य विषयों को ऑडियो, वीडियो, ग्राफिक्स, चार्ट की मदद से समझना आसान होगा। विश्वविद्यालय की पहल पर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए एसएसजे परिसर के सभी संकायों में 18 लाख रुपये से 12 स्मार्ट डिजिटल बोर्ड स्थापित किए जाएंगे। विद्यार्थियों को नई तकनीकी से शिक्षा मिलने पर उनका मानसिक विकास होगा और उनका रुझान पढ़ाई की ओर बढ़ेगा। कक्षाओं में स्थापित स्मार्ट बोर्ड में वीडियो, ग्राफिक्स आदि की सुविधा होने से पांच हजार से अधिक विद्यार्थियों के लिए किसी भी विषय को समझना आसान होगा। डिजिटल बोर्ड को मोबाइल फोन से कनेक्ट किया जा सकेगा। इसमें पेन ड्राइव और डोंगल लगाने की भी सुविधा होगी। ऐसे में किसी विषय के प्रश्नों के जवाब पाने के लिए विद्यार्थी इसे अपने मोबाइल को वाईफाई से कनेक्ट कर ऑनलाइन जवाब पा सकेंगे और पेन ड्राइव में इसे सुरक्षित रख सकेंगे। एसएसजे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि विद्यार्थियों को रोचक ढंग से बेहतर शिक्षा मिले, इसके लिए उन्हें नई तकनीक से जोड़ा जा रहा है। एसएसजे परिसर के सभी संकायों में 18 लाख रुपये से स्मार्ट डिजिटल बोर्ड स्थापित होंगे।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों ने पेंशन दिलाए जाने की मांग की

**जसपुर, एजेंसी।** सेवानिवृत्त शिक्षकों ने बैठक कर सरकार से समय पर पेंशन दिलाए जाने की मांग की। बीआरसी सभागार में आयोजित बैठक में सेवानिवृत शिक्षकों ने समय पर पेंशन नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। पेंशन समय पर नहीं मिलने से अपना उपचार नहीं कर पा रहे हैं। नवदुर्गा पर्व भी आर्थिक तंगी के चलते मनाने में भारी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सेवानिवृत्त पेंशन संघ के ब्लॉक उपाध्यक्ष यशपाल शर्मा ने बताया कि बैंक अधिकारी 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के बाद पेंशन मिलने की उम्मीद जाता रहे हैं। सेवा सेवानिवृत शिक्षकों ने सरकार से शीघ्र पेंशन दिलाए जाने की मांग की। वहां इंद्रवीर सिंह, महेंद्र सिंह, निर्मल सिंह, धर्मपाल सिंह, टेकचंद, राजेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, बाबू हुसैन आदि उपस्थित रहे।

### गरुड़ भगवान को 38 साल बाद मिला घर

**गरुड़ ( बागेश्वर ), एजेंसी।** पहले नवरात्र को माता रानी के भक्तों ने कोट भ्रामरी मंदिर में पूजा अर्चना की। अपने कुल पुरोहितों से अनुष्ठान कराया। महिलाओं ने बाजे गाजे और ध्वजाओं के साथ गोलू मंदिर से बैजनाथ धाम तक कलश यात्रा निकाली। मंत्रोचारण के साथ गोलू मंदिर में गोलू की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। 38 साल बाद भगवान गरुड़ को अपना घर मिल गया है। गरुड़ भगवान को घर मिलने पर समूचे क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर की। नवरात्र के पहले दिन सिल्ली, पाये, नौघर, टीट बाजार की महिलाओं ने गोलू मंदिर से बैजनाथ धाम तक व्यापार संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी दत्त पांडे के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली। उसके बाद गोलू मंदिर में गोलू भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। गोलू मंदिर में विष्णु कथा शुरू हुई। कथावाचक राजेंद्र पांडे के प्रवचन को सुनने दूर दराज से भक्त पहुंचे थे। शाम को 6 बजे मंदिर आरती हुई। उसके बाद भंडारा हुआ। मंदिर का निर्माण करने के साथ साथ आज गरुड़ भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई। प्रतिष्ठा के मौके पर सांसद प्रत्याशी अजय टम्टा, शिव सिंह बिष्ट, नंदन सिंह अल्मिया, घनश्याम जोशी, शशांक रावत आदि मौजूद थे।

# वोट देने गांव लौटेंगे उत्तराखंड के करीब पांच लाख प्रवासी, नेताजी कर रहे परिक्रमा

**नैनीताल, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव में मतदान की घड़ी अब करीब आ रही है। ऐसे में अब राजनीतिक दल प्रचार अभियान तेज करने के साथ ही वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं की गणेश परिक्रमा कर रहे हैं।

राज्य के बड़ी संख्या में प्रवासी दिल्ली एनसीआर में कार्यरत हैं, जिसमें से करीब पांच लाख लोगों के नाम राज्य की मतदाता सूची में हैं। ऐसे में भाजपा-कांग्रेस को उम्मीद है कि प्रवासी उत्तराखंडी गांव में मतदान कर उनकी जीत सुनिश्चित करेंगे।

दिल्ली एनसीआर सहित देश के तमाम राज्यों में 50 लाख से अधिक प्रवासी उत्तराखंडी रहते हैं। एक अनुमान के अनुसार, दिल्ली में ही करीब पांच लाख प्रवासी उत्तराखंडी ऐसे हैं, जिनके नाम मूल गांव या शहर की मतदाता सूची में दर्ज हैं। 19 अप्रैल को मतदान हैं, ऐसे में भाजपा-कांग्रेस इन प्रवासियों को वोट देने के लिए उत्तराखंड लौटने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

राज्य की सियासत में प्रवासी प्रकोष्ठ का दखल रहा है। राज्य बनने के बाद के विधानसभा चुनावों में प्रवासी प्रकोष्ठ के सैकड़ों कार्यकर्ता गांव पहुंचते रहे हैं। राज्य में ऐसे भी विधानसभा क्षेत्र हैं, जहां प्रवासी मतदाताओं के समर्थन से प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की।

भाजपा के उत्तरांचल प्रकोष्ठ दिल्ली के प्रभारी अर्जुन सिंह राणा के अनुसार प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं को उत्तराखंड



नहीं भेजा गया है, मगर प्रवासी मतदाताओं से वोट देने के लिए गांव लौटने की अपील की जा रही है। राणा ने उम्मीद जताई कि उत्तराखंड की पांचों सीटों पर प्रवासी मतदाताओं के समर्थन से भाजपा प्रत्याशी पिछली बार से अधिक रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे।

कोरोना की दूसरी लहर के बाद राज्य के एक लाख से अधिक प्रवासी लोग मूल गांव लौट आए थे। इसमें सर्वाधिक संख्या अल्मोड़ा, दूसरे नंबर पर पौड़ी गढ़वाल के प्रवासी रहे। सरकार की ओर से बनाए स्मार्ट सिटी पोर्टल के अनुसार 2021 में अप्रैल-मई के बीच एक माह में ही एक लाख दस हजार से अधिक ने पंजीकरण कराया। करीब एक-सवा साल तक गांव में रहे। मनरेगा सहित अन्य योजनाओं में भी बड़ी संख्या में प्रवासियों ने काम भी किया। सरकार की ओर से प्रवासियों को रोकने की योजना तो बनाई लेकिन उनका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हुआ तो प्रवासी फिर से महानगरों की ओर लौट गए थे।

तब 2021 में अल्मोड़ा में 31 हजार 218, बागेश्वर में करीब तीन हजार, चमोली में ढाई हजार से अधिक, चंपावत में तीन हजार से अधिक, दून में सात हजार से अधिक, हरिद्वार में चार हजार से अधिक, नैनीताल में करीब नौ हजार, पौड़ी में करीब 23 हजार, पिथौरागढ़ में करीब चार हजार, रुद्रप्रयाग में दो हजार, टिहरी में करीब सात हजार, ऊधमसिंह नगर में करीब छह हजार व उत्तरकाशी में करीब एक हजार प्रवासी लौटे थे। अनुमान के अनुसार पूरे राज्य में कोविड काल में पांच लाख से अधिक प्रवासी लौटे थे।

# दुल्हन लाने के लिए दूल्हे को नहीं मिल रहे वाहन; परिवहन विभाग से लगाई है गुहार

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव के चलते दूल्हा पक्ष के साथ ही दुल्हन पक्ष के लोगों की दिक्कत बढ़ गई है। उनके लिए वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराना चुनौती बन गया है। चुनाव के लिए वाहन अधिग्रहण होने से वर पक्ष को बरातियों के लिए वाहन मिलने मुश्किल हो गए हैं।

लोकसभा चुनाव के चलते दूल्हा पक्ष के साथ ही दुल्हन पक्ष के लोगों की दिक्कत बढ़ गई है। उनके लिए वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराना चुनौती बन गया है। लोकसभा चुनाव के लिए वाहन अधिग्रहण होने से वर पक्ष को बरातियों के लिए वाहन मिलने मुश्किल हो गए हैं और लोग अनुमति के लिए परिवहन विभाग के चक्कर काटने के लिए मजबूर हैं। जिले में अब तक 86 लोगों ने बरात के लिए वाहनों की अनुमति देने के लिए परिवहन विभाग से गुहार लगाई है। के लिए 533 यात्री वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। इसमें 211 रोडवेज, केमू बस और 322 टैक्सी शामिल हैं। वहीं पुलिस विभाग ने परिवहन विभाग को फोर्स को लाने और छोड़ने के लिए 312 वाहनों की मांग की है, इनके अधिग्रहण में विभाग जुटा है। परिवहन विभाग के मुताबिक रिजर्व के लिए भी



10 प्रतिशत वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। ये सभी वाहन 16 से 20 अप्रैल तक चुनाव ड्यूटी में तैनात रहेंगे। मतदान तिथि पर 19 अप्रैल को जिले भर में 120 से अधिक वैवाहिक कार्यक्रम होने हैं। दुल्हन के घर आवाजाही करने के लिए दूल्हा पक्ष को वाहन मिलने मुश्किल हो गए हैं। 86 लोगों ने वाहनों की अनुमति के लिए परिवहन विभाग में अब तक आवेदन किया है। अब दूल्हे पक्ष को बरातियों के लिए कितने वाहनों की अनुमति मिलेगी, क्या पर्याप्त वाहन मिलने से दूल्हा पर्याप्त बरातियों के साथ दुल्हन लेने जाएगा या उसे सीमित बरातियों के साथ विवाह करना होगा, इस पर अंतिम निर्णय परिवहन विभाग लेगा। लोकसभा चुनाव जरूरी है, इसके लिए वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। चुनाव तिथि पर वैवाहिक कार्यक्रम के लिए कई लोगों ने वाहनों के लिए अनुमति मांगी है। वाहनों की संख्या को देखते हुए ही अनुमति दी जाएगी। अधिकतर केमू बस और टैक्सी वाहनों का लोकसभा चुनाव के लिए अधिग्रहण किया गया है। ऐसे में 16 से 21 अप्रैल तक यात्रियों को लेकर सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों की संख्या सीमित रहेगी। ऐसे में लोकसभा चुनाव की ड्यूटी से छूटे वाहनों के स्वामी वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए मनमाने किराये की मांग करने लगे हैं। नाम न बताने की शर्त पर दूल्हा पक्ष के लोगों ने कहा कि पूर्व में जिले के आंतरिक हिस्सों में वैवाहिक कार्यक्रम के लिए एक टैक्सी वाहन का किराया ढाई से 4000 रुपये तक लिया जाता था। अब चार से 8000 रुपये किराया मांगा जा रहा है, इसे चुकाना मजबूरी है।

### अल्मोड़ा अव्वल, रानीखेत, चौखुटिया केंद्र मूल्यांकन में पिछड़े

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
जिले के रानीखेत और चौखुटिया मूल्यांकन केंद्रों में निर्धारित समय पर हाईस्कूल और इंटर बोर्ड उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा नहीं हो सका है, जबकि अल्मोड़ा केंद्र इसमें अव्वल रहा है। ऐसे में मूल्यांकन कर तय समय पर परिणाम घोषित करना बोर्ड के लिए चुनौती बन सकता है।

अल्मोड़ा जिले में बने तीन केंद्रों में बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। मंगलवार को सभी केंद्रों में मूल्यांकन कार्य पूरा होने की तिथि तय थी। मूल्यांकन कर संबंधित विद्यार्थी के अंक रामनगर बोर्ड भेजे जाएंगे, इसके बाद परिणाम घोषित होगा। जीजीआईसी अल्मोड़ा में तय समय पर सभी 51,746 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। यहां हाईस्कूल की 33006 और इंटर 18740 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गईं। उप नियंत्रक उमेश पांडे ने बताया कि निर्धारित समय पर मूल्यांकन कार्य पूरा हुआ। मिशन इंटर कॉलेज रानीखेत में निर्धारित समय पर मूल्यांकन कार्य पूरा नहीं हो सका। उप नियंत्रक सुनील मसीह ने बताया कि अंतिम दिन हाईस्कूल की 1190 और इंटर की 1470 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। यहां अब भी हाईस्कूल में 717 और इंटर में 853 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष बचा है। वहीं जीआईसी चौखुटिया में हाईस्कूल की 673 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। अब भी यहां 419 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष है। हालांकि विभाग का दावा है कि बुधवार यानि आज सभी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर लिया जाएगा।

# खेतों में जाकर गेहूं की फसल काट रहे नेता और उनके समर्थक, ग्रामीण बोले- ऐसे ही चुनाव बाद भी आना



**पिथौरागढ़, एजेंसी।**
उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान है। वहीं, चुनावी प्रचार-प्रसार अभियान चरम पर है। इन दिनों पहाड़ों में फसल पक कर तैयार है। प्रचार के लिए गांवों में गए नेता वोट पाने के लिए गेहूं की मड़ाई से लेकर कटाई तक करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं।

पहाड़ों में लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी प्रचार-प्रसार अभियान चरम पर है। इन दिनों पहाड़ों में फसल पक कर तैयार है। प्रचार के लिए गांवों में गए नेता वोट पाने के लिए गेहूं की मड़ाई से लेकर कटाई तक करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। स्थिति यह है कि फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले बंदर तक को नेता जी भगा रहे हैं। ग्रामीण महिलाएं कह रही हैं उनसे हर सीजन में आकर मदद करने के लिए कह रहे हैं।

उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान है। ज्यों- ज्यों मतदान का समय नजदीक आता जा रहा है। राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव प्रचार-प्रसार अभियान तेज कर दिया है। इन दिनों प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं को रिझाने के लिए तमाम हथकंडे अपना रहे हैं। इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों रबी की फसल पक गई है। प्रत्याशी और उनके समर्थक खेतों में काम रही महिलाओं और अन्य लोगों को देखकर उनके हाथ से दातुली लेकर फसल की कटाई भी कर रहे हैं। ये नहीं आंगन में सूख रही गेहूं, जौ, मसूर की फसल की मड़ाई और कुटाई भी

ग्रामीण महिलाएं भी मजाकिया अंदाज में नेताओं से हर सीजन में आकर फसलों की कटाई मड़ाई और खेतों से बंदर भगाने में मदद करने की अपील भी कर रहे हैं।

वहीं, इन दिनों सोशल मीडिया में राष्ट्रीय पार्टी के एक प्रत्याशी का जिम करते हुए वीडियो भी काफी वायरल हो रहा है। नेताजी प्रचार-प्रसार के दौरान पिथौरागढ़ नगर के एक जिम में पहुंच रहे हैं। यहां वो युवाओं और युवतियों को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए जिम करते हुए नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि वोट की मजबूरी नेताओं को क्या-क्या नहीं कराती है। उनकी इस पोस्ट पर यूजर तमाम तरह के कमेंट कर रहे हैं।

चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान गांवों में गए प्रत्याशी और उनके सर्मथकों को समस्याएं बता रहे हैं। ग्रामीणों लोगों का कहना है कि चुनाव प्रचार प्रसार के दौरान नेता गांवों में आते हैं। चुनाव खत्म होते ही वह गायब हो जाते हैं। आज तक उनकी पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य सहित कई अन्य समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। नेताजी ग्रामीणों के सवाल के बाद सर नीचे कर ले रहे हैं।

### बंदरों ने उड़ाई बिजली, डाकघर में कामकाज ठप

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** बंदरों के बिजली के तारों पर झूलने से शॉर्ट सर्किट हो गया और प्रधान डाकघर की बिजली गुल हो गई। बिजली आपूर्ति बाधित होने से कामकाज भी ठप हो गया। इससे लोग परेशान रहे। आधार बनाने से लेकर लेनदेन का कार्य भी बंद रहा। घंटों इंतजार के बाद भी बिजली आपूर्ति सुचारू न होने से कई उपभोक्ताओं को बैरंग लौटना पड़ा।

डाकघर में हवालबाग, बाड़ेछीना, चितई, लोधिया समेत आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में उपभोक्ता लेनदेन और आधार कार्ड बनाने तथा इसमें संशोधन के लिए पहुंचे। कई लोग बिजली के इंतजार में डाकघर में डटे रहे तो कई लोगों को मायूस होकर घर लौटना पड़ा। डाक विभाग ने किसी तरह लंबे समय से खराब जनरेटर को ठीक कर बिजली आपूर्ति सुचारू की। दो घंटे बाद जनरेटर से बिजली आपूर्ति होने पर कामकाज शुरू हो सका। संवाद

प्रधान डाकघर से 59 हजार से अधिक उपभोक्ता जुड़े हैं। हर रोज यहां चार हजार से अधिक लोग लेनदेन सहित अन्य काम के लिए पहुंचते हैं। डाकघर में बिजली गुल होने पर आपूर्ति सुचारू करने के लिए लाखों रुपये से जनरेटर स्थापित किया है। लंबे समय से खराबी के चलते यह शोपीस बना था, इसकी विभाग ने सुध नहीं ली। बिजली गुल होने पर विभाग को इसकी याद आई और इसकी खराबी दूर हो सकी।

बिजली तारों में शॉर्ट सर्किट की सूचना डाक विभाग ने यूपीसीएल को दी, लेकिन उसने हाथ खड़े कर दिए। ऐसा इसलिए कि एसएसजे परिसर में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण चल रहा है और यहां हर समय बिजली आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश जारी हैं। डाकघर को जोड़ने वाली बिजली लाइन ठीक करने के लिए यूपीसीएल को शट डाउन लेना पड़ता, इससे पास में ही एसएसजे परिसर की भी बिजली गुल हो जाती। ऐसे में यूपीसीएल ने शट डाउन लेकर डाकघर की बिजली बहाल करने से हाथ पीछे खींच लिए।

# खनन वाहनों से उड़ रही धूल बन गई मुसीबत

**काशीपुर/सुल्तानपुर पट्टी, एजेंसी।**
उपखनिज से भरे ओवरलोड वाहनों से उड़ रही धूल लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। धूल से खांसी और दमा के मरीज बढ़ रहे हैं। सड़क के किनारे दुकानों और घरों में रोज धूल की मोटी परत जम रही है। वहीं फसलें भी धूल के चलते नष्ट हो रही हैं।

सुल्तानपुर पट्टी निवासी दुकानदार सुरेश सिंह ने बताया कि उनकी दुकान में धूल से सामान खराब हो रहा है। सतीश सैनी ने बताया कि उन्हें अपनी दुकान में खाने-पीने के सामान को बचाने के लिए पर्दे लगाने पड़ते हैं। किसान हरि सिंह ने बताया कि उनके खेत में गेहूं की फसल खड़ी है लेकिन दिन-रात धूल उड़ाते वाहनों की वजह से फसल खराब हो गई है।

पशुपालक रामसिंह ने बताया कि पशुओं के लिए चारा बचाना भी बड़ी समस्या बन गया है। दो- तीन बार पानी से साफ कर चारे को पशुओं को खिलाना पड़ता है। धूल से दमा और खांसी के मरीज भी बढ़ते जा रहे हैं। सुल्तानपुर पट्टी कस्बे में चिकित्सकों के कई क्लीनिक हैं जिन पर सुबह से शाम तक खांसी और दमा के कई मरीज आते रहते हैं। प्राथमिक




स्वास्थ्य केंद्र सुल्तानपुर पट्टी के चिकित्साधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि धूल की वजह से प्रतिदिन 20 से 25 मरीज अस्पताल आ रहे हैं। धूल से उनके फेफड़ों के अलावा आंखों पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने लोगों को मास्क लगाने कहा। ताकि धूल के कण फेफड़ों तक न जा पाएं। वहीं दिन में ज्यादा से ज्यादा पानी पीने से भी काफी आराम होगा।

# उत्तराखंड में मिजाज बदला तो 33 पार्टियां छोड़ गई चुनावी रण, इस बार सिर्फ पांच ही पुराने दल आ रहे नजर

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
सड़क से प्रारंभ होने वाली राजनीति पर अब इंटरनेट मीडिया का मंच हावी हो गया है। नवीन प्रौद्योगिकी के साथ डिजिटलीकृत कैंपेनिंग को पार्टियां प्राथमिकता दे रही हैं।

चुनाव लड़ने के बदलते मिजाज के बीच उत्तराखंड गठन के बाद हुए लोकसभा सामान्य निर्वाचनों को देखें तो प्रचार के तरीके काफी बदल चुके हैं। लगातार हाईटेक होते चुनावी समर में प्रदेश की पांच संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ चुकीं 33 राज्य और क्षेत्रीय पार्टियां अब रण छोड़ चुकी हैं, जबकि इस समय 15 दलों में से सिर्फ पांच ही ऐसे राजनीतिक दल हैं, जो लगातार मैदान में बने रहे।

राज्य गठन के बाद 2004 में पहला लोकसभा निर्वाचन हुआ था। निर्वाचन आयोग के रिकार्ड के अनुसार, इस वर्ष भाजपा, कांग्रेस, बीएसपी, यूकेडी, सपा सहित 13 राजनीतिक पार्टियों ने अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे थे। वहीं, 2019 चुनाव का रिकार्ड देखें तो प्रदेश की पांच सीटों पर भाजपा, कांग्रेस, बीएससी, यूकेडी, उपपा, सीपीएम ने अपने उम्मीदवार खड़े किए थे।

ऐसे में चार चुनावों में राष्ट्रीय, राज्य और छोटे-बड़े क्षेत्रीय करीब 38 दल मैदान में उतरे थे, मगर 2024 के चुनाव की बात करें तो फिर से चुनावी मैदान में तीन राष्ट्रीय और दो क्षेत्रीय पार्टियां ही नजर आ रही हैं, जबकि 10 नई पार्टियां लोकसभा के चुनावी महासमर में दिख रही हैं।

समाजवादी पार्टी इस चुनाव में आइएनडीआइए के साथ है। ऐसे में उत्तराखंड में उनका प्रत्याशी मैदान में नहीं है। वहीं 2009 और 2014 लोकसभा चुनाव में भी सपा का प्रत्याशी नहीं था, लेकिन निर्वाचन आयोग का रिकार्ड देखें तो 2004 में हरिद्वार सीट पर सपा के राजेंद्र कुमार संसद पहुंचे थे।

आधुनिकता के इस दौर में चुनाव काफी खर्चीला हो गया है। मुख्य राजनीतिक पार्टियां संगठन और कार्यकर्ताओं की टीम के साथ योजनाबद्ध तरीके से चुनावी मैदान में उतरी हैं। वहीं, मुख्य पार्टियां हाईटेक प्रचार-प्रसार में भी सक्षम हैं, जबकि उत्तराखंड में छोटे और क्षेत्रीय दलों के लिए संसाधन जुटाना बड़ी चुनौती नजर आता है। यही बड़ी वजह है कि छोटे दल अधिक समय तक मैदान में टिक नहीं पाते हैं।

# भाजपा शासित केंद्र सरकार राजनैतिक साज़िश के तहत दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही है-आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




भाजपा शासित केंद्र सरकार दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही है। इस षड्यंत्र का पर्दाफाश करते हुए शुक्रवार को वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने प्रेस-कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि, भाजपा शासित केंद्र सरकार राजनैतिक साज़िश के तहत दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि, दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना गैरकानूनी होगा, गैर संवैधानिक होगा और दिल्ली की जनता के जनादेश के खिलाफ होगा।

आतिशी ने कहा कि, भाजपा जानती है वो दिल्ली में चुनाव नहीं जीतने वाली इसलिए अब अरविंद केजरीवाल जी की लोकप्रिय सरकार को गिराना चाहती है। उन्होंने कहा कि, केजरीवाल सरकार के खिलाफ रचे जा रहे षड्यंत्र का एक बड़ा कारण सरकार द्वारा किए जा रहे काम; चाहे वो फ्री बिजली-पानी देना हो, शानदार स्कूल, मोहल्ला क्लिनिक देना हो, बुजुर्गों को फ्री तीर्थ यात्रा महिलाओं को फ्री बस यात्रा देनी हो।

आतिशी ने कहा कि, भाजपा जानती है कि वो कितना भी जोर लगा ले, लेकिन वो दिल्ली में अरविंद केजरीवाल जी को हरा नहीं सकते इसलिए अरविंद केजरीवाल जी को फर्जी आरोपों में बिना किसी प्रमाण गिरफ़्तार किया और अब राष्ट्रपति शासन लगाना चाहती है। लेकिन दिल्ली के लोगों को इन राजनैतिक साज़िशों से डरने की जरूरत नहीं है; जबतक केजरीवाल जी दिल्ली के बेटे के तौर पर खड़े है, चाहे वो जेल के अंदर हो या जेल के बाहर हो, वो दिल्ली के लोगों के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे। दिल्ली की महिलाओं को केजरीवाल जी ने 1000 देने का जो वादा किया है वो जरूर पूरा होगा; भाजपा चाहे आप की सरकार गिराने की कितनी भी कोशिश कर ले अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली की महिलाओं को उनका हक दिलवाकर रहेंगे। वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने कहा कि, दिल्ली की चुनी हुई सरकार, अरविंद केजरीवाल जी की सरकार के खिलाफ एक बहुत बड़ा राजनैतिक षड्यंत्र रचा जा रहा है। हमें विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से पता चला है कि आने वाले कुछ दिनों में भाजपा शासित केंद्र सरकार दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने वाली है। उन्होंने कहा कि, पिछले कुछ दिनों से इसके संकेत देखने को मिल रहे है।

दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने के भाजपा शासित केंद्र सरकार के षड्यंत्र के 5 संकेत आतिशी ने साझा करते हुए कहा कि- हम देख रहे है कि दिल्ली में किसी भी अफसर की पोस्टिंग नहीं हो रही है। पिछले कई महीनों से दिल्ली में किसी भी सीनियर आईएएस अफसर की पोस्टिंग नहीं हो रही है। दिल्ली के अंदर कई विभाग खाली है, वहाँ अफसरों की नियुक्ति नहीं हो रखी लेकिन फिर भी दिल्ली में किसी भी अफसर की पोस्टिंग नहीं की जा रही।

एलजी पिछले एक सप्ताह से गृह मंत्रालय को बार-बार दिल्ली सरकार को लेकर चिट्ठियाँ लिख रहे है। अपनी चिट्ठियों में कह रहे है कि,- मंत्रीगण मीटिंग में नहीं आते है। आतिशी ने कहा कि, ये वही एलजी साहब है जो कोर्ट में खड़े होकर कहते है कि, ये सब ट्रांसफर्ड सब्जेक्ट है और मेरा इससे कुछ लेना देना नहीं है। जब एलजी कोर्ट में कहते है कि उन्हें बिजली के मुद्दे से, पानी के मुद्दे से कुछ लेना देना नहीं है क्योंकि वो ट्रांसफर्ड सब्जेक्ट है तो फिर वो गृह-मंत्रालय में उसके बारे में चिट्ठियाँ क्यों लिख रहे है।

आतिशी ने कहा कि, दिल्ली सरकार के अफसरों ने मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का बहाना बनाकर किसी भी मीटिंग में आना बंद कर दिया है, चाहे वो किसी भी महत्वपूर्ण विषय पर हो। साथ ही हमने देखा कि, किस तरह से एक बीस साल से ज्यादा पुराने केस को उठाकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के निजी सचिव को बर्खास्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि, ये सारे लक्षण दिखा रहे है कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार को गिराने की कोशिश हो रही है, अरविंद केजरीवाल जी की सरकार को गिराने की कोशिश हो रही है और दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की कोशिश हो रही है। यही कारण है कि अरविंद केजरीवाल जी को फर्जी आरोपों में बिना किसी प्रमाण के केंद्र सरकार ने, ईडी ने गिरफ़्तार किया है। क्योंकि भाजपा ये जानती है कि वो कितना भी जोर लगा ले, लेकिन वो दिल्ली में अरविंद केजरीवाल जी को हरा नहीं सकते। दिल्ली में चाहे 2013 का, 2015 का, 2020 का चुनाव हो या 2020 एमसीडी का चुनाव हो। इन सब में भाजपा ने देख लिया है कि, दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल जी को प्यार करते है। आम आदमी पार्टी को पसंद करते है और दिल्ली के लोग भाजपा की हर संभव कोशिश के बाद भी आम आदमी पार्टी को ही वोट देते है। भाजपा को पता चल गया है कि ये दिल्ली में चुनाव नहीं जीतने वाले इसलिए अब ये दिल्ली की जनता द्वारा चुनी गई अरविंद केजरीवाल जी की लोकप्रिय सरकार को गिराना चाहते है। आतिशी ने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी की सरकार के खिलाफ रचे जा रहे इस षड्यंत्र का एक अन्य कारण इस सरकार द्वारा किए जा रहे काम है। चाहे वो फ्री बिजली देना हो, 24 घंटे बिजली देना हो, फ्री पानी देना हो, बच्चों को अच्छे स्कूल देना हो, मोहल्ला क्लिनिक में फ्री इलाज देना हो

# पंजाब से आप के राज्यसभा सांसदों ने की सुनीता केजरीवाल से मुलाकात

- सीएम केजरीवाल को तथाकथित शराब मामले में जेल जाने के बाद पंजाब से आप सांसदों की सुनीता केजरीवाल से पहली मुलाकात है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पंजाब से आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसदों ने बृहस्पतिवार देरशाम को सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। उन्होंने सुनीता केजरीवाल से कहा कि हम पूरी मजबूती से अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को तथाकथित शराब मामले में जेल जाने के बाद पंजाब से आप सांसदों की सुनीता केजरीवाल से यह पहली मुलाकात है। आप के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक के साथ राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा, विक्रम साहनी और अशोक मित्तल ने सुनीता केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम पार्टी के साथ पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खड़े हैं। इस संकट की घड़ी में हम सभी एकजुट हैं। सांसदों ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को जेल भेजने का जनता में जबरदस्त गुस्सा है। जनता जेल का जवाब दिल्ली और पंजाब में वोट से देगी।

पंजाब से आप राज्यसभा सभा सदस्य संजीव अरोड़ ने सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात के दौरान ली गई तश्वीर को अपने आधिकारिक एक्स (ट्वीटर) हैंडल पर साझा भी किया। सुनीता केजरीवाल के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. संदीप पाठक, सांसद संजीव अरोड़ा, विक्रम साहनी और अशोक मित्तल भी मौजूद हैं।

राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा ने कहा कि आज राज्यसभा सांसद संदीप पाठक, सांसद विक्रम साहनी, सांसद अशोक मित्तल की मौजूदगी में मुख्यमंत्री आवास पर अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। उनका साहस और दृढ़ता संघर्ष के प्रतीक के रूप में दमक रहा है। सभी सांसदों ने सुनीता केजरीवाल को कहा कि वह अरविंद केजरीवाल के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं। अरविंद केजरीवाल जनता की लड़ाई लड़ रहे हैं। भाजपा को उन्हें जेल भेजना भारी पड़ेगा।

# पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में आप ने चलाया जेल का जवाब वोट से डोर टू डोर कैंपेन

- आप के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष जरनैल सिंह ने घर-घर जाकर लोगों को केजरीवाल की गिरफ्तारी के पीछे भाजपा की साजिश से अवगत कराया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी का जेल का जवाब वोट से डोर टू डोर कैंपेन जोर पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को आप के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष जरनैल सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ पश्चिम दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के तिलक नगर में यह कैंपेन चलाया। जरनैल सिंह घर-घर जाकर लोगों से मिले और भाजपा द्वारा सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल भेजने के पीछे की साजिश से उनको अवगत कराया। पश्चिमी दिल्ली लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी ने महाबल मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। जरनैल सिंह ने लोगों से अपील की कि वो सीएम केजरीवाल को जेल भेजने का भाजपा से बदला इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से जीता कर लें। इस दौरान सीएम केजरीवाल को जेल भेजने को लेकर लोगों में भारी गुस्सा दिखा। लोगों का कहना था कि भाजपा आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है, लेकिन हम किसी भी हालत में उसके षड्यंत्र को कामयाब नहीं होने देंगे।

शुक्रवार को जेल का जवाब वोट से डोर टू डोर अभियान के दौरान आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष जरनैल सिंह ने तिलक नगर में लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार तानाशाही के नशे में अंधी हो चुकी है। मोदी जी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने से दिल्ली के लोगों के मन में भारी रोष है। अब इस रोष ने एक नारे का रूप लिया है कि जेल का जवाब वोट से देंगे और यह नारा दिल्ली के हर कोने में लग रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बच्चों के लिए शानदार स्कूल बनवाए, दिल्ली में महिलाओं के लिए बसों में यात्रा मुफ्त की, शानदार सड़कें बनवाईं, पानी और बिजली मुफ्त किया। बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा की व्यवस्था कराई। दिल्ली के हर गली में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाए। ये काम आजाद भारत के इतिहास में किसी ने भी नहीं किए थे, लेकिन अरविंद केजरीवाल ने किए। इसलिए केजरीवाल सरकार को अच्छे कामों से रोकने लिए बीजेपी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डाला। विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि सीएम केजरीवाल को जेल में डालने से दिल्ली के लोग बहुत गुस्से में हैं। दिल्लीवाले इसका जवाब अपने वोट से देंगे। इस तानाशाही, हिटलरशाही और जेल का जवाब वोट से देंगे और आने वाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी को सबक सिखाकर उसके अंजाम तक पहुंचाएंगे।

# राज कुमार आनंद के दिल्ली स्थित आवास के बाहर आप कार्यकताओं का प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकताओं ने दिल्ली मंत्रिमंडल एवं पार्टी से इस्तीफा देने वाले राज कुमार आनंद के पटेल नगर स्थित आवास के बाहर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। आप कार्यकर्ता अंकुश नारंग ने कहा, पिछले चार साल से आनंद आप के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने उन लोगों से कई विकास परियोजनाओं का वादा किया था, जिन्होंने उन्हें वोट दिया था। उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। आनंद पटेल नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं और उन्होंने 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवेश रत्न को हराकर जीत हासिल की थी।

नारंग ने कहा, आज आप के कई कार्यकर्ताओं और यहां तक कि पटेल नगर के निवासियों ने भी उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। हमारे कुछ कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में भी लिया।

आप को तब एक झटका लगा था, जब दिल्ली सरकार में समाज कल्याण सहित विभिन्न विभाग संभाल रहे आनंद ने बुधवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था और भ्रष्टाचार एवं पार्टी में दलितों को प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए आप भी छोड़ दी थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमने कुछ आप कार्यकताओं को हिरासत में लिया है, जो बिना किसी अनुमति के आनंद के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

अधिकारी ने कहा कि हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारियों को नजदीकी पुलिस स्टेशन ले जाया गया और जल्द ही रिहा कर दिया जाएगा। नारंग ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के डर से आनंद ने पार्टी छोड़ने का फैसला किया। इससे पहले, दिन में पार्टी कार्यकताओं ने पार्टी प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आईटीओ पर विरोध प्रदर्शन किया। केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में हैं और फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

# अदालत ने सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका पर ईडी, सीबीआई को नोटिस जारी किया




नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आम चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते आबकारी मामलों में अंतरिम जमानत देने का अनुरोध करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तथा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों को 20 अप्रैल तक अपना जवाब देने का निर्देश दिया। अदालत उसी दिन मामले पर सुनवाई कर सकती है।

सीबीआई के साथ ही ईडी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं, लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया और लाइसेंस को सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना बढ़ाया गया। जांच एजेंसियों ने आरोप लगाया है कि लाभार्थियों ने आरोपियों को अवैध लाभ पहुंचाया और जांच से बचने के लिए उनके बहीखातों में गलत प्रविष्टियां कीं। सीबीआई ने घोटाले में कथित भूमिका के लिए दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 में गिरफ्तार किया था। ईडी ने नौ मार्च 2023 को सीबीआई की प्राथमिकी से निकले धन शोधन के मामले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। सिसोदिया ने 28 फरवरी 2023 को दिल्ली मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

# दिल्ली के सीलमपुर में व्यक्ति के सिर में गोली मारी



नई दिल्ली। उत्तर पूर्व दिल्ली के सीलमपुर इलाके में 35 वर्ष के एक व्यक्ति को एक अज्ञात व्यक्ति ने शुक्रवार को करीब से सिर में गोली मार दी। यह जानकारी पुलिस ने दी।पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्व) जॉय तिर्की ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित शाहनवाज को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल पहुंचाया और बाद में उसे लोक नायक अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि उसकी हालत स्थिर बतायी जा रही है। उन्होंने बताया कि शाहनवाज पेशे से एक श्रमिक है। डीसीपी ने कहा कि पुलिस को शुक्रवार पूर्वा करीब 11.30 बजे कबीर मार्केट में एक व्यक्ति के सिर में गोली मारे जाने के संबंध में पीसीआर कॉल मिली। उन्होंने कहा, एक दल को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया और यह पता चला कि शाहनवाज के सिर में गोली लगी है। उन्होंने कहा, एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि सड़क पर चलते समय एक व्यक्ति ने शाहनवाज को पीछे से, करीब से गोली मार दी। तिर्की ने बताया कि पुलिस को घटनास्थल से एक गोली भी मिली है। उन्होंने कहा, सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। अपराध निरोधक दस्ता और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला दल ने घटनास्थल का दौरा किया। दोषियों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हम घटना के कारण का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगे की जांच की जा रही है।

# राजधानी में अगले तीनों के बीच दिन बारिश होने के आसार



नई दिल्ली। राजधानी में शुक्रवार का दिन इस साल का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से अगले तीन दिन राजधानी में बादल, तेज हवा और बारिश का दौर रहने के आसार हैं। दिनभर तेज धूप निकलने के चलते अधिकतम तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। सफदरजंग में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले दस अप्रैल को पारा 39.1 डिग्री था। वहीं, न्यूनतम तापमान 21.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां पर आर्द्रता का स्तर 72 से 26 फीसदी तक रहा। दिल्ली के नजफगढ़ में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि पीतमपुरा क्षेत्र की रात सबसे ज्यादा गर्म रही। यहां का न्यूनतम पारा 24.5 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी के लोगों के लिए राहत की बात यह है कि अब मौसम में बदलाव होने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते अगले तीन दिनों के बीच बादल, बारिश और तेज हवाओं का दौर बीच-बीच में आने की उम्मीद है। शनिवार की शाम से ही यह बदलाव देखने को मिल सकता है। इसके चलते अधिकतम तापमान में छह डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। रविवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति भी 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हो सकती है।

# स्कूल बस ने स्कूटी सवार व ऑटो को मारी टक्कर, एक की मौत

नई दिल्ली। आईपी स्टेट थाने के पास आज एक प्राइवेट स्कूल की बस का अचानक एक्सीडेंट हो गया। जिसकी चपेट में एक ऑटो और एक स्कूटी सवार आ गए। हादसे में स्कूटी सवार की मौत हो गई। ऑटो और बस में सवार एक बच्चे को हल्की चोट लगी है। इस एक्सीडेंट से सड़क पर ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने पहुंचकर रास्ते को सुचारू करवाया।


उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा सूचना

निविदा संख्या: 09–क.वि.–नई दिल्ली–2023–24 दिनांक : 10.04.2024

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | भाग–बी: दो साल की अवधि के लिए डीएलआई–यूएमबी क्षेत्र (पीएसआई/एनयूआर, पीएसआई/पीएनपी और पीएसआई/केकेडीई) पर 25 केवी एसी ट्रैक्शन सिस्टम की पीएसआई रखरखाव गतिविधि की आउटसोर्सिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 1,13,45,794.96/– |
| 3 | बयाना राशि | रु. 2,06,700/– |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 25.04.2024 (00:00 बजे) से 09.05.2024 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 09.05.2024 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

1097/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

पत्र सं. 234967 दिनांक 11.04.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना | 234967 |
| 2 | कार्य का नाम और कार्य स्थान | "2 वर्ष की अवधि के लिए आरसीएनके सोनीपत में फोर्क लिफ्टर्स की सीएमसी" |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये 4652307.24/– जीएसटी @ 18% सहित |
| 4 | बयाना राशि | रु. 93100.00/– |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6 | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से चौबीस महीने |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 02.05.2024 खुलने का समय 15:00 बजे |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

1093/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-26-T-R4-23-24-E3, 03 वर्ष की सीएमसी के साथ दिल्ली मंडल में नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 231.87 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 265900.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 03.05.2024, 12.00 Hrs |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 03.05.2024 12.00 Hrs |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

1090/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# केजरीवाल सरकार गिराने की भाजपा की हर साजिश का दिल्लीवालों ने दिया करारा जवाब, इस बार भी देंगे- आप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की भाजपा द्वारा की जा रही साजिश करने पर आम आदमी पार्टी ने उसे आइना दिखाया है। आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ का कहना है कि भाजपा केजरीवाल सरकार गिराने की कई बार कोशिश कर चुकी है, लेकिन दिल्लीवालों ने हर बार उसे करारा जवाब दिया है। इस बार भी भाजपा ऑपरेशन लोटस चलाने की कोशिश कर रही है तो इसका भी लोकसभा चुनाव में दिल्लीवाले जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना असंवैधानिक होगा, क्योंकि बीते फरवरी में केजरीवाल सरकार सदन में विश्वास मत लाकर अपना बहुमत साबित कर चुकी है। उन्होंने कहा कि 2013, 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के जुमलों और नफरती भाषणों में जनता नहीं आई और प्रचंड बहुमत से आप की सरकार बनाई। दिल्लीवालों को अरविंद केजरीवाल की मुफ्त बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं का बस में सफर और बुजुर्गों की तीर्थयात्रा जैसी पॉजिटिव राजनीति पसंद है। इसलिए इस बार भी भाजपा का यह षड्यंत्र असफल साबित होगा।

आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वसनीय और पुख्ता सुत्रों से जानकारी मिली है कि दिल्ली में एक षडयंत्र के तहत राष्ट्रपति शासन लगाने की कवायद चल रही है। बीजेपी दिल्ली में लगातार गैर-संवैधानिक काम कर रही है और दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना भी एक गैर-संवैधानिक काम ही होगा। क्योंकि फरवरी 2024 में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में फ्लोर टेस्ट के जरिए कॉन्फिडेंस मोशन लाकर बहुमत साबित किया था। इसके बावजूद बीजेपी दिल्ली में लगातार राष्ट्रपति शासन लगाने का नकारात्मक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि साल 2013 और 2015 में देश का बहुत बड़ा वर्ग मोदी जी की बातों में आ गया था। क्योंकि उन्होंने 35 रुपये में पेट्रोल मिलने, एक रुपये की कीमत एक डॉलर के बराबर करने, युवाओं और बेरोजगारों को हर साल दो करोड़ नौकरियां देने और बैंक खाते में 15 लाख रुपये आने की बात कही थी। लेकिन दिल्ली वाले मोदी जी के जुमलों में नहीं आए और भारी बहुमत से अरविंद केजरीवाल की सरकार बनाई थी। साल 2020 में अमित शाह ने डोर टू डोर चुनावी कैंपेन किया था। बीजेपी के बड़े नेताओं ने भड़काऊ भाषण देकर दिल्ली का सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश की थी। लेकिन दिल्ली की जनता ने ऐतिहासिक बहुमत से अरविंद केजरीवाल को जीताकर बीजेपी की नकारात्मक राजनीति को करारा जवाब दिया था। वहीं, साल 2022 में एमसीडी से भी बीजेपी की विदाई हो गई। मोदी जी पिछले दस साल से दिल्ली में रहते हैं लेकिन वह दिल्ली को जीत नहीं पाए। बीजेपी ने नकारात्मक राजनीति कर हमारे नेताओं को बदनाम करने की कोशिश की। बिना अधिकार के हमारे 20 विधायकों को डिस-क्वालीफाई कर दिया था। हमारे नेताओं पर लगभग 230 केस डाले, जो धीरे-धीरे खत्म होते गए। इन्होंने सुंगलु कमेटी के तहत करीब 400 फाइल खंगाली और उसमें भी हम क्लीन हो गए। हमसे सर्विसेज छीन ली गई। लेकिन इन सब दिक्कतों के बावजूद सीएम अरविंद केजरीवाल लगातार काम करते रहे। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि दिल्ली में 24 घंटे बिजली मिलती है। 200 यूनिट फ्री मिलती है। 400 यूनिट आधे रेट पर मिलती है और बिजली के बाकी सेलेब्स में भी साल 2015 से कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। दिल्ली में मुफ्त शिक्षा मिलती है। बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा मिलती है। जिससे न केवल दिल्ली, बल्कि देश औ विदेश से भी लोग इलाज कराने के लिए आते हैं। दिल्ली में महिलाओं के लिए बस यात्रा मुफ्त है। बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थयात्रा की सुविधा मिलती है और अब महिलाओं के लिए हर महीने एक हजार रुपये की योजना भी लागू करने जा रहे हैं। इन सबके बावजूद अरविंद केजरीवाल सरकार ने हमेशा मुनाफे का बजट पेश किया है। क्योंकि यहां एक ईमानदार सरकार है, जो अपनी जेब नहीं भरती है। मोदी जी बीजेपी शासित किसी भी राज्य में यह मॉडल लागू नहीं कर पाते। इसलिए शुरू से ही अरविंद केजरीवाल को रोकने का काम करते हैं। अब एक सोची-समझी साजिश के तहत दिल्ली के एलजी उलूल-जुलुल दस्तावेज बनाकर गृह मंत्रालय को भेज रहे हैं। ताकि राष्ट्रपति शासन के लिए जमीन तैयार की जा सके। लेकिन बीजेपी की ये हरकत बाकी की तरह गैर-संवैधानिक होगी।

उन्होंने कहा कि इन्होंने एक झूठे मुकदमें के तहत अरविंद केजरीवाल को फंसाया है।

# रूस के एचएसई विश्वविद्यालय के साथ डीयू ने किया समझौता




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

एचएसई विश्वविद्यालय की रेक्टर डॉ. निकिता अनिसिमोव ने विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल के साथ शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान रूस के एचएसई विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए गए। डीयू के रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता और एचएसई विश्वविद्यालय की रेक्टर डॉ. निकिता अनिसिमोव ने दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि दोस्ती की भावना से दोनों विश्वविद्यालयों के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग की दिशा में यह पहला कदम है। उन्होंने दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों पर जोर दिया। इस एमओयू में विद्यार्थियों, शोधकताओं और संकाय के आदान-प्रदान के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रों में ज्ञान और अनुभव साझा करना शामिल है। इसके तहत संयुक्त शैक्षिक और अनुसंधान कार्यक्रम विकसित किए जाएंगे। इस अवसर पर एचएसई विश्वविद्यालय के सहयोग से, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी संकाय में एक उत्कृष्टता केंद्र और मिरर लैब का उद्घाटन भी किया गया। यह एचएसई विश्वविद्यालय के लिए अकादमिक आदान-प्रदान, गतिशीलता आदि को बढ़ावा देने के लिए एक विदेशी विश्वविद्यालय में कैंपस उपस्थिति के एक अन्य तरीके के रूप में एक आउटलेट प्रदान करेगा, साथ ही संयुक्त अनुसंधान पहल को एक जगह बढ़ावा देने की सुविधा भी प्रदान करेगा। संकाय सदस्य इस स्थान का उपयोग संयुक्त अनुसंधान, गतिशीलता और आदान-प्रदान आदि के लिए कर सकते हैं। यह पारस्परिक हितों के अनुसार कंप्यूटिंग, आईटी, भौतिकी, सामाजिक विज्ञान, प्रबंधन सहित किसी भी क्षेत्र में द्विपक्षीय अनुसंधान प्रकाशनों और संयुक्त सम्मेलनों के आयोजन, पहचाने गए क्षेत्रों व डोमेन, मास्टर प्रोजेक्ट आदि में अल्पकालिक अध्ययन कार्यक्रमों व गहन पाठ्यक्रमों का डिजाइन आदि की सुविधा प्रदान करेगा। व्याख्यान ऑनलाइन आयोजित किए जा सकते हैं और साथ ही एचएसई के संकाय चयनित अवधि के दौरान ऑफलाइन यात्रा कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक को चोरी के मोबाइल व ब्लेड के साथ किया गिरफ्तार

समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर रेल पुलिस ने एक युवक को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। रेल थानाध्यक्ष बीपी आलोक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान पूर्णिया जिला के कसबा थाना के फुलवड़िया गांव का मंगल माली के रुप में की गयी है। उसके पास से चोरी का एक मोबाइल व ब्लेड का टुकड़ा भी बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्लेटफार्म संख्या चार पांच पर एफओबी के नीचे से आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया है।

### राजस्व कर्मचारी पर घूसखोरी के आरोप, प्राथमिकी दर्ज

हाजीपुर।दाखिल खारिज के मामले में पैसे लेकर कार्य करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने और एक स्थानीय समाचार पत्र में इसकी खबर प्रकाशित होने के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा के संज्ञान में आने पर जंदाहा के अंचलाधिकारी द्वारा पंचायत लक्ष्मणपुर बरबट्टा अंतर्गत पदस्थापित राजस्व कर्मचारी प्रियरंजन पर पैसा लेकर दाखिल खारिज करने के आरोप में जंदाहा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी रूप में वित्तीय अनियमितता और करप्शन का मामला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वे एक पारदर्शी और स्वच्छ प्रशासन के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### पुलिस की पिटाई से घायल हुई और मां बेटी

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के मैठी गांव में पुलिस की पिटाई से घायल हुए मां बेटी को देखने के विभिन्न राजनीति दलों के नेताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। सभी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कह रहे हैं। बीते 3 अप्रैल की रात में गायघाट थानाध्यक्ष के द्वारा मां बेटी को बेरहमी से पिटाई कि गई थी। इसके बाद लगातार दिन प्रतिदिन मामला गर्म होते जा रहा है। पीड़िता से मिलने पहुंचे नेताओं से ग्रामीण लगातार न्याय की मांग कर रहे हैं। वहीं प्रशासन के वरीय अधिकारियों के द्वारा थानेदार के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होते देख लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# अनुदानित कॉलेजों के शिक्षकों को उचित अवसर प्रदान करने की गई मांग

प्रात: किरण, संवाददाता



मधेपुरा मधेपुरा महाविद्यालय, मधेपुरा के इतिहास विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर एवं बीएनएमयू, मधेपुरा के अभिषद् सदस्य कैप्टन गौतम कुमार ने राज्यपाल-सह-कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से राजभवन, पटना में मुलाकात कर अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों के हित में कई मांग की हैं। कैप्टन कुमार ने अपने ज्ञापन में कहा है कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनुदानित कॉलेजों के शिक्षकों की अहम भूमिका है। लेकिन उनके योगदान के अनुरूप उन्हें अब तक उचित सम्मान नहीं मिल पाया है। कुछ बेहतर की आस में वर्षों से बैठे इन शिक्षकों को वेतन देने के नाम पर राज्य सरकार वर्ष 2008 से परीक्षाफल आधारित अनुदान देना शुरू किया। लेकिन उक्त राशि उंट के मूंह में जीरे के समान ही रहता है। परीक्षाफल आधारित अनुदान भी पिछले 2017 से बकाया है। इस स्थिति में अनुदानित कालेजों के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करने में पूरी तरह असमर्थ बने हुए हैं। उन्होंने राज्यपाल सह कुलाधिपति से मुख्यतः तीन मांगें की हैं। एक, अनुदानित कॉलेजों के शिक्षकों को परीक्षाफल आधारित अनुदान की जगह वेतन की गारंटी हो। दूसरा अनुदानित कॉलेज के शिक्षकों को विश्वविद्यालय में पदाधिकारी,पर्यवेक्षक आदि बनाया जाए। तीसरा शोध कार्य में भी अनुदानित कॉलेजों के अहर्ता प्राप्त शिक्षकों को जोड़ने की मांग की है।कैप्टन कुमार ने बताया कि राज्यपाल-सह-कुलाधिपति ने सभी मांगों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। उन्हें विश्वास है कि राज्यपाल-सह-कुलाधिपति के सकारात्मक पहल से अनुदानित कॉलेजों के शिक्षकों की बहुप्रतीक्षित सपना अनुदान की जगह वेतन और उचित सम्मान का सुअवसर प्राप्त हो पाएगा।

## बाल विवाह मुक्त वैशाली महासंकल्प अभियान सह सम्मान समारोह का आयोजन



प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। बाल विवाह मुक्त वैशाली महा संकल्प अभियान सह सम्मान समारोह का आयोजन हाजीपुर के स्थानीय विद्यालय जी ए इंटर स्कूल कैंपस हाजीपुर में बिहार राज्य भारत स्काउट एवं गाइड के सभापति उदय शंकर प्रसाद सिंह जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का संचालन स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के सचिव सुधीर कुमार शुक्ला ने किया। इस मौके पर वैशाली जिले के 300 उच्च एवं उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों के स्काउट गाइड एवं उनके शिक्षक एक साथ महासंकल्प लेते हुए कहां की पूरे वैशाली जिले को बाल विवाह मुक्त बनाएंगे। वैशाली जिला को बाल विवाह मुक्त करने के इस महा अभियान में भारत स्काउट एवं गाइड वैशाली से जुड़े सभी स्काउट गाइड, स्काउट मास्टर ,गाइड कैप्टन अपने-अपने विद्यालयों एवं विद्यालयों के पोषक क्षेत्र में विगत 1 वर्षों से अभियान चला रहे हैं। इस मौके पर जिले के चयनित सभी 2400 स्काउट गाइड एवं 300 स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन को भारत स्काउट गाइड के सभापति ने सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ जिला संगठन आयुक्त ऋतुराज ने कहा कि बाल विवाह के खिलाफ बोलने और शिक्षा, लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिये अपने प्रभाव का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जा सकता है।स्काउट गाइड हमेशा से सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अभियान में सहयोग करता रहा है। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षक उमेश कुमार प्रसाद सिंह, निरंजन कुमार, सौरभ कुमार ,नरेंद्र प्रसाद सिंह, भूषण भक्त, श्याम किशोर ठाकुर, इमरान हसन अंसारी, मुकेश कुमार, अनु कुमारी, अंजली कुमारी, आरती सिंह, मधुमिता सहित दर्जनों शिक्षकों का अहम योगदान रहा।

## प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रिश्वत लेते आरटीपीएस कर्मी का वीडियो वायरल



प्रात: किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) अंचल में आरटीपीएस काउंटर पर जाति, आय व निवास प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर अवैध रूप से पैसे की मांग किए जाने का मामला सामने आया है। इसमें प्रमाण पत्र बनाने के नाम खुलेआम रिश्वत लेने की वीडियो वायरल हुई है। वायरल वीडियो में आरटीपीएस कर्मचारी खुलेआम एक व्यक्ति से रिश्वत ले रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि प्रातः किरण नही करती है। ये तो जांच का विषय है लेकिन इस तरह की शिकायत बराबर मिलती रहती है। बताया जाता है कि पीड़ित व्यक्ति परेशान होकर यह वीडियो बनाई और उसे वायरल कर दिया।

## महुआ में आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के माहौल में संपन्न हुआ ईद का त्योहार

प्रात: किरण, संवाददाता



महुआ। महुआ में आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के माहौल में एखलास और एहतराम के साथ गुरुवार को ईद का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया।नगर परिषद वार्ड नंबर 23 कब्रिस्तान रोड मे महुआ मुकुंदपुर निवासी समाजसेवी व शिक्षक मास्टर मोहम्मद दिलशेर साहब के आवास पर ईद की मुबारक बाद देने पहुंचे प्रारम्भिक शिक्षक संघ महुआ इकाई के उपाध्यक्ष अमित कुमार, सत्येंद्र कुमार कोषाध्यक्ष राघवेंद्र प्रसाद और शिक्षक साथी ब्रजकिशोर कुमार, अनील कुमार सुमन, अरविन्द कुमार, अमोद पासवान, कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लग्न भारती, वैशाली उच्च माध्यमिक विद्यालय पुस्तकालय अध्यक्ष रविंद्र कुमार, शिवनाथ कुमार, रंजीत कुमार, किशुनदेव पासवान, विपिन कुमार के साथ भारी संख्यामे शिक्षक साथी पहुंच कर ईद की मुबारक बाद दिया।वहीं पूर्व मंत्री हाजीपुर सांसद उम्मीदवार शिवचन्द्र राम अपने समर्थकों के साथ मुबारकबाद देने पहुंचे ।श्री शिवचंद्र राम के साथ महुआ मुकुन्दपुर पैक्स अध्यक्ष उत्कर्ष कुमार उर्फ बच्चा बाबू, सफदर इरशाद, अनील गुप्ता,मोहम्मद सद्दाम, पंकज कुमार, दिनेश कुमार हिमांशु, श्रीकांत कुमार,मोहम्मद अमजद, मो दिलशेर के आवास पहुंच कर मो दिलशेर को गले लगाकर ईद की मुबारक बाद पेश किया और सेवईया खाकर आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। शिवचंद्र राम ने सभी धर्मो के लोगों को आपस मे मिलजुल कर रहने को कहा।वही शिक्षक मो दिलशेर ने इस ईद मुबारक के मौके पर सामाजिक एकता का पैगाम दिया।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर वाहन को थाना पुलिस ने किया जब्त

प्रात: किरण, संवाददाता

- छ्तरपुर नदी घाट से बालू का हो रहा है अवैध उत्खनन, पुलिस को मिली थी गुप्त सूचना

जमुई/गिद्धौर :- लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में तेज हुई गश्ती के दौरान गिद्धौर थाना क्षेत्र के छ्तरपुर नदी घाट से आने वाली सड़क से अवैध बालू लोड कर ले जा रही एक ट्रैक्टर वाहन को गिद्धौर थाना पुलिस ने जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गंगर,छ्तरपुर नदी घाट से बालू अवैध उत्खनन की जानकारी गिद्धौर थाना पुलिस को मिली। जिसको लेकर त्वरित कारवाई करते हुए थानाध्यक्ष रीता कुमारी,अवर निरीक्षक अनुज कुमार एवं पुलिस के जवान छतरपुर नदी से गंगरा चिमनी भट्टा के तरफ से आ रहे अवैध बालू लोड़ ट्रैक्टर को गिद्धौर-झाझा मुख्य मार्ग जाने वाली सड़क पर पुलिस को आता देख ट्रैक्टर वाहन के चालक गाड़ी खड़ी कर भाग गये। वहीं थाना पुलिस द्वारा अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले गिद्धौर थाना ले आयी। इधर गिद्धौर थानाध्यक्ष रीता कुमारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के गंगरा,छ्तरपुर नदी से बालू उत्खनन की जानकारी मिली थी। जिस पर मेरे नेतृत्व में अवर निरीक्षक अनुज कुमार द्वारा अवैध बालू लदे ट्रैक्टर वाहन को जब्त कर थाना लाया गया। वहीं ट्रैक्टर वाहन के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## छात्र-छात्राओं को सीखने की ललक उत्पन्न करने को लेकर किताब,बैग व टीएलएम किट्स का हुआ वितरण

### पठन-पाठन करवाने के लिए शिक्षा विभाग ने नई तकनीक की कवायद शुरू



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर :- बच्चों को समुचित रूप से पठन-पाठन करवाने के लिए शिक्षा विभाग ने नई तकनीक की कवायद आरंभ कर दी है।शिक्षा जगत में से उदाहरणों वह उत्पादकों को जिनकी मदद से बच्चों को पठन-पाठन हो सीखने की ललक पैदा करने की हो इसके लिए प्रखंड के सभी 67 विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक के बीच शिक्षा अधिगम सामग्री किताब,बैग (टीएलएम) किट्स वितरण किया गया।ताकि इन शिक्षण अधिगम सामग्री के माध्यम से विद्यालय में बच्चों को पढ़ाई करने में आसानी हो सके। वही उपरोक्त बाते प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शमशुल होदा ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को किताब बैग, टीएलएम किट्स वितरण करने के उपरांत कही। उन्होने कहा कि प्राथमिक विद्यालय में पठन-पाठन करने वाले नैनिहालों को सीखने की ललक पैदा हो इसके लिए सरकार ने उन बच्चों को किताब,बैग, टीएलएम के माध्यम से कक्षा में बच्चों आसानी से पढ़ाई कर सके और बच्चों को समझने में परेशानियों का सामना करना नही पड़े।इन टीएलएम किट्स में पठन-पाठन के लिए कई तरह के समान दिया गया। वही छात्र-छात्राओं को किताब ,बैग, डायरी, कलम, कलर, बॉक्स सहित कई चीजों दिया गया। मौके पर प्रखंड के 67 विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय परिसर में किताब, बैग कीट दिया गया।

## ढाबा दल ने दुकान से बाल श्रमिक को कराया मुक्त

- दुकानदार पर हुआ प्राथमिकी दर्ज

प्रात: किरण, संवाददाता

राजापाकर। राजापाकर थाना के बराटी थाना अंतर्गत बिदुपुर स्टेशन स्थित में मेसर्स केसरी एण्ड चार्ट कॉर्नर के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के तहत श्रम प्रवर्तन पदाधिकरी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। मालूम हो कि श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बिदुपुर सुबोध कुमार ने श्रम संसाधन विभाग की ओर से गठित जिला स्तरीय बाल श्रमिक उन्मूलन हेतु धाबा दल द्वारा कृत कार्रवाई के तहत बीते दिन बिदुपुर स्टेशन के एक प्रतिष्ठान में कार्यरत बाल श्रमिक को विमुक्त कराया है। विदित हो कि किसी भी नियोजन में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का नियोजन प्रतिबंध घोषित है किया गया है। फिर भी मेसर्स केसरी एण्ड चार्ट कॉर्नर द्वारा 14 वर्ष से कम आयु के बच्चा से कार्य लिया जा रहा था जो संज्ञयअपराध है। श्रम प्रवर्तन पदाधिकरी बिदुपुर ने धारा 3/3 ए (धारा 14 ए) के तहत प्राथमिक की दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग किया है ।इस कार्रवाई से अन्य दुकानदारों में हरकंप मच गया है जो 14 वर्ष से कम बच्चों से कार्य करते हैं।

## माता कूष्माण्डा की पूजा अर्चना की गई

प्रात: किरण, संवाददाता

जंदाहा। पवित्र चैत्र मास में शक्ति की अधिष्ठात्री देवी माता दुर्गा जी की पूजा अर्चना पिछले चार दिनों से शुरू है। नवरात्रा पाठ का नौ दिनों तक चलने वाला अनुष्ठान के आज चौथे दिन माता कूष्माण्डा की पूजा अर्चना श्रद्धालु भक्तों द्वारा पूरे विधि विधान के साथ की गई ।इस महा अवसर पर माता के भक्तों द्वारा अपने घरों पर कलश स्थापित कर विद्वान पंडितो द्वारा पूरे विधि विधान के साथ आदिशक्ति माता दुर्गा जी की पाठ पूरे भक्तिमय वातावरण में कराए जा रहे है।

## सामुदायिक भवन में चल रहा है एसडीपीओ का आवास

प्रात: किरण संवाददाता

महनार। महनार प्रखंड मुख्यालय परिसर में अवस्थित सामुदायिक भवन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का आवास चल रहा है। विदित हो कि महनार के अनुमंडल बने 25 वर्ष हो चुका है किंतु अभी तक मात्र अनुमंडल कार्यालय भवन का ही निर्माण हुआ है और अधिकारियों व कर्मियों के आवास हेतु भवन निर्माण कराने के लिए भूमि का चयन तक नही किया गया है। इस कारण कुछ अधिकारी महनार में ही इधर उधर रहते है और कई अधिकारी व कर्मी हाजीपुर एवं पटना से आना जाना करते है ।इस कारण यह लोग कभी विलम्ब से महनार पहुंचते है तो कभी आते ही नही है ।महनार के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का आवास यहां के सामुदायिक भवन में चल रहा है। डेढ़ कमरा के आवास में इसी तरह एसडीपीओ रहते है एवं इस भवन की चहारदीवारी नही रहने के कारण इसकी सुरक्षा पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है।

# जिले में कलस्टर बनाकर होगी श्री अन्न की खेती

### 1 पंचायत में बनेगा 25 एकड़ का कलस्टर, 160 पंचायतों में बनाया जा रहा कलस्टर





- श्री अन्न (मिलेट्स) की खेती के लिए किसानों को बीज पर मिलेगा अनुदान

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा जिले में श्री अन्न (मिलेट्स) की खेती को लेकर विशेष रूप से जोर दिया जा रहा है। इसको लेकर कृषि विभाग की ओर से किसानों को प्रोत्साहित करने की पहल शुरू कर दी गई है। किसानों को श्री अन्न (मिलेट्स) की खेती के लिए अनुदानित दर पर बीज भी उपलब्ध कराने की योजना कृषि विभाग के द्वारा लाई जा रही है। जिले के 160 पंचायतों में श्री अन्न (मिलेट्स) की खेती के लिए कलस्टर बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। मालूम हो कि जलवायु अनुकूल खेती को लेकर कृषि विभाग की से यह पहल की जा रही है। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मौसम चक्र में हो रहे बदलाव की वजह से खरीफ के मौसम में धान का उत्पादन काफी प्रभावित हो रहा है।ऐसे में किसानों को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। इस वजह से श्री अन्न (मिलेट्स) की खेती विशेष जोर दिया जा रहा है। पोषक तत्वों से भरा है श्री अन्न (मिलेट्स) श्री अन्न (मिलेट्स) पौष्टिकता से भरपूर है। श्री अन्न (मिलेट्स) पौष्टिकता से भरपूर गेहूं और चावल से बेहतर है। प्रोटीन, विटामिन और खनिजों से भरपूर होते हैं।

श्री अन्न (मिलेट्स) फसल वर्षा-सिंचित क्षेत्र में अच्छी तरह से पनपता है। इस फसल को शुष्क जलवायु और पानी, उर्वरकों और कीटनाशकों की काफी कम आवश्यकता होती है। प्रत्येक पंचायत में बनेगा 25 एकड़ का कलस्टर सरकार इस वर्ष श्री अन्न (मिलेट्स) यानी मोटे अनाज की खेती पर जोर दे रही है। मोटे अनाज से होने वाले लाभ को देखते हुए चौथे कृषि रोडमैप में मोटे अनाज को प्रोत्साहित करने की योजना बनाई गई है। मोटे अनाज यानी (मिलेट्स) की खेती कम बारिश वाले क्षेत्रों में आसानी से होती है। इसको लेकर कृषि विभाग के निर्देश पर जिले में खेती का प्लान तैयार किया गया है। पोषक तत्व से भरपूर है श्रीअन्न (मिलेट्स) श्री अन्न (मिलेट्स) यानी मोटा अनाज पोषक तत्व से भरपूर है। मोटे अनाज की खेती में किसानों की लगात काफी कम है।

वहीं आमदनी अधिक है। कृषि विज्ञानियों का कहना है कि श्री अन्न (मिलेट्स) में पोषक तत्व काफी अधिक है। इसमें आयरन, जिंक तथा कैल्शियम जैसे खनिजों का उपयुक्त स्त्रोत है। श्री अन्न (मिलेट्स) ग्लूटेन-मुक्त होता है। बीमार व्यक्ति द्वारा इसका सेवन भी किया जा सकता है। मोटा अनाज के सेवन से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता का भी विकास होता है।

कलस्टर में इन फसलों की होगी खेती श्री अन्न (मिलेट्स) यानी मोटा अनाज खेती अब किसानों के लिए काफी लाभ दायक है। इस फसल का बाजार मूल्य भी काफी अधिक है। वहीं लागत भी काफी कम है। श्री अन्न (मिलेट्स) यानी मोटा अनाज की खेती में ज्वार, बाजरा, मडुआ, रागी, चीना, कोदो, सांवा आदि की खेती पर जारे दिया गया है। आत्मा के उप परियोजना निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि जिले में इस वर्ष खरीफ के मौसम में श्री अन्न (मिलेट्स) यानी मोटा अनाज की खेती पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस फसल की खेती किसानों के लिए काफी लाभदायक है। मोटा अनाज पोषक तत्व से भरपूर है। जिला कृषि पदाधिकारी पूनम कुमारी ने बताया कि मोटा अनाज की खेती प्रत्येक पंचायत में कलस्टर बनाकर की जाएगी। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। किसानों के लिए मोटे आनाज की खेती काफी लाभदायक है। इसकी खेती में काफी कम लगात आता है। वहीं बाजार मूल्य काफी बेहतर है। ऐसे में मोटे अनाज की खेती किसानों आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बेहतर पहल है।

## ईवीएम, वीपीपैड का प्रथम रेंडमाइजेशन का कार्य सम्पन्न

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर वैशाली जिला का आज ईवीएम,विविपैड का प्रथम रेंडमाइजेशन का कार्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और सभी निवार्ची पदाधिकारियों की उपस्थिति में पूर्ण कर ली गई। प्रथम रेंडमाइजेशन में विधानसभा वार ईवीएम आवंटित कर दिए गए हैं। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा, अपर जिला दंडाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, महनार, महुआ, उपनिर्वाचन पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सहित आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी (पारस गुट), लोक जनशक्ति पार्टी (चिराग), राष्ट्रीय जनता दल, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मा ले) के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कोरोना काल में बंद हुए सभी ट्रेनों को चालू कराने की मांग, हो रही यात्रियों व व्यपारियों को परेशानी

प्रात: किरण संवाददाता

भगवानपुर। सोनपुर रेलमंडल के सराय रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल में बंद हुए सभी ट्रेन अभी तक चालू नहीं कराए गए जिससे आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के अध्यक्ष कुणाल कुमार गुप्ता ने डीआरएम सोनपुर को एक आवेदन देते हुए शीघ्र ही बंद पड़े ट्रेनों का परिचालन शूचारु करने की मांग किया है ।मालूम हो कि इससे पूर्व में भी कई बार भारत सरकार के रेल मंत्री एवम स्थानीय सांसद को स्थानीय लोगों ने एक सामूहिक हस्ताक्षरित आवेदन दिया था जिसमें लिखा गया था कि कोरोना काल में बंद पड़े सभी ट्रेनों को शीघ्र चालू कराया जाए, लेकिन आज तक इस संबंध में कोई भी सरकारी अधिकारी और न ही जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट हुआ ,जिससे आम जनों को हाजीपुर मुजफ्फरपुर आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । सराय रेलवे स्टेशन पर मात्र एक ट्रेन अप एवम डाउन रुकती है ।सुबह में डाउन 05212एवम अप में 05253 ही केवल रुकती है। कोरोना काल से पूर्व में ग्वालियर मेल सहित कई एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव होता था जो पूर्णरूप से आज तक बंद है जिससे यात्रियों को सड़क मार्ग का सहारा लेना पर रहा है ।मालूम हो की हाजीपुर संसदीय क्षेत्र की जनता इस लोक सभा चुनाव में इस स्थानीय मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों जमकर खिचतानी करने के मूड में है। मालूम हो की सराय स्टेशन से सटे प्रसिद्ध किराना हाट आम मशाला का बृहद बाजार है जहा विहार ही नही दूसरे प्रदेशों से भी प्रत्येक सोमवार एवम गुरुवार को यहा बाजार करने आते है। यहां के तंबाकू प्रदेश ही नहीं दूसरे दूसरे प्रदेशों में भेजे जाते हैं। यहां के व्यवसाईयों का कहना है कि आवागमन में ट्रेन सुविधा नहीं होने ग्राहकों की हमेशा कमी रहती है। ट्रेन की सुविधा सुचारू होने से ग्राहकों में बताशा वृद्धि हो जाएगी जिससे सारी है के व्यवसाय में दिन पूरा रात चौगुन प्रगति हो जाएगा।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की सुविधा के लिए उपलब्ध हैं कई समर स्पेशल ट्रेनें

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर समर स्पेशल ट्रेन परिचालित की जाएगी । 1.गाड़ी संख्या 03255/03256 पटना-आनंद विहार-पटना समर स्पेशलः 03255 पटना-आनंद विहार समर स्पेशल 14अप्रैल एवं 18अप्रैल को 02 ट्रिप तथा इसके पश्चात 28अप्रैल से 30जून तक प्रत्येक रविवार एवं गुरूवार को पटना से 22.20 बजे खुलकर अगले दिन 15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में 03256 आनंद विहार-पटना समर स्पेशल 15अप्रैल एवं 19अप्रैल को 02 ट्रिप तथा इसके बाद 29अप्रैल से 01जुलाई तक प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आनंद विहार से 23.20 बजे खुलकर अगले दिन 17.20 बजे पटना पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर रूकेगी ।, गाड़ी संख्या 02391/02392 पटना-आनंद विहार-पटना सुपर फास्ट साप्ताहिक समर स्पेशलः 02391 पटना-आनंद विहार समर स्पेशल 13अप्रैल एवं 27अप्रैल को 02 ट्रिप तथा इसके पश्चात 04 मई से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को पटना से 22.20 बजे खुलकर अगले दिन 15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में 02392 आनंद विहार-पटना समर स्पेशल 14अप्रैल एवं 28अप्रैल को 02 ट्रिप तथा इसके पश्चात 05मई से 30जून तक प्रत्येक रविवार को आनंद विहार से 23.20 बजे खुलकर अगले दिन 17.20 बजे पटना पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर रूकेगी ।,गाड़ी संख्या 03257/03258 दानापुर-आनंद विहार-दानापुर सुपर फास्ट साप्ताहिक समर स्पेशलः 03257 दानापुर-आनंद विहार समर स्पेशल 14.अप्रैल एवं 28अप्रैल को 02 ट्रिप तथा इसके पश्चात 05मई से 30जून तक प्रत्येक रविवार को दानापुर से 07.30 बजे खुलकर अगले दिन 00.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में 03258 आनंद विहार-दानापुर समर स्पेशल 15अप्रैल एवं 29अप्रैल को 02 ट्रिप तथा इसके पश्चात 06मई से 01जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को आनंद विहार से 05 बजे खुलकर 20.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर रूकेगी ।, गाड़ी संख्या 03227/03228 आरा-आनंद विहार-आरा समर स्पेशलः 03227 आरा-आनंद विहार समर स्पेशल 15अप्रैल, 17अप्रैल एवं 19अप्रैल को 03 ट्रिप तथा इसके पश्चात 29अप्रैल से 28जून तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को आरा से 15.45 बजे खुलकर अगले दिन 07.15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में 03228 आनंद विहार-आरा समर स्पेशल 16अप्रैल, 18अप्रैल एवं 20अप्रैल को 03 ट्रिप तथा इसके पश्चात 30 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को आनंद विहार से 09.30 बजे खुलकर अगले दिन 04 बजे आरा पहुंचेगी ।,गाड़ी संख्या 05565/05566 सहरसा-सरहिंद-सहरसा साप्ताहिक समर स्पेशलः 05565 सहरसा-सरहिंद समर स्पेशल 18अप्रैल से 27जून तक प्रत्येक गुरूवार को सहरसा से 19.30 बजे खुलकर शनिवार को 00.05 बजे सरहिंद पहुंचेगी ।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## मोदी की गारंटी

मोदी की गारंटी कांग्रेस और राजद वाले इंडी गठबंधन को परेशान कर रही है और कांग्रेस टुकड़े-टुकड़े गैंग की भाषा बोल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर हमला करते हुए नवादा में ये बातें कही। अपने तीसरे कार्यकाल में कई और गारंटी आने की बात कहने वाले मोदी ने गांव की तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने व ड्रोन पायलट बनाने की योजना दोहराई। पीएम सूर्य पर चालू की गई अपनी मुफ्त बिजली योजना द्वारा गरीबों व मध्यवर्ग का बिजली बिल शून्य होने की बात भी की। मैं देशवासियों को मेहनत करने की गारंटी देता हूं, 24 घंटे काम करूंगा तो क्या यह गुनाह है। मोदी की नीयत साफ है, इसलिए गारंटी देता है, लेकिन अहंकार में डूबे इंडी गठबंधन वाले अपने को देश का स्थायी शासक समझने लगे हैं। हालांकि मोदी के इस भाषण के बाद बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मोदी की गारंटी को चायनीज बताया। साथ ही कांग्रेस के खातों को बंद करने पर भी सवाल उठाया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रक्रिया दी कि चुनाव परिणामोंके बाद मोदी को लंबी छुट्टी पर जाना पड़ेगा। कहने को तो इन आरोपों प्रत्यारोपों को चुनावी कहा जा सकता है। मगर यह हकीकत है कि मोदी सरकार अपने पिछले दोनों कार्यकालों की विभिन्न योजनाओं का प्रचार निरंतर करती है। मोदी ने खुद को किसी ब्रांड की तरह स्थापित ही नहीं किया है बल्कि इस प्रचार को लगातार गंभीरतापूर्वक प्रसारित भी किया जाता रहा है। मुफ्त योजनाओं के बल पर मतदाताओं को लुभाने का यह कोई नायाब तरीका नहीं है। साल दर साल इसमें इजाफा ही होता जा रहा है। शिक्षा, सेहत, रोजगार और पर्यावरण जैसी बुनियादी बातों की बजाए लोक-लुभावन वायदों के बल पर मतदाताओं को फौरी तौर पर प्रभावित करना लंबे समय के लिए बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता। निःसंदेह मोदी बगैर किसी अवकाश के लगातार काम करते हैं। साथ ही चौकन्ने रहते हैं और अपनी बातों से जनता को प्रभावित करने का गुर उन्हें भली-भांति आता है। जैसा कि राम मंदिर बनाने की बात दोहरा कर वे बार-बार अपने वायदे निभाने के अंदाज को दोहरा कर जनता को आस्त करते भी नजर आते हैं। यह तो आने वाला वक्त ही बताइगा कि उनके पिछले वायदों के भरोसे रहा मतदाता इन नये वायदों पर कितना विश्वास करता है।

## विपक्षी गठबंधन और कांग्रेस की प्रासंगिकता

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों में जो सर्वाधिक व्याकुल प्राणी थे, उनमें से चार शिखर पर थे। नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, सोनिया गांधी और कम्युनिस्ट। प्रश्न पूछा जा सकता है कि मैंने अन्य दलों का नाम न लिख कर, उन दलों के प्रमुख व्यक्ति का नाम लिखा है, लेकिन कम्युनिस्टों के मामले में व्यक्ति का नाम न लिख कर केवल कम्युनिस्ट शब्द का प्रयोग क्यों किया है। उसका कारण है। हमारे भारत में कम्युनिस्ट सदा किसी शरीर की तलाश में रहते हैं। जब कम्युनिस्ट अपने शरीर में प्रकट होते हैं तो भारत के लोग उन्हें तुरंत पहचान लेते हैं और नकार देते हैं। इसलिए वे निरंतर किसी दूसरे शरीर, जिंदा या मुर्दा, की तलाश में रहते हैं और अपनी सुविधानुसार उसे पा भी लेते हैं। उनकी ऐसी पृष्ठभूमि में उनके किसी शीर्ष पुरुष का नाम पहचान पाना या तलाश करना बहुत मुश्किल है। उनके शीर्ष पुरुष आपस में इतने मिलेजुले हैं कि किसी को पहचान पाना ही मुश्किल है। इसलिए मैंने किसी व्यक्ति विशेष का नाम न लिख कर नंगा चिट्टा कम्युनिस्ट शब्द का प्रयोग ही किया है। अब आगे बढ़ा जाए। लेकिन हमारे आगे बढे से पहले ही नीतीश कुमार इंडी मोहल्ला छोड़ कर वापस अपने घर लौट गए हैं। ममता बनर्जी हैं अभी भी इंडी मोहल्ला में ही, लेकिन उस मोहल्ला के बाकी लोगों से उन्होंने बोलचाल बंद कर दी है।

उनकी पार्टी ने पश्चिम बंगाल की सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े कर दिए हैं। लेकिन वैसे वे बराबर कह रही हैं कि वे इंडी के साथ मजबूती से खड़ी हैं और बंगाल को छोड़ कर बाकी सभी जगह उसका समर्थन कर रही हैं। लेकिन सोनिया गांधी इतना तो जानती हैं कि उनकी पार्टी को यदि ममता बनर्जी की जरूरत थी तो केवल बंगाल में थी। शेष भारत में, सोनिया गांधी तो क्या, ममता बनर्जी खुद भी जानती हैं कि उनकी हैसियत ही नहीं है। एक दूसरी पार्टी है जो इंडी गठबंधन में सर्वत्र विद्यमान है, लेकिन दिखाई नहीं देती। यह पार्टी अब भारत में अशरीरी हो गई है। उसका नाम मुस्लिम लीग है। यह कांग्रेस के पैदा होने के कुछ साल बाद 1905 में पैदा हुई थी। कहा जाता है कि अंग्रेजों ने इस पार्टी को पैदा करने के लिए ही बंगाल का विभाजन किया था। मुस्लिम लीग को पैदा करने के बाद बंगाल विभाजन को भी खत्म कर दिया था। 1916 में कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने अंग्रेजों से भारत के मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचन मंडल की मांग की थी। बाद में संबंध बनते बिगड़ते गए, लेकिन कांग्रेस ने 1947 में अपनी कार्यसमिति की अंतिम बैठक में मुस्लिम लीग की भारत विभाजन की मांग का समर्थन करने के लिए भारत विभाजन का प्रस्ताव पारित किया था। भारत विभाजन के बाद जब बचे-खुचे भारत में मुस्लिम लीग के लिए रहना मुश्किल हो गया, तो उसने अपनी शक्ल में प्लास्टिक सर्जरी करवा कर रूप बदल लिया था। उससे चेहरा तो बदल गया था, लेकिन भारत के लोग उनकी आवाज अच्छी तरह पहचानते ही हैं।

इसलिए वे बराबर चिल्ला रहे हैं। यह बदल रहे चेहरे से घूम रही वही मुस्लिम लीग है जिसने भारत का विभाजन करवाया था। लेकिन सोनिया जी का कहना है कि यह पुराने वाली मुस्लिम लीग नहीं है। यह नई ताजा मुस्लिम लीग है जिसका पुरानी मुस्लिम लीग से कोई ताल्लुक नहीं है। पता चला है कि कुछ पुराने कांग्रेसियों ने कान में बताया भी कि मैडम, आपको पुरानी वाली का पता नहीं है, क्योंकि आपकी पृष्ठभूमि इटली की है। यह मुस्लिम लीग शत प्रतिशत पुराने वाली मुस्लिम लीग ही है। लेकिन सोनिया गांधी नहीं मानी। वह उसी को सच मानती हैं जो राहुल-प्रियंका-राबर्ट वाड्रा बताते हैं। अब यह नई वाली मुस्लिम इंडी का हिस्सा है। उसका परिणाम भी सामने आने लगा है। सोनिया जी की पार्टी ने अपना जो चुनाव घोषणा पत्र जारी किया है, यदि उसको ध्यान से पढ़ा जाए, जिससे अंग्रेजी वाले टू रीड बिटवीन दी लाईन्ज कहते हैं, तो वह काफी हद तक 1947 से पहले का मुस्लिम लीग के चुनाव घोषणा पत्र का नया संस्करण लग रहा है।

अब तवलीन सिंह का कहना है कि आधा हिस्सा कम्युनिस्ट पार्टी का ही है। सोनिया गांधी जी की एक दूसरी समस्या भी है। वह मुस्लिम लीग का समर्थन तो लेना चाहती हैं, लेकिन यह नहीं चाहती कि लोग इसको जान लें। वैसे पूछा जा सकता है कि गुड़ तो खाएं, लेकिन गुलगुलों से परहेज की इस नीति का कारण क्या है। जब अपने चुनाव घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र समेट लिया, अयोध्या में राम मंदिर में आने के निमंत्रण को सार्वजनिक रूप से ठुकरा दिया और मुस्लिम लीग को मंच पर भी बिठा लिया तो अब बचा क्या है? फिर यह हिचकिचाहट कैसी? यह संकट केरल के वायनाड में आया। राहुल गांधी अब उत्तर प्रदेश को छोड़ कर केरल चले गए हैं। केरल में भी मुस्लिम बहुल क्षेत्र वायनाड को उन्होंने अपने लिए चुना है। सारे देश में उन्हें लोकसभा में जाने के लिए अपनी पार्टी की विचारधारा और उसके अनुरूप मित्रों के कारण वायनाड ही सुरक्षित लगता है। यह पांच साल पहले ही स्पष्ट हो गया था जब राहुल गांधी को उत्तर प्रदेश की जनता ने अमेठी में ठुकरा दिया था और वायनाड ने उन्हें संकट के उस काल में सुरक्षा चक्र प्रदान किया था। तब बहुत से राजनीतिक विश्लेषक मानने लगे थे कि राहुल गांधी अब पांच साल मेहनत करके उत्तर प्रदेश के लोगों का विश्वास जीतेंगे। लेकिन शायद सोनिया परिवार ने यह लंबा रास्ता अख्तियार करने की बजाय वायनाड का सुरक्षा चक्र लेना ही उचित समझा। लेकिन इस बार एक झंझट हो गया। राहुल गांधी दिल्ली से वायनाड तक की लंबी दूरी तय करके लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने वायनाड पहुंचे, तो स्वाभाविक ही मन में आया होगा कि शक्ति प्रदर्शन के लिए रोड शो भी कर लिया जाए। कांग्रेस पार्टी के झंडे बड़ी संख्या में तैयार कर लिए गए। स्वाभाविक है जो मुस्लिम लीग उनको सुरक्षा चक्र प्रदान करती है, उन्होंने शर्त लगा दी कि रोड शो में उनके झंडे भी बराबर लगेंगे। यह राहुल गांधी को स्वीकार नहीं था।

यदि रोड शो हुआ तो मुस्लिम लीग के झंडों के साथ ही। तब कांग्रेस ने इटली के मैकियावली को याद किया होगा। मध्य मार्ग। झंडा न कांग्रेस का लगेगा और न ही मुस्लिम लीग का। देश में शायद कांग्रेस का पहला रोड शो था जिसमें कांग्रेस के झंडों को ही मुस्लिम लीग को प्रसन्न करने के लिए, कांग्रेस के लिए ही हानिकारक मान लिया गया। लेकिन कांग्रेस की समस्याओं का हल केवल मुस्लिम लीग को प्रसन्न कर ही तो होने वाला नहीं लगता। मुस्लिम लीग खुश हुई, तो कम्युनिस्ट बोले। जैसा कि पहले ही मैंने लिखा है कम्युनिस्ट दो रूपों में हैं। पहला रूप वह जो कांग्रेस के शरीर के बीच ही घुस कर बैठा है।

## भोजपुरी में ऐसी कथा की शैली में गद्य एक लंबे अरसे के बाद लिखी गई है।




समीक्षक- डा. सर्वेश तिवारी

केशव भारद्वाज की कहानी रेडलाइट, ब्रिटिश औपनिवेशिक देशों में माननीय त्रासदी की एक ऐतिहासिक दस्तावेज है. नायक, कंपाला के प्रसिद्ध जामग्रस्त रेडलाइट पर अवस्थित मुलागो अस्पताल को स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति आस्था, त्याग और समर्पण की स्थली के रूप में देखता है. छोटी परंतु बेहद मार्मिक इस कहानी में केशव ने मानवीय जीजिविषा के सारे रंग बिखेर दिये हैं। पुलिसिया प्रशिक्षण प्राप्त नायक भारत से कोसों दूर अफ्रीकी समाज की विसंगतियों पर नजर फेरते गाहे-बगाहे उसे भारतीय समाज के मूल्यों व संस्कारों से जोड़ते भी रहते हैं. अपने निवास के निकट प्राचीन गणेश मंदिर समेत प्रवासी भारतीयों के संगत पाकर उद्वेलित भी हो जाते हैं. आधुनिकता संग पारम्परिकता के सुंदर मेल को चकाचौंध करने वाले नाइट कल्बों तथा विश्व में उन्मूलित मलेरिया से मरते लोगों को भी देखते हैं. भारत तथा युगांडा के सामाजिक सार्वभौमिक तत्त्वों की खोज नायक का पसंदीदा विषय है. कहानी हमें दूसरे विश्व युद्ध के दौरान वर्मा के प्रसिद्ध प्रधानमंत्री यू शॉ का ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध ताकतवर अभियान तथा उन्हें युद्धबंदी बनाए जाने की मार्मिक कथा से भी परिचित कराता है। कहानी के मध्य में जामग्रस्त ट्रैफिक रेडलाइट पर नायक का प्रतिदिन रुकना, भारत की तरह ही चौराहे पर लगे स्थानीय वस्तुओं के हाट-बाजार की गहमा गहमी को देखना, उसका पसंदीदा जीवनचर्या बन जाता है. रेडलाइट पर रसीले आम की टोकरी के बोझ से दबी कंपाला की आकर्षक युवती के यौवन का रूप आस्वादन जहाँ पुरुष तत्त्व की सहज चाहत को दशार्ता है वहीं उसके आरोग्य की पूछताछ करना और उसके आम की टोकरी की कीमतों पर तोल मोल करने की आदत के प्रति खेद प्रकट करना, मानव मूल्यों का उदात्त रूप है.

केशव ने अपनी कहानी के जरिए मुलागो अस्पताल को ऐतिहासिक महत्त्व का विषय बना दिया जो विश्व कथा साहित्य में एक रूपक बन गया. यह अस्पताल, पेरिस के उस प्रसिद्ध कब्रिस्तान की तरह है जो फ्रांसीसी राज्य क्रांति के अधिनायकों के साथ विश्व प्रसिद्ध विचारकों, दार्शनिकों तथा आंदोलनकारियों की कब्र से पटा है. मुलागो अस्पताल, दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान ब्रिटिश दमनकारी शक्ति द्वारा माल्टा से लाए सैंतालीस युद्धबंदियों को युगांडा के बाम्बो बैरक में रखा, जहाँ वे मलेरिया के शिकार हुए और अंततः मुलागो अस्पताल पहुँच अपने प्राण न्यौछावर किए. रेडलाईट कहानी अस्पताल के जरिए भारत से लेकर अफ्रीका तक की जनता को अपने पूर्वज स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग को स्मरण करने और उनके प्रति समर्पण की भाव रखने को मजबूर करता है । इसके अलावा, गोलकी फ्रेम के चश्मा कहानी में बेतिया शहर की सारी पुरानी बातें सिनेमा के रील के जैसे घूम रही होती है. महारानी जानकी कुंवर कालेज के स्थापना के पीछे की वजह की बात अद्भुत ढंग से दशार्या गया है. जार्ज आरवेल, प्रकाश झा और मनोज वाजपेई को भी एक ही कहानी में भाव के प्रवाह में उकेरा गया है. अभी भी उस शहर के लोगों को शहर से जुड़ी कई बातों की जानकारी नहीं है. ऐसे लोगों के लिए यह किताब बहुत ही रूचिकर साबित होगा. खास बात यह है कि इसको पढते समय ऐसा लगा जैसे कोई स्थापित लेखक का साहित्य पढ़ा जा रहा है. फैसला और खिलौना महिला शक्ति को दशार्ते हुये जबरदस्त बुनी हुई है.

कल्पवास में प्रयाग का बेबाक और बेजोड़ वर्णन है. इस किताब को हर उस व्यक्ति को जरुर पढना चाहिये, जो उस काल खंड का है या फिर उस कालखंड को जीना चाहता है. हर रचना में जीवंतता इतनी है कि पाठक अपने आप को इस किताब में वर्णित एक पात्र से अपने आपको जोड़ लेता है. इस किताब की हर कहानी बढिया, जीवंत, मेरे-आपके, हर गांव-घर-शहर की लगती है।




## कानूनी सख्ती के बावजूद क्यों पनप रही है बाल-तस्करी

दिल्ली की बच्चा मंडी के शर्मनाक एवं खौफनाक घटनाक्रम का पदार्पाश होना, अमानवीतया एवं संवेदनहीनता की चरम पराकाष्ठा है। जिसने अनेक ज्वलंत सवालों को खड़ा किया है। आखिर मनुष्य क्यों बन रहा है इतना क्रूर, अनैतिक एवं अमानवीय? सचमुच पैसे का नशा जब, जहां, जिसके भी सर चढ़ता है वह इंसान शैतान बन जाता है। दिल्ली के केशवपुरम इलाके में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छापेमारी कर ऐसे ही शैतानों के कुकृत्यों का भंडाफोड किया और एक महिला समेत सात लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया, इसके साथ ही तीन नवजात शिशुओं को उनके चंगुल से बचाया। आरोपियों में एक अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर को इस धंधे का मास्टर माइंड माना जा रहा है। न केवल दिल्ली वालों के लिए बल्कि देशवासियों के लिए यह खबर चिंता पैदा करने वाली ही नहीं है, बल्कि खौफ पैदा करने वाली भी है। दिल दहाले देने वाली इस घटना में सीबीआई की अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के माध्यम से बच्चे गोद लेने के इच्छुक निसंतान दंपतियों से जुड़ते थे। आरोपी कथित तौर पर वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सेरोगेट माताओं से भी नवजात बच्चे खरीदते थे। इन नवजात बच्चों को चार से छह लाख रुपए में बेच दिया जाता था। जांच से जुड़े सीबीआई अधिकारियों के अनुसार एजेंसी की गिरफ्त में आए आरोपी बच्चों को गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कराते थे। आरोपी कई निसंतान दंपतियों से लाखों रुपए की ठगी करने में भी संलिप्त हैं। इस गिरोह के तार कहां-कहां हैं इसकी भी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं।





ललित गर्ग
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

देश की राजधानी दिल्ली में तमाम जांच एजेंसियों की नाक के नीचे नवजात बच्चों की खरीद-फरोश्त की मंडी चल रही थी जहां दूधमुंहे एवं मासूम बच्चों को खरीदने-बेचने का धंधा चल रहा था। दिल्ली की बच्चा मंडी के शर्मनाक एवं खौफनाक घटनाक्रम का पदार्पाश होना, अमानवीतया एवं संवेदनहीनता की चरम पराकाष्ठा है। जिसने अनेक ज्वलंत सवालों को खड़ा किया है। आखिर मनुष्य क्यों बन रहा है इतना क्रूर, अनैतिक एवं अमानवीय? सचमुच पैसे का नशा जब, जहां, जिसके भी सर चढ़ता है वह इंसान शैतान बन जाता है। दिल्ली के केशवपुरम इलाके में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) ने छापेमारी कर ऐसे ही शैतानों के कुकृत्यों का भंडाफोड किया और एक महिला समेत सात लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया, इसके साथ ही तीन नवजात शिशुओं को उनके चंगुल से बचाया। आरोपियों में एक अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर को इस धंधे का मास्टर माइंड माना जा रहा है। न केवल दिल्ली वालों के लिए बल्कि देशवासियों के लिए यह खबर चिंता पैदा करने वाली ही नहीं है, बल्कि खौफ पैदा करने वाली भी है।

दिल दहाले देने वाली इस घटना में सीबीआई की अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के माध्यम से बच्चे गोद लेने के इच्छुक निसंतान दंपतियों से जुड़ते थे। आरोपी कथित तौर पर वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सेरोगेट माताओं से भी नवजात बच्चे खरीदते थे। इन नवजात बच्चों को चार से छह लाख रुपए में बेच दिया जाता था। जांच से जुड़े सीबीआई अधिकारियों के अनुसार एजेंसी की गिरफ्त में आए आरोपी बच्चों को गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कराते थे। आरोपी कई निसंतान दंपतियों से लाखों रुपए की ठगी करने में भी संलिप्त हैं। इस गिरोह के तार कहां-कहां हैं इसकी भी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। यह गिरोह आईवीएफ के माध्यम से युवतियों को गर्भधारण कराता था फिर इन शिशुओं को बेचता था। गरीब माता-पिता से भी बच्चे खरीदे जाते थे। बच्चों की खरीद-फरोख्त और बच्चों की तस्करी एक ऐसी समस्या है जिस पर तभी ध्यान जाता है जब कोई सनसनीखेज खबर सामने आती है।

अर्थ की अंधी दौड़ में इंसान कितने क्रूर एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम देने लगा है कि चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे हैं। नीति एवं निष्ठा के केन्द्र बदलने लगे हैं। मानवीयता एवं नैतिकता की नींव कमजोर होने लगी है। आदमी इतना खुदगर्ज बन जाता है कि उसकी सारी संवेदनाएं सूख जाती है। बाल तस्करी के खिलाफ कई सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद भारत में यह समस्या नासूर बनती जा रही है। नवजात बच्चे चुराने वाले गिरोह के पदार्फाश से फिर यह तथ्य उभरा है कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों में कानून का कोई खौफ नहीं है। बच्चों की तस्करी पर भारी जुमार्ने के साथ उम्रकैद तक का प्रावधान होने के बावजूद यह कड़वी हकीकत है कि ऐसे दस फीसदी से भी कम मामले दोषियों को सजा तक पहुंच पाते हैं। मुकदमों की पैरवी सही तरीके से नहीं होने के कारण अपराधी बच निकलते हैं और वे फिर बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोश्त में लिप्त हो जाते हैं।

बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोश्त के अनेक कारण हैं। निसंतान दंपतियों द्वारा बच्चों को खरीदना एकमात्र कारण नहीं है बल्कि गरीबी, अशिक्षा, आर्थिक विषमता, सुविधावादी जीवनशैली, भौतिकवाद, बच्चों की अधिक संख्या, बेरोजगारी भी बड़ा कारण है। पैसे की अपसंस्कृति ने अपराधों को अनियंत्रित किया है। पैसे कमाने के लिए कई लोग बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोश्त के व्यापार में लग गए हैं। वो गरीब लोगों को बहकाकर उनके बच्चों को काम दिलवाने का झांसा देकर शहर ले जाते हैं फिर शहर में जाकर उन बच्चों को बेचा जाता है फिर शुरू होता है बच्चों के शोषण का अंतहीन सिलसिला। जो बच्चे खो जाते हैं उनको अपराधी अगवा कर बेच देते हैं। लड़कियों को देह व्यापार के लिए विवश किया जाता है। हजारों बच्चों को फैक्ट्रियों में बंधुआ मजदूर बना दिया जाता है। 16-16 घंटे काम कराके इन को भर पेट खाना भी नसीब नहीं होता। इन सब कारणों से देश का बचपन कराह रहा है।

देश में युवाओं के एक वर्ग की सोच में बदलाव भी परोक्ष रूप से बाल-तस्करी को बढ़ावा दे रहा है। एक सर्वे में खुलासा हुआ था कि भारत के नौ फीसदी युवा शादी तो करना चाहते हैं लेकिन बच्चे नहीं पैदा करना चाहते। संतान सुख के लिए उन्हें बच्चे खरीदने से परहेज नहीं है। हैरत की बात यह है कि देश के ढाई करोड़ से ज्यादा अनाथ बच्चों में से किसी को गोद लेने का विकल्प होने के बावजूद ऐसे युवा कई बार बाल तस्करी करने वालों से संपर्क तक साध लेते हैं। बाल-तस्करी भारत की एक उभरती एवं ज्वलंत समस्या है। यह केवल भारत की ही नहीं, दुनिया की बड़ी समस्या है। पिछले साल एक एनजीओ की रिपोर्ट में बताया गया था कि 2016 से 2022 के बीच बाल तस्करी के सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए, जबकि आंध्र प्रदेश और बिहार क्रमशः दूसरे, तीसरे नंबर पर थे। इस अवधि में मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना में भी कई मामले दर्ज हुए। कोरोना काल के बाद दिल्ली में बाल तस्करी के मामलों में 68 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। यह भी देखने में आया कि जिलों की बाल तस्करी से जुड़े मामलों में जयपुर पहले स्थान पर रहा। पिछले साल संसद में पेश राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2021 में हर दिन औसतन आठ बच्चों की तस्करी हुई। देश के ही भीतर यह तस्करी होती है लेकिन संगठित गिरोह कुछ बच्चों की खाड़ी और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में भी तस्करी करते हैं। एनसीआरबी के मुताबिक 2019 से 2021 के बीच देश में 18 साल से कम उम्र की 2.51 लाख लड़कियां लापता हुई। इनमें से ज्यादातर मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और ओडिशा की थी। बचपन अगर बाल तस्करी के बीच फंसकर रह जाए तो बच्चा अपने बचपन, क्षमता और मानवीय गरिमा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास से भी वंचित रह जाता है। गौरतलब है कि बच्चों के घरेलू काम, विभिन्न क्षेत्रों में बाल श्रम, भीख मांगना, अंग तस्करी और व्यावसायिक यौनकर्म जैसी अवैध गतिविधियां बाल तस्करी की कोख से ही जन्म लेती हैं। सरकार और समाज को इससे मिलकर निपटना होगा। इस समस्या की जड़ में गरीबी भी है। इसे ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यावहारिक और ठोस नीति बनाई जानी चाहिए कि बाल तस्करी के समूल उन्मूलन की जमीन तैयार हो सके।

इसे देश की विडंबना कहें या दुर्भाग्य कि आज बहुत से अजन्मे मासूम तो मां के गर्भ में आते ही जीवन-मृत्यु से जूझने लगते हैं। जन्म लेने के बाद इस देश में बच्चों को बेच दिया जाता है या ऐसे बच्चों का एक बहुत बड़ा वर्ग चौराहों, रेलवे स्टेशन, गली-मोहल्ले में भीख मांगता मिल जाएगा। बहुत सारे बच्चों का बचपन होटलों पर काम करते या जूठे बर्तन धोते हुए या फिर काल कोठरियों में जीवन बिताते हुए कट जाता है। यों भी कह सकते हैं कि उनका जीवन आज अंधेरे में कट रहा है, दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत का बचपन आर्थिक कारणों से घायल है। बच्चे को बेचे और खरीदे जाने में जितने लोग, जिस तरह शामिल होते थे, वह नये बनते भारत के भाल पर एक बदनुमा दाग है। क्यों कानून का डर ऐसे अपराधियों को नहीं होता? क्यों सरकारी एजेंसियों की सख्ती भी काम नहीं आ रही है और लगातार ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यहां प्रश्न कार्रवाई का नहीं है, प्रश्न है कि ऐसी विकृत एवं अमानवीय सोच क्यों पनप रही है?

## लोक देवता बाबा विशु राउत की धरती पचरासी स्थल-जहाँ बहती है दूध की सरिता

संजय कुमार सुमन

मधेपुरा जिले के चौसा प्रखंड मुख्यालय से आठ किलोमीटर दक्षिण पचरासी स्थल पर अवस्थित लोक देवता बाबा विशु राउत मंदिर न केवल अपने धार्मिक महत्व के कारण सैकड़ों वर्षो से जाना जाता है,बल्कि साम्प्रदायिक सौहार्द,सामाजिक समरसता तथा गरिमा पूर्ण सभ्यता एवं संस्कृति का भी परिचायक है। प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को वैरागन मेला में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ यहां दुधाभिषेक किया जाता है। प्रत्येक वर्ष मेष सतुऔ सक्रांति के अवसर पर 14 अप्रैल से चार दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में विभिन्न राज्यों एवं जिलों से आये पशुपालक भक्तो द्वारा बाबा विशु राउत की प्रतिमा पर दुधाभिषेक किया जाता है। पशुपालक भक्तों द्वारा चढ़ाये गये दूध की यहां सरिता बहती है।

प्रचलित किंवदंतियों के अनुसार मुगल बादशाह रंगीला के 1719 ई0 के समकालीन भागलपुर जिले के सबौर में बालजीत गोप के घर विशु राउत का जन्म हुआ। विशु तीन भाई बहन थे। विशु का लालन पालन सबौर में हुआ। वे जब 13 वर्ष के थे तभी इनका विवाह रूपवती नामक कन्या से नवगछिया के सिमरा गांव में हुआ था। पिता के निधन के बाद गृहस्थी का सारा काम विशु के कंधों पर आ गया। चैत माह में चारा नहीं मिलने पर वे काफी परेशान होने लगे। उसी समय अपनी पांच रास गाय को लेकर गंगा पार करके चौसा के लौआलगान के वीचन वन में अपना बथान स्थापित किया जो बाद में ह्यपचरासी स्थलह्ण के नाम से चर्चित हुआ। यहां चारे की कमी नहीं थी। विशु के बथान के बगल में घघरी नदी में मोहन गोढी मछली माही करता था जिससे इनकी दोस्ती हो गई। कालान्तर में विशु द्वारा लाये गये गायों की संख्या नब्बे लाख हो गई। सभी गायों को वह मोहन के जलकर में ही पानी पिलाया करता था। जब विशु 20 वर्ष का हुआ तब इनके घर सबौर से द्विरागमन(गौना)कराने की खबर मिली। विशु जाने के पहले गायों की जिम्मेवारी अपने छोटे भाई अवधा एवं चरवाहा नन्हुवा को सौंप दिया। इधर विशु के दोस्त मोहन ने बथान पर आकर अवधा एवं चरवाहा नन्हुवा से कहा कि कल मेष सतुआ संक्रांति का पर्व है। अपने सभी प्रियजनों को घघरी घाट पर छांकी पीने का निमंत्रण दिया है। इसके लिए दूध चाहिए। दोनों को डरा-धमका कर मोहन ने सभी गायों के बछड़ों को खूटें में बांध दिया और नहीं खोलने की हिदायत देकर चला गया। सभी बछड़े भूख से छटपटाने लगे। गायों की दुर्दशा को देखकर अवधा एवं नन्हुवा विलख-विलख कर रोने लगे। वे अपने मालिक को गायों की सुरक्षा हेतु पुकारने लगे। गहैली माता के दैविक चमत्कार से स्वस्थ हुए गाय एवं बछड़े कहा जाता है कि मां गहैली ने विशु को स्वप्न दिया कि ह्यतू यहां अपनी पत्नी के साथ है और वहां बथान पर तुम्हारे प्रिय पशु बेमौत मारे जा रहे हैं। तू अभी जा और अपने पशुओं की रक्षा कर ह्ण विशु अपनी पत्नी को सोते छोड़ निस्तब्ध रात्रि में पचरासी स्थल पहुंचे। नन्हुवा ने अपने मालिक से लिपट-लिपट कर मोहन की काली करतूतों से उन्हें अवगत कराया। पशुओं की हालत देखकर उन्होनें गहैली माता को स्मरण किया। गहैली माता के दैविक चमत्कार से गाय एवं बछड़े स्वस्थ होकर चलने लगे। विशु





रात भर चलने के कारण बथान पर जाकर सो गये। मोहन अपने साथियों के साथ बथान पर आया और सभी गाय-बछड़े को खुला देख कर आग बबूला हो गया। मोहन और चरवाहा नन्हुवा के बीच मारपीट होने लगा। मोहन के चिल्लाने पर विशु ने छोड़ देने का आदेश दिया। मोहन लंगराते-लंगराते अपने घर लौआलगान पहुंचा और सारी बात अपनी मां बहुरा योगिन को बताया जो जादूगरनी थी। चरवाहों के लोकदेवता हैं बाबा विशुराउत

प्रचलित किंवदंतियों के अनुसार मोहन की मां ने आवेश में आकर मां बागेश्वरी को स्मरण किया। बहुरा ने जादू से एक बाघ को विशु के बथान पर भेजा। संयोग से विशु उस समय गहरी नींद में सो रहे थे। करूणा जो धाकड़ था,बाघ को देखते ही उससे भिड़ गया। बाघ करूणा को मार कर विशु के जगने का इंतजार करने लगा। जब विशु जगा तो करूणा को मरा देखकर बहुत दुःखी हुआ और लाठी से बाघ को मार कर घघरी नदी में फेंक दिया। घघरी नदी में मृत बाघ को धारा के साथ बहते हुए देखकर बहुरा योगिन तिलमिला उठी। मृत बाघ की पत्नी को धिककारते हुए बोली तू भी जाओ,जिस तरह तुम्हें विधवा बनाया है उसी तरह विशु की पत्नी को भी विधवा बना दो। इतना सुनते ही बाघिन विशु के बथान पर जाकर ललकारने लगी। लेकिन विशु ने बाघिन से कहा कि वह औरत जाति का सम्मान करता है। इसलिए वह उसकी हत्या कर अपने पति का बदला चुका लें। इतना कहकर विशु उत्तर -दक्षिण दिशा में सो गये और कुल देवी गहैली माता का स्मरण करते हुए अपने प्राण त्याग दिये। उसी समय नब्बे लाख गायें डकारती हुई विशु के पार्थिव शरीर के पास पहुंची और उनके शव को चारों आकर से घेर लिया। सभी गायें अपने स्तनों से दूध की अविरल धारा बहाने लगी,जो नदी की धारा में परिवर्तित हो गयी।

## संक्षिप्त खबरें

### बंधन बैंक फिल्ड कर्मी से उच्चकों ने लैपटॉप सहित 77 हजार उड़ाई

बनियापुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के भिट्ठी बजार गाव मे वसूली करने गए बंधन बैंक के फिल्ड कर्मी से उच्चकों ने लैपटॉप सहित 77 ,845 रुपया झपट कर फरार हो गए, मामले मे पीड़ित द्वारा प्राथमिकी दर्ज क र अज्ञात को नामजद किया गया है। घटना के संबंध मे पीड़ित अवतार नगर थाना के रामपुर गाव निवासी अमन कुमार सिंह ने बताया कि वसूली के क्रम मे भिट्ठी बजार मीना देवी के घर के पास पहुंचा तभी दो उच्चको ने पीछे से बैग मे रखे लैपटाप और 77845 रुपया लेकर फरार हो गए, मामले मे पुलिस प्राथमिकी के बाद अनुसंधान मे जुटी है।

### बालू लदा ट्रेक्टर ने थानाध्यक्ष,पुलिस कर्मी को मारी धक्का, चालक फरार

बनियापुर ।बनियापुर के चेक पोस्ट पैगंबरपुर के समीप छपरा की तरफ से तेज गति से बालू लदा ट्रेक्टर ने पुलिस वाहन देख भागने लगा जिसमे थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार एव पुलिस कर्मी जख्मी हो गए, जिस घटना को अंजाम देते ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर को स्टार्ट पॉजिशन मे छोड़कर फरार हो गया,जिसके बाद स्थानीय लोगी द्वारा ट्रेक्टर बंद किया गया,जख्मी पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मी इलाज के बाद घटना स्थल पर पहुंचे जहा फरार चालक के साथी का एक बाईक भी जप्त किया गया,जिस घटना मे लापरवाही एव तेजी से पुलिस पदाधिकारी,पुलिस कर्मी तथा स्थानीय लोगो का जान मारने की नियत से टेक्टर चालक द्वारा अंजाम दिए गए,वही घटना स्थल पर अरविन्द जेनरल स्टोर के हजारों माजा स्प्राइट बर्बाद हुए है, घटना की प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी,वही बालू लदे ट्रेक्टर को जप्त कर करवाई की जा रही है।

### छात्रा के अपहरण मामलें में दो पर दर्ज हुई प्राथमिकी

तरैया। थाना क्षेत्र के डुमरी छपिया गांव में ट्यूशन पढ़ने गई एक छात्रा के अपहरण कर लेने का मामला प्रकाश में आया है ।जिसके आलोक में छात्रा के पिता ने तरैया थाने में दो लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई है ।जिसमे शिवहर जिले के तरियानी थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी टुनटुन कुमार सिंह व मंजू देवी को आरोपित किया गया है ।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि हमलोग गेहूं कटनी करने चले गए थे उसी वक्त उक्त गलत नियत से मेरी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर लिया गया है ।पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्यवाई में जुट गई है।

### नहाए खाए के साथ लोक आस्था का महापर्व हुआ शुरू

दरियापुर। लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाए खाए के साथ शुरू हो गया ।इस मौके व्रतियो के द्वारा पूजा अर्चना कर काफी पवित्रता के साथ प्रसाद के रूप में अरवा चावल,चना दाल तथा कद्दू की सब्जी बना कर ग्रहण किया गया ।इसके साथ ही परिजनो तथा अन्य लोगो को भी ग्रहण कराया गया ।हालांकि चैती छठ पूजा करने वाले व्रतियों की संख्या कम होने के बावजूद बाजारों में फल,नारियल तथा ईख की दुकानों पर ग्राहकों की काफी भीड़ देखी गई। वहीं इस बार मार्च महीने से ही गर्मी बढ़ जाने के कारण नदियां भी सूखने के कगार पर पहुंच चुकी है ।जिससे कई घाटों पर व्रतियों को काफी परेशानियां भी होगी।

### गोबर्धनहा वन क्षेत्र में लगी आग

बेतिया ।वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के गोबर्धना वन क्षेत्र में भीषण आग लगी है । आग लगने से वीटीआर जंगल धू धू कर जल रहा है। हालांकि सूचना मिलने पर रेंजर सुनीत कुमार के नेतृत्व में वन कर्मियों की टीम जंगल क्षेत्र में पहुंची और आग बुझाने में जुटी गईं । ऊँची पहाड़ी पर घने जंगल में आग लगने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करने के बाद वन विभाग कि टीम को आग बुझाने में जब तक सफलता मिली तब तक आग लगने से कई हेक्टेयर जंगल को नुकसान पहुंचा है। दरअसल गर्मी शुरू होते हीं जंगल क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं । इसी क्रम में रामनगर प्रखंड के गोवर्धना वन क्षेत्र के एस 7 मे आग लगने की सुचना पर पहुंची वन विभाग की टीम आग बुझाने के लिए कई घंटे से मशक्कत के बाद फिलहाल आग पर काबू पा लिया है। बता दें कि बिहार के इकलौते वीटीआर जंगल के गोबर्धना रेंज में लगी आग कि घटना के बाद वन्य जीवों में भगदड़ मची रहीं तो वहीं वन विभाग के कर्मियों के पसीने छूटते रहें।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को ले सभी विकास मित्र एवं शिक्षा सेवक देंगे घर घर दस्तक

प्राब्त : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय ।लोकसभा आम चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये विभिन्न विभागों के सहयोग से पूरे जिले में लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पूरे जिले में आगामी सात दिनों के अंतर्गत घर घर दस्तक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसमें सभी विकास मित्र एवं शिक्षा सेवक आगामी 7 दिनों के अंतर्गत अपने पंचायत/वार्ड के सभी घरों में जाकर मतदाताओं को उनके मताधिकार के अनिवार्य उपयोग हेतु प्रेरित करेंगे। इस उद्देश्य से शुक्रवार को प्रेक्षा गृह छपरा में सभी विकास मित्रों एवं शिक्षा सेवकों के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। ार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।जिलाधिकारी अमन समीर ने अपने संबोधन में कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताते हुये कहा कि सभी विकास मित्र एवं शिक्षा सेवक जमीनी स्तर पर कार्य करते हैं। इसलिये सभी मतदाताओं तक मतदान के संकल्प का संदेश पहुंचाने में उनकी भूमिका अहम है। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं शिफ्ट होने की प्रक्रिया के बारे में भी लोगों को जागरूक करने को कहा। सभी लोगों को संबंधित मतदान केन्द्रों के बीएलओ के साथ बैठक कर आगामी सात दिनों के अंतर्गत हर एक घर पर दस्तक देकर लोगों को बगैर भय या लालच के मतदान हेतु प्रेरित करने को कहा गया। सभी लोगों को प्रतिदिन दस्तक दिये गये घरों की सूची की रिपोटिंग करने को कहा गया। उपविकास आयुक्त प्रियंका रानी ने भी कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताते हुये कहा कि इस अभियान में सभी विकास मित्रों एवं शिक्षा सेवकों की अहम भूमिका है। वे घर घर जाकर लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने के साथ साथ उनके मतदानकेन्द्र के बारे में भी जानकारी देंगे ।सभी लोगों को मास्टर ट्रेनर द्वारा पीपीटी के माध्यम से विस्तृत आवश्यक जानकारियां दी गई।

नये मतदाताओं का नाम जोड़ने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। बीएलओ एप्प, नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल एवं वोटर हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से मतदाता सूची में ईपिक नंबर या मोबाइल नंबर डालकर नाम देखने की प्रक्रिया को लाइव डेमो देकर समझाया गया ।इसके माध्यम से मतदानकेन्द्र के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। ई-ईपिक भी डाउनलोड किया जा सकता है। प्रशिक्षण सत्र के उपरांत प्रश्न-उत्तर का सत्र किया गया। जिसमें प्रशिक्षणार्थी लोगों के प्रश्नों का उत्तर मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया गया ।अंत में सभी लोगों को मजबूत लोकतंत्र के लिए अपने मताधिकार के अनिवार्य प्रयोग का शपथ दिलाया गया ।कार्यक्रम से पूर्व जिलाधिकारी, उपविकास आयुक्त एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा मतदाता संकल्प के साथ हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी,शिक्षा विभाग के डीपीओ,सभी विकास मित्र, शिक्षा सेवक सहित स्वीप कोषांग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# क्वांटम फिजिक्स ड्राइविंग 21वीं सेंचुरी टेक्नोलोजीज पर कुलपति ने दिया व्याख्यान

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा सदर : इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स के आर सी 19 के द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक किया जा रहा है ।इस सेमिनार में देश भर के छात्र,छात्रा एवं शिक्षक तथा शिक्षाविद भाग ले रहे हैं। 11 अप्रैल को मुख्य वक्ता के पी यू के कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार बाजपेई ने अपना उद्बोधन दिया। कुलपति के व्याख्यान का विषय क्वांटम फिजिक्स ड्राइविंग 21विन सेंचुरी टेक्नोलोजीज था ।क्वांटम भौतिकी की मौलिक अवधारणाओं के आधार पर व्यापक रूप से क्वांटम भौतिकी की उपयोगिता तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी में उपयोग पर पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन द्वारा कुलपति ने विषय पर प्रकाश डाला ।विशेष रूप से पीटर हीगस( हीगस बोसोन) को श्रद्धांजलि देने के बाद , अपने व्याख्यान में कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार बाजपेई ने क्वांटम भौतिकी के इतिहास से लेकर आधुनिक प्रौद्योगिकी तक क्वांटम भौतिकी के प्रयोग की प्रासंगिकता पर प्रस्तुतीकरण किया ।क्वांटम कम्युनिकेशन,क्वांटम कम्प्यूटर पर भी उन्होंने प्रकाश डाला ।बेविनार के प्रारंभ में जेएपीटी आर सी- 19 के सचिव प्रोफेसर प्रमेन्द्र रंजन ने कुलपति का स्वागत किया ।प्रोफेसर विनय ए सिंह आइ आइ टी कानपुर ने व्याख्यान की समाप्ति पर धन्यवाद ज्ञापन किया।

## हनुमान जी के प्राण प्रतिष्ठा 5 दिनों के कार्यक्रम को ले कलश यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

गड़खा। गड़खा प्रखंड के मुरौतपुर में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा ब्रह्म बाबा स्थान के बंधन पूजनोत्सव के पांच दिवसीय कार्यक्रम को लगभग कलश यात्रा शुक्रवार को निकाली गई। जिसने सैकड़ो महिलाएं और पुरुष शामिल हुए ।जो विभिन्न गांव से होते हुए आमी गंगा के तट पर पहुंचा ।जहां वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच ब्राह्मणों ने कलश में जल भरवाया। कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंची ।संजय तिवारी,विजय यादव,सुरेश राय, श्याम सिंह,अर्जुन सर,संतोष राय, पंकज राय, बीडीसी राकेश राय, अन्य आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि शुक्रवार से शुरू हुई पांच दिवसीय कार्यक्रम में शनिवार को पूजन कार्यक्रम रविवार को अखंड अष्टयाम एवं हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा तथा रात्रि जागरण सोमवार से रामायण तथा मंगलवार को संपूर्ण रामायण पाठ अखाड़ा पूजन पूणाहुति एवं संध्या में भंडारा की आयोजन की जाएगी।

## उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा के पूर्व प्राचार्य को दी गई विदाई

प्रात : किरण संवाददाता




परसाः-उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा के सेवानिवृत्त प्राचार्य नसीर अहमद,रामशंकर प्रसाद,प्रधान लिपिक अब्दुल कलाम,सहायक शिक्षक रामदेव पंडित व कार्यालय परिचारी को शुक्रवार को भावपूर्ण विदाई दी गई ।विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम के उद्घाटन एमएलसी प्रोफेसर वीरेंद्र नारायण यादव,शिक्षाविद अम्बिका प्रसाद,माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विनोद कुमार यादव,पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ सचिव विद्यासागर विद्यार्थी पूर्व सचिव राजा जी राजेश,धर्मेंद्र कुमार समीर,अनीश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ।उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा के सभागार में प्राचार्य जयशंकर प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।पूर्व प्राचार्य नसीर अहमद,रमाशंकर प्रसाद के अलावे दो अन्य सेवानिवृत्त कर्मियों में रामदेव पंडित व शकुंतला देवी को भी विदाई दी गई ।इन सभी को प्राचार्य जयशंकर प्रसाद गुप्ता व जिलाध्यक्ष विनोद कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया ।एमएलसी वीरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि नौकरी में एक तय समय सीमा के अंदर सेवानिवृत्त होना सुनिश्चित है ।इन शिक्षकों ने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा को एक नई ऊंचाई दी है। बच्चों के प्रति उनका लगाव समय पालन तथा अनुशासन के साथ-साथ शिक्षण व्यवस्था में इनके द्वारा किए गए सुधार को भुलाया नहीं जा सकता ।ऐसे अनुभवी योग्य शिक्षक से शिक्षा जगत और समाज दोनों में एक बेहतर संदेश जाता है।

माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने अपने संबोधन में पूर्व प्राचार्य समेत सेवानिवृत्त प्राध्यापकों के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि इनके योगदान को विद्यालय परिवार हमेशा याद रखेगा। उन्होंने इनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस क्रम में सेवानिवृत प्राचार्य नसीर अहमद ने कहा कि इस ऐतिहासिक विद्यालय में कार्य करते हुए मुझे सदैव गर्व का अनुभव होता रहा है। यहां की यादों से जीवन भर जुड़ा रहूंगा। यहां की मधुर स्मृतियां मुझे सदैव पुलकित करती रहेंगी ।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनीश कुमार ने किया। ।मौके पर मौजूद लोगों ने पूर्व प्रधानाचार्य के कार्यकाल की सराहना की ।मौके पर पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय,माध्यमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष विनोद कुमार यादव,अनीश कुमार, जयशंकर प्रसाद गुप्ता,नवीन प्रकाश, धर्मेंद्र कुमार,अजय कुमार,शालिनी सुमन,रिंकी कुमारी,नरेंद्र कुमार,दीपक कुमार,राजीव कुमार,पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ सचिव राजा जी राजेश,धर्मेंद्र कुमार समीर,अवकाश प्राप्त शिक्षक महात्मा प्रसाद गुप्ता, परमेश्वर प्रसाद, प्रचार्य विकाश कुमार,गजेंद्र राय समेत अन्य प्राध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिला में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को डीएम ने प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। इस वर्ष मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में सारण जिला के छात्र/छात्राओं का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा है। शुक्रवार को प्रेक्षा गृह में आयोजित एक कार्यक्रम में जिलाधिकारी अमन समीर ने मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिला में शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इंटरमीडिएट के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में जिला में प्रथम दस स्थान पाने वाले छात्रों/छात्राओं को अलग अलग सम्मानित किया गया। उनके अभिभावकों को भी अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने सभी छात्र/छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी अभिभावकों को अपने बच्चों की पढ़ाई में हर संभव सहयोग देने को कहा। श्री समीर ने कई छात्रों एवं छात्राओं से उनके कैरियर को लेकर भविष्य की योजनाओं के पूछताछ किया तथा आवश्यक परामर्श भी दिया। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त,जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के सभी डीपीओ एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पिकअप से ले जा रहे शराब को तरैया पुलिस ने पकड़ा

तरैया। थाना क्षेत्र के डुमरी छपिया गांव में पुलिस ने छापेमारी कर पिकअप से ले जा रहे शराब को पकड़ लिया है। पिकअप चालक के साथ दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया है ।इस संबंध में थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पिकअप को रोककर तलाशी लेने पर पिकअप में बने तहखाना से 180 मिली के 688 टेट्रा पैक शराब बरामद कुल मात्रा132.840 लीटर बरामद किया गया ।शराब कारोबारी यूपी से शराब लेकर छपरा जा रहे थे।

## आदर्श मध्य विधालय कदना मिठेपुर में पुस्तकोत्सव का आयोजन किया गया, बच्चों को निःशुल्क दी गई किताबें

प्रात : किरण संवाददाता

गड़खा। सरकारी विद्यालयों में पुस्तकोत्सव का आयोजन कर नये सत्र में बच्चों को नयी किताब प्रदान किया गया। उत्सवी माहौल में बच्चे नयी किताब प्राप्त कर काफी खुश दिखे। शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 से वर्ग पहली से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं के बीच सभी विषयों के पुस्तकों को मुद्रित कराकर निःशुल्क वितरित किया गया है। इसक्रम में पुस्तक का वितरण बच्चों के बीच आदर्श मध्य विद्यालय कदना सह उच्च विधालय मिठेपुर कदना में अभिभावक एवं अधिकारीगण के उपस्थिति में किया गया। पुस्तकोत्सव कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। सभी बच्चों को विधि शाखा शिक्षा विभाग पटना की डॉक्टर गायत्री शाही द्वारा के द्वारा बैग किट व पाठ्य पुस्तक का सेट वितरण किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक भूषण कुमार सिंह,सुजीत कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, भुवनेश्वर प्रसाद ,राहुल, विवेक कुमार सिंह,मुकेश कुमार सिंह रिजवान अहमद आदि मौजूद थे।

## उच्च विधालय काजीपुर के पुर्व प्राचार्य का निधन , विधालय मे शोकसभा आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

डोरीगंज। सदर प्रखण्ड के उच्च विधालय काजीपुर के पुर्व प्राचार्य सुरेश प्रसाद यादव का अचानक ह्रदय गति रुकने से निधन हो गया। 61 वर्षीय सुरेश प्रसाद यादव कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे । उनके निधन पर विधालय परिसर मे प्राचार्य संजय कुमार सिंह के नेतृत्व मे शोक सभा का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विधालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने स्व यादव के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रधासुमन अर्पित की। इस अवसर पर अपने संबोधन मे प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने कहा कि स्व यादव कुशल व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे । उन्होने शिक्षण कार्य के साथ साथ सामाजिक जीवन मे भी महत्वपुर्ण भुमिका निभाई । स्व यादव शिक्षक नियुक्त होने से पुर्व राजनैतिक क्षेत्र मे भी महत्वपुर्ण भुमिका निभाई । वे छपरा नगर से दो बार वार्ड कमिश्नर के पद पर विजयी रहे थे साथ ही राजद युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भी रहे । इस अवसर पर मुख्यरुप से शिक्षक डॉ रमेन्द्र प्रसाद , सुनिल कुमार , समाजसेवी रजनीश कुमार , पत्रकार दिग्विजय सिंह बब्लु सहित विधालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे

## पहाड़पुर-रसीदपुर स्थित राधे-कृष्ण मंदिर में हुआ चोरी मूर्ति के शीशे तोड़कर सोने के आभूषण ले गए चोर

प्रात : किरण संवाददाता

गड़खा। सारण जिला के खैरा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर-रसीदपुर गांव के बॉर्डर पर स्थित राधे-कृष्ण मंदिर में चोरों द्वारा दिन के उजाले में दोपहर 11:00 बजे के करीब भगवान का हार चोरी कर लिया गया। इस संबंध में ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। सूचना मिलने पर खैरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची एवं जांच में जुट गई। स्थानीय लोगों के अनुसार चोर पूरे चेहरे को ढक कर मंदिर के पास आया और मंदिर में प्रवेश करने के बाद मूर्ति के बाहर लगे कांच को तोड़कर हार लेकर भाग गया। ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन द्वारा जल्दी से जल्दी जांच करते हुए चोरी किए हुए हार को बरामद करें। घटना की सूचना मिलने के बाद खैरा पुलिस मंदिर में पहुंचकर घटना का जायजा लिया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार अवधेश राय राजेश्वर प्रसाद अशोक राय अरविंद कुमार ने बताया कि दोपहर में एक बाइक पर सवार दो अपराधी आए और मूर्ति की कवर बनी हुई शीशे को तोड़कर सोने की हार को लेकर भाग गए। इससे पहले भी कुछ महीने पहले मंदिर में रात्रि के वक्त चोरों द्वारा मंदिर में सोने की आभूषण, भगवान का बिछावन, वस्त्र और शंख सहित दान पेटी में रखें रुपए चोरी कर ली गई थी। इस मामले में अब तक पुलिस खाली हाथ थी। तब तक चोरों ने नई घटना को दिनदहाड़े अंजाम दे पर पुलिस के सामने चुनौती पेश किया है।

## बेतिया में चाचा ने नाबालिग भतीजी से किया रेप, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। बेतिया से रिश्ते को शर्मसार करने वाली एक खबर सामने आई है ।एक चाचा ने कथित रूप से अपनी 10 वर्षी भतीजी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है बच्ची के पिता के शिकायत पर महिला थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई. आरोपी चाचा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. रिश्ते को शर्मसार करने वाली यह घटना कुमारबाग थाना क्षेत्र की है. पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्या है घटनाः घटना कुमारबाग थाना क्षेत्र के एक गांव की है. जहां चाचा ने अपनी 10 वर्षीय भतीजी के साथ दुष्कर्म किया है. बताया जा रहा है कि बच्ची के पिता ने डायल 112 पुलिस को कॉल कर इसकी सूचना दी. इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची और उसके पिता को लेकर महिला थाना पहुंची. बच्ची के पिता की शिकायत पर महिला थाने में प्राथमिक दर्ज की गई। पुलिस कर रही जांचः प्राथमिकी दर्ज करने के बाद कुमारबाग पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चाचा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया. नाबालिग बच्ची की पुलिस अभिक्षा में मेडिकल जांच करायी गयी. इस दौरान मुजफ्फरपुर से फॉरेंसिक टीम बुलाई गई थी।

## लोहिया संस्थान में नेफ्रोलॉजी गुर्दा रोग सुपर स्पेशलिटी आईसीयू का हुआ उद्घघाटन

प्रात : किरण संवाददाता



लोहिया संस्थान के नवनियुक्त युवा निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर सी० एम० सिंह ने संस्थान के सुपर स्पेशलिटी चिकित्सकीय स्तर को राष्ट्रीय मानकों व अंतर्राष्ट्रीय आयामों पर पहुंचने की श्रृंखला में आज नवीन नेफ्रोलॉजी गुर्दा रोग सुपर स्पेशलिटी आईसीयू का उद्घघाटन कर एक महत्वपूर्ण आवश्यक कदम उठाया। डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नेफ्रोलॉजी विभाग में 04 बेड के आईसीयू का उद्घघाटन किया गया। उद्घाटन के दौरान संस्थान के प्रो0 ए0के0 सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, प्रो0 विक्रम सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, डा0 अभिलाष चन्द्रा, विभागाध्यक्ष नेफ्रोलॉजी, डा0 नम्रता राव,एडीशनल प्रोफेसर, डा0 मजीबुल्लाह अंसारी असिस्टेन्ट प्रोफेसर, संकाय सदस्य एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे। नेफ्रोलॉजी विभाग में आईसीयू की यह सुविधा किडनी रोगियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इलाज के दौरान उन्हें आईसीयू की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है। उत्तर प्रदेश में यह दूसरा संस्थान है जिसमें सरकारी सेटअप में नेफ्रोलॉजी आईसीयू है जहाँ डायलिसिस और आईसीयू सेवाएं एक ही स्थान में होती है। नेफ्रोलॉजी आईसीयू की शुरूआत से किडनी रोगियों को बेहतर और उच्च स्तरीय चिकित्सा प्राप्त करने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम में संस्थान का मीडिया पीआर प्रकोष्ठ, प्रो० (डॉ०) ए० पी० जैन की अध्यक्षता में पीआरओ, श्रीमती मीना जौहरी व निमिषा सोनकर, नोडल अधिकारी समेत पूर्णतः सक्रिय रहा।

# ईवीएम का किया गया प्रथम रेण्डमाइजेशन

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। लोक सभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को जिला सूचना विज्ञान कार्यालय में इवीएम का प्रथम रैंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिला पदाधिकारी अमन समीर ने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग चुनाव में पारदर्शिता को लेकर बहुत ही संवेदनशील है। इसलिए प्रत्येक स्तर और प्रकिया में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य किया गया है। रैंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुए उन्होंने बताया कि रैंडमाइजेशन ऐसी प्रक्रिया है जिससे इवीएम के मामले में पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। प्रथम रैंडमाइजेशन से मशीनें विधान सभा वार पृथक होती हैं। इसमें किसी को जानकारी नहीं होती कि कौन सी मशीन किस विधान सभा को अलॉट होगी। अब इवीएम वेयरहाउस में मशीनों को भौतिक रूप से पृथक कर ईएमएस ऐप के माध्यम से ऑनलाइन ट्रांसफर किया जाएगा। तत्पश्चात उन्हें संबंधित विधान सभा के लिए बनाए गए डिस्पैच सेंटर पर भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि विधान सभा स्तर पर भी द्वितीय रैंडमाइजेशन किया जाएगा। तब मशीनें बूथ वार पृथक हो जाएंगी ।उसके बाद ही कमीशनिंग का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इवीएम के प्रत्येक मूवमेंट की सूचना सभी राजनीतिक दलों को दी जाती है ।आप से भी उम्मीद है कि हर स्तर पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर कार्यों का अवलोकन करेंगे ।इसके पश्चात चुनाव आयोग के ईएमएस सिस्टम पर रैंडमाइजेशन प्रारम्भ किया गया रैंडमाइज्ड मशीनों की सूची पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ ही अपर समाहर्ता शंभू शरण पांडेय, नगर आयुक्त सह वरीय प्रभारी पदाधिकारी इवीएम सेल सुमित कुमार और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सभी सूची के हर पृष्ट पर हस्ताक्षर किया। डीएम ने बताया कि हस्ताक्षरित प्रति आयोग के साइट पर भी अपलोड कर दी जाएगी, जिसे देखा जा सकेगा ।वहीं उन्होंने सभी राजनीतिक दलों को सूची की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराने का निदेश दिया। इस अवसर पर डीडीसी प्रियंका रानी, उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी रवि प्रकाश, डीसीओ हरिशंकर प्रसाद, डीआईओ तारणी कुमार, बीजेपी के डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह, राजद के उपेन्द्र यादव, एलजेपीआर के दीपक कुमार सिंह, जदयू के मो फिरोज आदि उपस्थित थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार

रामगढ़ : पुलिस ने शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इस संबंध में थाना प्रभारी उमेश कुमार ने कहा पुलिस सूचना के आधार पर बड़ी कारवाई की। उन्होंने ने कहा पुलिस को सूचना मिली थाना क्षेत्र के गोडसरा गांव निवासी शशिप्रकाश चौधरी शराब का धंधा रहा है। पुलिस ने छापेमारी कर शराब धंधेबाज शशि प्रकाश चौधरी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने धंधेबाज के यहां से 100 पीस ब्लू लाइम देशी शराब बरामद किया। पुलिस ने युवक की मेडिकल चेकअप के बाद जेल भेज दिया।

### काराकाट एनडीए गठबंधन के मंडल अध्यक्षों ने की बैठक

काराकाट (रोहतास) शुक्रवार को काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी में काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एनडीए के सभी मंडल अध्यक्षों की बैठक आहूत की गई। जिस बैठक में पंचायत स्तर पर काराकाट प्रखंड के सभी एनडीए बूथ अध्यक्षों की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही साथ बैठक में काराकाट लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित कराने के लिए विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित शेखर तिवारी, गोड़ारी भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, काराकाट मंडल अध्यक्ष ललित मोहन सिंह, काराकाट यदयू अध्यक्ष अशुतोष सिंह, अभय सिंह कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, आधा दर्जन जख्मी

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना क्षेत्र के कुरुर गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हुआ जिसमें दोनों पक्षों ने अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराया। जो एक पक्ष के मुन्ना सिंह पिता स्व. गंगा यादव ने कुरुर गांव के छः लोगों को आरोपी बनाया है। मुन्ना सिंह ने कुरुर गांव निवासी सतेंद्र सिंह, गोलू कुमार, सुजीत कुमार पिता सतेंद्र सिंह, रंजित कुमार, अजय सिंह, सुजीत कुमार को आरोपी बनाया है। वहीं दूसरे पक्ष के सुजीत कुमार ने छः लोगों को आरोपी बनाया है। कुरुर गांव निवासी रविरंजन कुमार, मुना यादव, राजेश कुमार यादव, रविन्द्र कुमार, मंटू कुमार उर्फ नटाई यादव को आरोपी बनाया गया है। जिसके विरुद्ध मुन्ना सिंह ने दुकान से रुपये लूटने का आरोप लगाया है वहीं सुजीत कुमार ने रास्ते में आने पर घात लगाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी से मामले पर जानकारी लेने पर बताया कि दोनों पक्षों का आवेदन लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दुकान से रुपये लूटने व मारपीट मामले की जांच की जारी है

### पुलिस प्रताड़ना के शिकार परिवार से मिले भाजपा विधायक

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के मैठी गांव में पुलिस की पिटाई से घायल हुए मां बेटी को देखने के विभिन्न राजनीति दलों के नेताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। सभी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कह रहे हैं। बीते 3 अप्रैल की रात में गायघाट थानाध्यक्ष के द्वारा मां बेटी को बेरहमी से पिटाई कि गई थी। इसके बाद लगातार दिन प्रतिदिन मामला गर्म होते जा रहा है। पीड़िता से मिलने पहुंचे नेताओं से ग्रामीण लगातार न्याय की मांग कर रहे हैं। वहीं प्रशासन के वरीय अधिकारियों के द्वारा थानेदार के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होते देख लोगों में आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को साहेबगंज के भाजपा विधायक राजू सिंह पीड़िता से मिलने पहुंचे। उन्होंने बताया की गायघाट थानेदार पुरषोत्तम यादव इससे पूर्व पारू थाना में थे, जहां इनके ऊपर कई गंभीर आरोप है। उन्होंने कहा कि एसएसपी से फोन पर बात की गई है। उन्होंने दो दिन का समय दिया है। इसके बाद उचित कार्रवाई नहीं होने पर जनांदोलन किया जायेगा। वहीं पुलिसिया कार्रवाई से आहत ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। बताया कि दो दिनों में पीड़ीत परिवार को न्याय नहीं मिलती है तो गांव में नेता व अधिकारीयों को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

# सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचे स्कूटी सवार दम्पती



प्रात :किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोईलवर-डोरीगंज लिंक हाइवे पर छोटका चंदा मोड़ पर एक तेज रफ्तार बालू लदे ट्रक ने स्कूटी से बच्चे का स्कूल में नामांकन कराने जा रहे दम्पती को चपेटे में ले लिया। गनीमत यह रहा कि बाइक दम्पती बच्चे सहित बाल बाल बच गए। उन्हें मामूली चोटें आई हैं।गुरुवार को जिस जगह पर मोपेड सवार महिला और उसके दुधमुहे बच्चे की ट्रक से कुचलकर मौत हुई थी, ठीक उसी जगह पर शुक्रवार को फिर से अनहोनी होते होते बच गयी।इधर घटना की पुनरावृत्ति दोहराने से बचने के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और सड़क को अवरूद्ध कर दिया। करीब तीन घण्टे तक यातायात बाधित रहने के बाद कोईलवर थानाध्यक्ष नरोतमचंद्र और बीडीओ विजय कुमार मिश्र की पहल पर जाम समाप्त हुआ। जाम कर रहे लोग छोटका चंदा मोड़ पर यातायात नियंत्रण के लिए स्थायी तौर पर पुलिस बल की तैनाती की मांग पर अड़े थे जिसपर विरोध कर रहे ग्रामीणों की मांग को मानते हुए तत्काल प्रभाव से छोटका चंदा मोड़ पर पुलिस बल की तैनाती की गई।

मिली जानकारी के अनुसार कोईलवर नगर पंचायत के वार्ड 01 कटकैरा निवासी लालबहादुर सिंह के बेटे अपनी पत्नी प्रियांशु और बेटे आशु के साथ बेटे का स्कूल में नामांकन कराने झलकुनगर स्थित निजी विद्यालय आ रहे थे।इसी क्रम में जैसे ही वह छोटका चंदा मोड़ पर कोईलवर-डोरीगंज मुख्य सड़क पर आए एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में बेतरतीब और तेज रफ्तार से दौड़ रहे ट्रक ने उनकी स्कूटी को चपेटे में ले लिया।जिससे वे सड़क पर गिर पड़े और एक बालू लदे ट्रक के अगले और पिछले चक्के के बीच स्कूटी सहित जा गिरे। उन्हें गिरता देख स्थानीय लोगों ने हो हल्ला मचाया। हल्ला सुन ट्रक ड्राइवर ने ट्रक रोका और उनकी जान बच सकी।इधर आंख के सामने घटना घटित होते देख स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आए और यातायात बाधित कर दिया। गुस्साए लोगों का आरोप था कि अभी इसी जगह पर गुरुवार को मोपेड सवार दुधमुहाँ बच्चा और उसकी माँ की सड़क दुर्घटना में मौत के 24 घण्टा भी नही हुए थे कि फिर से घटना की पुनरावृत्ति हो गई। गनीमत रहा कि किसी की जान नही गयी।गुरुवार की सड़क दुर्घटना के बाद भी प्रशासन चेत नही रहा जिसका प्रमाण आज की घटना है।प्रशासन अगर पिछली घटना से सबक लेता तो आज घटना की पुनरावृत्ति नही होती।

# मद्य निषेध की टीम ने बोलेरो से 388 लीटर विदेशी शराब किया बरामद



प्रात :किरण संवाददाता

आरा। शराबबंदी वाले इस बिहार में शराब की तस्करी धड़ल्ले से हो रही है। शराबबंदी के बावजूद धड़ल्ले से शराब की खेप दूसरे राज्यों से बिहार में आ रही है। शराब तस्कर दूसरे राज्यों से बिहार में शराब लाने के लिए नए-नए जुगाड़ कर रहे है।हालांकि भोजपुर की मद्य निषेध विभाग की टीम लगातार शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चला रही है।भोजपुर मद्य निषेध विभाग की टीम ने पटना-बक्सर फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया टोल प्लाजा से बोलोरो में छुपाकर ले जा रहे भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। मद्य निषेध विभाग की टीम ने यह कार्रवाई शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर कुल्हड़िया स्थित टोल प्लाजा से की है। मिली जानकारी के अनुसार मद्य निषेध विभाग को सूचना मिली थी कि एक बोलोरो में शराब तस्कर शराब लेकर जा रहे हैं। कुल्हड़िया टोल प्लाजा पर पहले से तैनात मद्य निषेध विभाग की टीम ने जब बोलोरो को रोका और जब बोलोरो की जांच की गई तो बोलोरो में भारी मात्रा में 180 एमएल के 8 पीएम विस्की की 2160 पीस बरामद हुए। सहायक उत्पाद आयुक्त रजनीश कुमार ने बताया कि शराब के खिलाफ लगातार अभियान जारी है।शुक्रवार को जांच के क्रम में बोलोरो कार से भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया है। बोलोरो के साथ मद्य निषेध विभाग की टीम ने वैशाली जिले के सैदाबाद निवासी स्व.उदय राय के पुत्र इंद्रजीत कुमार, वैशाली जिले के ही दाउदनगर निवासी रघुवीर राय का पुत्र चंदन राय व छपरा के सुल्तानपुर निवासी जमादार सिंह का पुत्र अभिषेक कुमार जो बोलोरो का चालक था उसे गिरफ्तार किया गया है।

# इंदु तपेश्वर महिला कॉलेज के इंटर खंड में 480 छात्राओं का होगा नामांकन




प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के इंदु तपेश्वर सिंह महिला कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2024-26 अंतर्गत सभी 480 छात्राओं का इंटर में नामांकन में होगा। इस संबंध में इंटर खंड प्राचार्य शशि रंजन कुमार ने बताया कि मैट्रिक में उत्तीर्ण केवल छात्राओं का सत्र 2024-2026 में नामांकन के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा ओएफएसएस के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन लिया जा रहा है। जिसको लेकर सभी छात्राओं सहित उनके अभिभावकों को सूचित करना है कि इस वर्ष बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा कॉलेजों का मान्यता रद्द करते हुए उनका ओएफएसएस पोर्टल पर से नाम हटा दिया है। लेकिन केवल स्कूल का नाम दिखा रहा है। जिसके तहत एक मात्र कॉलेज की सूची में इंदु तपेश्वर सिंह महिला कॉलेज, बिक्रमगंज का नाम अंकित है। जो अनुमंडल मुख्यालय का एकमात्र गौरवपूर्ण संस्थान जिसे निदेशक शैक्षणिक, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना के द्वारा सत्र 2024 -2026 से 480 सीट की वृद्धि दी गई है। जो कि अभी रोहतास जिला के किसी भी स्कूल कॉलेज को इतना सीट प्रदान नहीं किया गया है। जिसको लेकर प्राचार्य ने अनुरोध करते हुए कहा है कि इंदु तपेश्वर सिंह महिला कॉलेज, बिक्रमगंज का प्रथम वरीयता देते हुए छात्र अपना जल्द निर्धारित तिथि तक नामांकन कराते हुए छात्राएं विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों के द्वारा शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्वल बनाएं।

# जदयू के प्रदेश प्रवक्ता बनें अजीत, लोगों ने दी बधाई

प्रात :किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) बिहार प्रदेश जद यू ने संझौली निवासी अजीत कुमार को प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया है। अजीत कुमार के मनोयन से पार्टी कार्यकताओं सहित एनडीए में हर्ष व्याप्त है। कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अजीत कुमार सोशल विचारधारा का एक होनहार छात्र है। उसके प्रदेश प्रवक्ता के रूप में मनोयन से पार्टी के साथ-साथ एनडीए गठबंधन को मजबूती प्रदान होगी। पूर्व मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा, काराकाट लोकसभा सदस्य महाबली सिंह, पूर्व विधायक वशिष्ट सिंह, आर एल एम व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अन्नत कुमार गुप्ता, जद यू प्रखण्ड अध्यक्ष राजेश कुमार, संजय वर्मा, जदयू नेता धनंजय सिंह, उमेश कुमार, मनोज कुमार, लव मिश्र, रामबाबू सिंह, चिंतामणि सिंह, राजेन्द्र चौधरी, सच्चिदानंद सिंह, गिरजा सिंह, सूर्य चौधरी, शिक्षक बंशीधर सिंह, अभिषेक पटेल, अशोक कुमार, सन्तोष कुमार, मंतोष कुमार आदि कई लोगो ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार को बधाई दिया है।

# पुलिस ने 40 किलो गंजा के साथ दो आरोपी को किया गिरफ्तार



प्रात :किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) थाना क्षेत्र के जखनी पुल के समीप शुक्रवार को पुलिस ने छापेमारी भरी मात्रा में गंजा बरामद किया। इस संबंध में सासाराम एसडीपीओ-2 कुमार वैभव ने कांड की समीक्षा करते हुए बताया कि गुप्त सूचना के नोखा थाना क्षेत्र के सासाराम मुख्य पथ के जखनी पुल समीप दो गंजा तस्कर दो अलग अलग दो बाइक सवार हो गंजा बिक्री के लिए जा रहें थे। जिसे नोखा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मलाकर पुलिस बल के साथ दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। जिसके दौरान दोनों तस्करों के पास से दो बाइक पर दो बोरा में कुल चालीस पैकेट गंजा बरामद किया गया। जिसका कुल वजन 42. 935 किलोग्राम था। जिसकी कीमत लगभग 5 पांच लाख रुपए है। साथ ही उनके पास से दो मोबाइल सहित 7500 नगद रुपए भी पुलिस ने बरामद किया। दोनों गिरफ्तार आरोपी में 21वर्षीय रितेश कुमार उर्फ बंटी, पिता परशुराम सिंह, ग्राम तेंदुआ, थाना करहगर जबकि दूसरा आरोपी 24 वर्षीय लल्लू कुमार, पिता धनजी चंद्रावशी जो गमहरिया थाना के रहने वालें है। इस मामलें में दोनों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। जिन आरोपियों के गिरफ्तारी में इंस्पेक्टर सुरेश कुमार सहित पुलिस बल का अहम योगदान रहा।

# कृषि विभाग ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



प्रात :किरण संवाददाता

रामगढ़ः मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी विभागों के द्वारा गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।उसी क्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों ने बीएओ के नेतृत्व में रामगढ़ में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।मेरा वोट मेरा अधिकार के नारे लगाते हुए कृषि विभाग के कर्मचारियों ने लोकतंत्र में मतदान करने के लिए घर घर में जाकर किसानों एवं ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। जिला प्रशासन के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में 1 जुन को मतदान होना है एक जुन को होने वाले मतदान में प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रखंड में लगातार मतदाता जागरूकता अभियान में रैली जन सम्पर्क पर्ची वितरण करने एवं मेंहदी रस्म के द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में बीडीओ केशव कुमार ने कहा हमारी कोशिश है प्रत्येक पंचायत के सभी गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने ने कहा मतदाता जागरूकता अभियान में ग्रामीणों का सहयोग एवं उत्साह देखकर अगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ने की पुरी उम्मीद है।

# दो गोला चैता मुकाबला में संगीत कलाकारों ने देर रात बिखेरा जलवा

प्रात :किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास) काराकाट प्रखंड क्षेत्र के महुअरी गांव में गुरुवार की रात दो गोला चैता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कृष्ण प्रेमपथ कमिटी महुअरी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के बलियां और भोजपुर की टीम ने भाग लिया। दोनों टीमों ने एक से बढ़कर एक चैता गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायन कार्यक्रम की शुभारंभ सुमिरन कंठे सुरवा होख ना सहईया हो रामा......से किया गया।

कार्यक्रम के पूर्व आयोजक मंडल ने दोनों टीमों के कलाकारों और सभी अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। दोनों टीमों ने एक दूसरे पर गीत के माध्यम से जमकर कटाक्ष करते हुए लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। वही मुकाबला में भोजपुर की टीम प्रतियोगिता में विजेता रही। जो विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर ग्राम पंचायत काराकाट मुखिया सह मुखिया संघ जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, भाजयुमों के प्रदेश महासचिव रितेश राज, नावानगर जिला पार्षद राजू यादव, काराकाट जिला पार्षद रितेश कुमार सिंह, एपीएस स्कूल बुढ़वल गोड़ारी के निदेशक अविनाश सिंह, सीएचसी गोड़ारी के डाटा ऑपरेटर नागेंश्वर तिवारी, सुरेन्द्र दुबे, काराकाट पैक्स अध्यक्ष छोट्टू सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल संचालन में अंकूर पांडेय, टिकू पांडेय, मनीष पांडेय कृष्ण प्रेमी, मनोज पांडेय, मिथलेश पांडेय, दिपक पांडेय, पिंटू पांडेय की सराहनीय भूमिका रही। जबकि मुखिया सह मुखिया संघ जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि इस महुअरी गांव को गोद लेते हुए हर संभव प्रयास कर विकास कार्य कर गाथा लिखूंगा।

# किसानों की 11 सूत्री मांगों को पूरा करें वर्ना बिहार, यूपी और संपूर्ण भारत के किसान पहुंचेंगे चौसा

प्रात :किरण संवाददाता

बक्सर गांवों में घुसकर रोज-रोज हो रहे पुलिसिया तांडव पर अविलंब रोक लगाओ। बनारपुर, कोच्चाढ़ी और मोहनपुरवां के गिरफ्तार किसानों को वेशर्त अविलंब रिहा करो। चुनाव बाद बैठकर सारे मुद्दे पर संजीदगी के साथ बात हो, पूरी घटना की निष्पक्ष जांच हो और दोषी को कठोर सजा दी जाए। किसानों की 11 सूत्री मांगों को पूरा किया जाए। वर्ना चुनाव बाद चौसा के किसानों के साथ न सिर्फ बिहार बल्कि यूपी और संपूर्ण भारत के किसान चौसा पहुंचेंगे और चौसा का मैदान एक बार फिर रणक्षेत्र बनेगा और जुझारू किसान आंदोलन का गवाह बनेगा। जिसकी सारी जवाबदेही इस कांड का सबसे बड़ा खलनायक, दोषी, महाभ्रष्ट अनुमंडलाधिकारी बक्सर और जिला समाहर्ता बक्सर होंगे। यूपी के किसान हजारों-हजार ट्रैक्टर लेकर जब कर्मनाशा नदी को पार करेंगे, तो चौसा में आर-पार की लड़ाई होगी। उक्त बातें बक्सर के होमगार्ड मैदान में विशाल किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय नेता भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहीं। उन्होंने बनारपुर, कोच्चाढी और मोहनपुरवां के किसानों को ललकारते हुए कहा कि पुलिस से डरो मत, गांव छोड़कर भागो मत, गांव में डटे रहो। अभी तो लड़ाई शुरू हुई है, आगे भीषण लड़ाई हमे लड़ना है।अपनी चट्टानी एकता के बल पर हम लड़ाई जीतेंगे। हम लड़ेंगे, हम जीतेंगे। उन्होंने कहा कि टूटे हुए सामानों को संजोकर रखो, उसे प्रदर्शनी के रूप में संपूर्ण बिहार में घूमाएंगे, किसानों को दिखाएंगे और उन्हें गोलबंद करेंगे। मोदी-नीतीश के राज में किसानों पर कैसे-कैसे जुल्म हो रहे हैं। किसानों से जबरन जमीन छीनना मोदी की पहली गारंटी है। इनकार करने पर बनारपुर, कोच्चाढी और मोहनपुरवा की तरह पुलिसिया तांडव की दुसरी गारंटी है। 90 साल की बुढी माता पर जिस तरह से लाठियों की वर्षा की गई और घरों में घुसकर जवान लड़कियों के साथ जिस तरह की बदसलूकी की गई। 2 साल के बच्चों को भी नहीं बक्शा गया। इन सभी घटनाओ को देखकर सभी किसान नेताओं की आंखों से आंसू की अश्रु धारा बहने लगी। किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के नेता और ऑल इंडिया किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव बलदेव सिंह निहालगढ़ ने गुरु गोविंद सिंह के साथ ही बिहार और पंजाब के रिश्ते की चर्चा करते हुए, चौसा में जिला प्रशासन की देखरेख में हुई शर्मनाक और दर्दनाक घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि क्या आजाद भारत में अन्नदाता के साथ ऐसा सलूक हो? इसीलिए लाला लाजपत राय, उधम सिंह और शहीदे आजम सरदार भगत सिंह ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। शायद गुलाम भारत में भी ऐसी घटना नहीं हुई थी, जो कुछ बक्सर का डी एम, एस पी और एस डी ओ ने यहाँ करवाया है। मोदी जी के गाय को भी नहीं बक्सा गया बल्कि लाठियों की वर्षा कर उसे भी बुरी तरह पीटा गया। चौसा थर्मल पावर के सीईओ, अनुमंडलाधिकारी, एस पी, जिला समाहर्ता और सत्ता के दलालों ने मिलकर जिस तरह से भूमि अधिग्रहण में लूट मचाया। भारत सरकार के कैग रिपोर्ट ने किसानों की ऑखे खोल दी। किसान भुमि अधिग्रहण मे हुई लुट की जांच और दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। इसीलिए किसानों का मुंह बंद करने हेतु जिला प्रशासन ने जलियांवाला बाग कांड से भी भयानक कांड को अंजाम दिया।आतंकवादी, नक्सलवादी की तरह सुनियोजित साजिश के तहत चुनाव आचार संहिता लगने का इंतजार कर रही थी।

# रोहतास में वेल्डिंग के दौरान ट्रक का डीजल टैंक फटा, दो की हालत गंभीर, एक घायल



प्रात :किरण संवाददाता

रोहतास जिले के सासाराम शहर के पुरानी जीटी रोड स्थित बालदेव नगर के समीप शुक्रवार को एक मोटर गैराज में खड़े ट्रक का डीजल टैंक फटने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि एक अन्य व्यक्ति को भी मामूली चोटें आई है। जिन्हें आनन-फानन में ईलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि मोटर गैराज में ट्रक के डीजल टैंक में आई खराबी के कारण टंकी से तेल निकाल कर वेल्डिंग का कार्य किया जा रहा था। तभी डीजल टैंक के अंदर आग लग गई और टैंक अचानक से फट गया। जिसमें मोटर गैराज पर कार्य कर रहे दो मैकेनिक व एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। घटना के बाद थोड़ी देर के लिए मौके पर अपना तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार गंभीर रूप से घायल अशोक कुमार एवं जयप्रकाश कुमार सासाराम शहर के निवासी बताए जाते हैं। जिनका फिलहाल इलाज चल रहा है। वहीं इस घटना में एक अन्य व्यक्ति को मामूली चोटें आई थीं। जिन्हें इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

# सड़क हादसे में जख्मी युवक की मौत

## इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान रास्ते में थोड़ा दम

प्रात :किरण संवाददाता



- पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम
- बड़हरा थाना क्षेत्र के कोल्हरामपुर गांव में गुरुवार की दोपहर की घटना

आरा। भोजपुर में हुए सड़क हादसे में जख्मी युवक की मौत हो गई। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान गुरुवार की शाम उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक सिन्हा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी रामजी चौधरी का 28 वर्षीय पुत्र चंदन चौधरी है एवं पेशे से मजदूर था।

इधर मृतक के चाचा मनोज कुमार ने बताया कि हवलदार हरेंद्र सिंह के घर मकान बनाने का काम चल रहा था और यह सेंटरिंग के काम में मजदूरी करता था। जिसको लेकर वह उनके साथ लकड़ी लाने के लिए बबुरा बाजार जा रहा था। उसी दौरान आरा-छपरा फोरलेन पर कोल्हरामपुर गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने उन दोनों को जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। इसके बाद बड़हरा थाना पुलिस द्वारा दोनों को इलाज के लिए आरा शहर स्थित निजी अस्पताल लाया गया था। जहां से इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान पहले हवलदार हरेंद्र सिंह की मौत हो गई। उसके बाद गुरुवार की शाम इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान चंदन चौधरी ने भी दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन उसके शव वापस आरा सदर अस्पताल ले आए। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने छह भाई व एक बहन में पांचवें स्थान पर था। उसके परिवार में मां सीता देवी, पत्नी ज्योति देवी व दो पुत्र आकाश एवं प्रिंस है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां सीता देवी, पत्नी ज्योति देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# रोहतास में रामनवमी जुलूस को लेकर विधि व्यवस्था संधारण के लिए जिला अधिकारी एवं आरक्षी अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से किया नगर भ्रमण

प्रात :किरण संवाददाता



रोहतास पुलिस मुख्यालय डेहरी में आगामी 17 अप्रैल को निकलने वाली रामनवमी जुलूस को को शांतिमय वातावरण में सम्पन्न कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु जिला अधिकारी नवीन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा संयुक्त रूप से नगर भ्रमण किया गया। डिहरी नगर क्षेत्र में भ्रमण नगर थाना से बारह पत्थर मस्जिद रोड एवं जक्की बिगहा, स्टेशन रोड मस्जिद होते हुए डालमियानगर आकर समाप्त किया गया। नगर भ्रमण में काफी संख्या में पुलिस बलों एवं जिला एवं अनुमण्डल स्तरीय पदाधिकारियों भी महजूद थे। डीएम नवीन कुमार कहा कि रामनवमी जुलूस को देखते हुए शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन के द्वारा कड़ी सुरक्षा का इन्तजाम किया गया हैं। उन्होने लोगों से अपील की किसी भी तरह के अफवाहों से बचे साथ ही उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्हों ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा जुलूस की निगरानी ड्रोन से भी की जाएगी एवं बिजली और पेयजल की सुविधा की गयी है ताकि जुलूस में किसी भी तरह का व्यवधान पैदा न हो सके।



# अनीस बज्मी की हॉरर फिल्म में आयुष्मान खुराना की एंट्री

अभिनेता आयुष्मान खुराना की अगली फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वह अनीस बज्मी की हॉरर फिल्म में नजर आ सकते हैं। फिल्म निर्माता-निर्देशक अनीस बज्मी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म भूल भुलैया 3 की तैयारियों में व्यस्त हैं। इस बीच खबर है कि वह एक और हॉरर फिल्म पर काम कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अनीस की इस हॉरर फिल्म में आयुष्मान खुराना नजर आ सकते हैं। इस फिल्म का नाम भूतियापा बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि अनीस और आयुष्मान इस प्रोजेक्ट के लिए बातचीत कर रहे हैं। अभी इसका आधिकारिक एलान नहीं हुआ है। निर्देशक अनीस बज्मी भूल भुलैया 3 के अलावा नो एंट्री 2 पर भी काम कर रहे हैं। हालांकि, फिलहाल उनका पूरा ध्यान भूल भुलैया 3 पर है, जिसमें कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। उनके अलावा विद्या बालन और तृप्ति डिमरी भी अहम किरदारों में दिखेंगी। चर्चित फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म को हर तरह से शानदार बनाने के लिए मेकर्स तैयारियों में जुटे हैं। नो एंट्री 2 की बात करें तो इसमें वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे।

## म्यूजिक करियर पर फोकस

कुछ दिनों पहले एक इंटरव्यू के दौरान आयुष्मान से अनीस बज्मी के साथ काम करने को लेकर सवाल किया गया था। इस पर अभिनेता ने कहा था, अब यह कैसे मैं बताऊं। जब कुछ होगा तो जरूर बताऊंगा। आयुष्मान के वर्क फ्रंट की बात करें तो बीते वर्ष वह ड्रीम गर्ल 2 में नजर आए। फिलहाल अभिनेता का फोकस अपने म्यूजिक करियर पर है। हाल में उन्होंने देश के अग्रणी संगीत लेबल वार्नर म्यूजिक इंडिया से हाथ मिलाया है। उनका गाना अंख दा तारा हाल ही में रिलीज हुआ।

## फैंस को मिलेगा तोहफा?

आयुष्मान खुराना ने अपने करीब एक दशक के फिल्मी करियर में तरह-तरह के विषयों पर खबरें की हैं और अलग-अलग किरदार अदा किए हैं। कई शानदार फिल्में देने वाले आयुष्मान की अगली फिल्म का दर्शकों को इंतजार है। अगर यह खबर सच साबित होती है और अनीस की फिल्म में अभिनेता नजर आते हैं तो दर्शकों के लिए यह एक तोहफा होगा।



# मैं बाकी लड़कियों जैसी नहीं हूं, जो...

अभिनेत्री नोरा फतेही अक्सर अपने डांस और लुक की वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। लोग उनके डांस को खूब पसंद करते हैं। नोरा फतेही एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। उन्होंने फिल्म उद्योग में अपने साथ हुए बुरे व्यवहार को लेकर बात की है। इसे जानकार उनके प्रशंसकों को धक्का लगा है। नोरा फतेही को हाल ही में रणवीर इलाहाबादिया के पॉडकास्ट में देखा गया था। इसमें उन्होंने फिल्मी दुनिया के लोगों द्वारा किए गए उनके अपमान पर खुलकर बातचीत की। नोरा ने बताया कि कभी-कभी उनका सामना ऐसे लोगों से होता है, जो उन्हें अजीब सा महसूस कराते हैं। उन्होंने इसकी वजह बताते हुए कहा कि उन लोगों के इरादे ठीक नहीं होते हैं। नोरा फतेही ने पॉडकास्ट में खुलासा करते हुए कहा कि वे अक्सर अपने साथ ऐसा होते हुए देखती रहती हैं। उनके साथ हाल ही में एक बार फिर से ऐसा व्यवहार किया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को यह बात समझ नहीं आती है। लोग सोचते हैं कि यह लड़की यहां कैसे आ गई? हमारी लड़की क्यों नहीं आ पाई? उन्होंने बताया कि लोग इस बात से बहुत नाराज हो जाते हैं। नोरा ने अपने बारे में बताया कि वे बाकी लड़कियों जैसी नहीं हैं, जो पुरुष कलाकारों के सामने विनम्र होकर बात करेगी।

## गड़बड़ दिखेगी है तो बोल दूंगी

नोरा ने कहा कि अगर मुझे ऐसा महसूस होता है कि कहीं कुछ गड़बड़ है, तो मैं इस बारे में जरुर बोल दूंगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को यह पसंद नहीं आता है। कुछ लोगों को इस तरह की लड़कियां अच्छी लगती है, जो चुपचाप रहती हों, विनम्र हों और ऐसी नजर आती हों कि उन्हें काम चाहिए। नोरा ने कहा कि वे किसी को भी ऐसा करने का अधिकार नहीं देती। उन्होंने कहा कि इसके बाद लोग इस तरह की बातें कहते हैं कि ये लड़की कुछ भी नहीं है। इसमें कोई प्रतिभा नहीं है। ये लड़की फिल्मी दुनिया में क्यों है?



# मंकी मैन देख प्रभावित हुईं प्रियंका, देव पटेल के निर्देशन को दी शाबाशी



अभिनेता-निर्माता देव पटेल ने अपने निर्देशन की पहली एक्शन-थ्रिलर मंकी मैन के साथ फिल्म निर्माण की दुनिया में कदम रखा। फिल्म के सिनेमाघरों में रिलीज होने पर प्रियंका चोपड़ा ने टीम की सराहना की। गुरुवार को यह फिल्म अमेरिका और कनाडा में रिलीज हुई, जिसे दर्शक और समीक्षकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, देसी गर्ल से हॉलीवुड स्टार बनी प्रियंका चोपड़ा को भी फिल्म पसंद आई, जिसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर देव पटेल की तारीफ की। देव पटेल की मंकी मैन देखने के बाद प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की। फिल्म देखकर प्रियंका बेहद प्रभावित हुईं और देव पटेल की तारीफ करते हुए लिखा, शानदार देव पटेल, क्या जबर्दस्त और प्रभावशाली शुरुआत है। इस दौरान प्रियंका ने मंकी मैन की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि मंकी मैन देव पटेल द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें उन्होंने मुख्य भूमिका भी निभाई है। फिल्म में देव पटेल के अलावा शार्ल्टो कोपले, पितोबाश त्रिपाठी, विपिन शर्मा, सिकंदर खेर, अदिति कलकुंटे, शोभिता धूलिपाला, अश्विनी कालसेकर, मकरंद देशपांडे, जतिन मलिक और जाकिर हुसैन जैसे बेहतरीन कलाकार मौजूद हैं। फिल्म 11 अप्रैल को अमेरिका और कनाडा में रिलीज हुई। फिल्म को लेकर दर्शकों ने भी अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर शेयर की है। एक यूजर ने लिखा, मुझे यह फिल्म बहुत पसंद आई, इसे फिर से देखने का मन कर रहा है। वहीं, एक दूसरे यूजर ने लिखा, मैंने अपने पिता के साथ मंकी मैन देखी। मेरे लिए यह अब तक देखी गई सर्वश्रेष्ठ एक्शन फिल्म में से एक है, उम्मीद है कि हमें इसका सीक्वल भी देखने को मिलेगा। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने लिखा, मैं किसी फिल्म को लेकर पहले इतना उत्साहित नहीं था। मैंने मंकी मैन दो बार देखा है। वहीं, कुछ लोग फिल्म को ऑस्कर देने की बात भी लिखते नजर आएं। गौरतलब है कि यह फिल्म अभी भारत में दर्शकों के लिए रिलीज नहीं हुई है।

# सारा-जान्हवी के साथ डेटिंग को लेकर कार्तिक ने तोड़ी चुप्पी!



अभिनेता कार्तिक आर्यन इंडस्ट्री के टॉप अभिनेताओं में शुमार हैं। फिल्मों के अलावा कार्तिक अपनी पर्सनल लाइफ भी खूब चर्चा में रहती है। हाल ही में कार्तिक अभिनेत्री नेहा धूपिया के नो फिल्टर नेहा सीजन 6 में मेहमान बनकर पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कार्तिक ने इस दौरान स्वीकार किया कि उन्होंने इंडस्ट्री मे एक दो करीबी दोस्तों को डेट किया था। हालांकि, इसके लिए वे खुद को दोषी मानते हैं। लेकिन अब वे फिर से दोस्त बन चुके हैं। अब फैंस कार्तिक के इस बयान को सारा अली खान और जान्हवी कपूर से जोड़कर देख रहे हैं।

# कमल हासन की इंडियन 2 में नजर आ सकती हैं मनीषा

सुपरस्टार कमल हासन अपनी आने वाली फिल्म इंडियन 2 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनके प्रशंसक लंबे समय से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच फिल्म से जुड़ी एक बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेत्री मनीषा कोइराला फिल्म इंडियन 2 में नजर आ सकती हैं। फिल्म के पहले भाग में भी उन्होंने काम किया था। मनीषा ने ईश्वर्या का किरदार निभाया था। अब इस फिल्म के दूसरे भाग में भी वे अदाकारी करते हुए दिख सकती हैं।

## नजर आ सकती हैं मनीषा

कहा जा रहा है कि मनीषा कोइराला इंडियन 2 में एक छोटी सी भूमिका ही निभाएंगी। इस खबर के बाद से उनके किरदार को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता का माहौल है। प्रशंसक उन्हें एक बार फिर से कमल हासन के साथ देखने के लिए बेताब हो उठे हैं। आपको बता दें कि इंडियन 2 के निर्माताओं की ओर से मनीषा के किरदार को लेकर आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। आधिकारिक एलान के बाद ही तस्वीर साफ हो पाएगी। इस बहुप्रतिक्षित फिल्म में कमल हासन के अलावा काजल अग्रवाल, रकुल प्रीत सिंह, सिद्धार्थ, बॉबी सिम्हा, गुलशन ग्रोवर, प्रिया भवानी शंकर, समुथिरकानी और नेदुमुदी वेणु भी नजर आएंगे। कई फिल्मों में हिट संगीत दे चुके अनिरुद्ध भी इस फिल्म से जुड़े हैं। फिल्म कब रिलीज होगी, इसे लेकर भी आधिकारिक घोषणा बाकी है। कहा जा रहा है कि इसे 13 जून, 2024 को रिलीज किया जा सकता हैं। इंडियन 2 पर  कई सालों से काम चल रहा है। एक बार फिल्म के सेट पर दुर्घटना हो गई थी। इसके चलते शूटिंग का काम ठप्प हो गया था। फिल्म के निर्देशक शंकर गेम चेंजर के प्रोडक्शन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में राम चरण अहम भूमिका में नजर आएंगे।



# 10 दिन की शूटिंग के 50 करोड़ चार्ज करेंगे अक्षय, 'स्काई फोर्स' में निभाएंगे कोच का रोल

**अक्षय कुमार की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' हाल ही में रिलीज हुई है। अब सुनने में आया है कि एक्टर जल्द ही वीर पहाड़िया की डेब्यू फिल्म 'स्काई फोर्स' की शूटिंग पर जुटेंगे।**

फिल्म में वीर एयर फोर्स ऑफिसर के रोल में होंगे। वहीं अक्षय इसमें एक एक्स्टेंडेड कैमियो रोल प्ले करेंगे। वो फिल्म में वीर के कोच के रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के 10 दिन के शूट के लिए अक्षय मेकर्स से 50 करोड़ रुपए चार्ज कर रहे हैं।


## 1965 के भारत-पाक युद्ध की कहानी

इस फिल्म की कहानी 1965 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध के इर्द-गिर्द बुनी गई है। मेकर्स का दावा है कि तब इंडिया ने पाकिस्तान पर पहली एयर स्ट्राइक की थी।

## अक्टूबर 2024 में हो सकती है रिलीज

फिल्म में अक्षय और वीर के अलावा सारा अली खान और निम्रत कौर भी नजर आएंगी। फिल्म इस साल 2 अक्टूबर को रिलीज हो सकती है। मेकर्स ने पिछले साल 2 अक्टूबर को गांधी-शास्त्री जयंती पर इस फिल्म का टीजर शेयर किया था।





# राजनीति मे कदम नही रखेंगे रणदीप हुड्डा?

रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। अब हाल ही में, रणदीप से पूछा गया कि क्या वह राजनीति में कदम रखने का सोच रहे हैं। इस पर अभिनेता ने कहा कि देखिए राजनीति अपने आप में एक करियर है और इससे देश की सेवा भी की जाती है। अभिनेता ने आगे कहा कि देश की सेवा के लिए आपको अपना 24 घंटा देना होता है और मैं अभी इसके लिए रेडी नहीं हूं। स्वातंर्त्य वीर सावरकर की रिलीज के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि अभिनेता राजनीति में कदम रखेंगे। हालांकि, इन कयासों पर रणदीप ने अब विराम लगा दिया है।

## रामायण का ठुकराया ऑफर

# रावण नहीं बनेंगे यश

फिल्म रामायण को लेकर कोई ना कोई खबर आए दिन सोशल मीडिया पर आती रहती है। अब इस फिल्म को लेकर एक और जानकारी सामने आई है कि केजीएफ स्टार यश ने रामायण में रावण की भूमिका निभाने से साफ इंकार कर दिया है। लेकिन वह फिर भी इस फिल्म से जुड़े रहना चाहते हैं इसलिए उन्होंने फैसला किया है कि वह इस फिल्म के सह निर्माता बनेंगे। यश के इस फैसले से उनके फैंस का दिल टूट गया है। क्योंकि वह यश को एक और दमदार रोल में देखने की ख्वाहिश कर रहे थे।

## यश नहीं बनेंगे रावण

फिल्म मेकर नितेश तिवारी ने अपनी बहुप्रतिक्षित फिल्म रामायण की शूटिंग शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म में रणबीर कपूर राम का किरदार निभाएंगे, जबकि साई पल्लवी माता सीता के किरदार में नजर आएंगी और राम भक्त हनुमान के रोल में सनी देओल नजर आएंगे। पहले फिल्म से जुड़ी यह खबर सामने आई थी कि फिल्म में रावण की भूमिका यश निभाएंगे। लेकिन अब मीडिया रिपोट्स के अनुसार यश ने इस फिल्म में रावण की भूमिका निभाने से साफ इंकार कर दिया है, लेकिन वह इस फिल्म के निर्माता जरूर हैं।

## ठुकराया 80 करोड़ का ऑफर

मीडिया रिपोर्टस से मिली जानकारी के मुताबिक अभिनेता यश ने फिल्म रामायण में रावण के किरदार को निभाने के लिए साफ इंकार कर दिया है, जबकि इस रोल के लिए यश को पूरे 80 करोड़ का ऑफर दिया गया था। लेकिन अब यश फिल्म रामायण के सह निर्माता होंगे।

## नितेश तिवारी का फैसला

फिल्म निर्देशक नितेश तिवारी उन लोगों से बेहद खफा है जिन्होंने फिल्म रामायण के सेट से अभिनेताओं की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा किया जा रहा है। इस चीज को रोकने के लिए नितेश ने फैसला लिया है कि अब सेट पर फोन लाने की पाबंदी लगा दी है।






## संक्षिप्त समाचार

### सीएनएच ने अपने इंडिया टेक्नोलॉजी सेंटर का किया विस्तार और अग्रणी मल्टी-व्हीकल सिम्युलेटर का किया उद्घाटन



**गुरूग्राम एजेंसी।** कृषि और निर्माण समाधानों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी सीएनएच ने आज कंपनी के इंडिया टेक्नोलॉजी सेंटर (आईटीसी) में एक अत्याधुनिक मल्टी-व्हीकल सिम्युलेटर (एमवीएस) जोड़ने की घोषणा की। भारतीय ऑफ-हाईवे खंड में अपनी तरह का पहला एमवीएस सीएनएच के वैश्विक परिचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह एर्गोनॉमिक्स सिम्युलेशन, नियंत्रण के उपयोगकर्ता अनुभव परीक्षण, ग्राहक क्लीनिक, उत्पाद विकास टीमों के लिए डिजाइन समीक्षा, उत्पाद सत्यापन और कर्मचारी प्रशिक्षण सहित विभिन्न काम के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में काम करेगा।
सीएनएच के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, फ्रेडरिक आइक्लर ने उद्घाटन के अवसर पर कहा, हमारे इंडिया टेक्नोलॉजी सेंटर (आईटीसी) का विस्तार और संवर्द्धन भारत के समृद्ध प्रतिभा पूल का उपयोग करते हुए नवोन्मेष के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की मिसाल है। यह रणनीतिक कदम इस क्षेत्र में कृषि और निर्माण क्षेत्रों में टेक्नोलॉजी से जुड़ी प्रगति को बढ़ावा देने के लिए शीर्ष स्तर की विशेषज्ञता का लाभ उठाने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है। आईटीसी हमारे ग्राहकों को टेक्नोलॉजी के लिहाज़ से उन्नत उत्पाद प्रदान करने के प्रति सीएनएच की प्रतिबद्धता की आधारशिला है।

### आनंद महिंद्रा ने थालास्सेरी-माहे बाईपास की जमकर तारीफ की



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जाने-माने उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट से थालास्सेरी-माहे बाईपास की तस्वीर शेयर की है। उन्होंने इसकी जमकर तारीफ की है। यह नया फोर-लेन मार्ग है जो केरल में थालास्सेरी और माहे को जोड़ता है। पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका शुभारंभ किया था। इसका उद्देश्य यात्रा में लगने वाले समय और यातायात की भीड़ को कम करना है। आनंद महिंद्रा ने थालास्सेरी-माहे बाईपास की तस्वीर को पोस्ट करते हुए लिखा- जैसे कोई गगनचुंबी इमारत अपने किनारे पर सपाट पड़ी हो...पहले तो यह नैचुरल लैंडस्केप पर एक थोपा हुआ कंक्रीट जैसा लग रहा था। लेकिन इसका अपना सौंदर्यबोध है। मैं बाईपास पर जाकर दोनों तरफ की सुंदरता की सराहना करने के प्रलोभन से इनकार नहीं कर सकता।

ब्रांडेड सामानों की मांग में आया उछाल

# इनपुट कास्ट घटने से कीमतों में गिरावट आई

## दाम कम होने से पैकेज्ड सामान ज्यादा खरीदे जा रहे




**नईदिल्ली, एजेंसी।** अब बाजार में रोजमर्रा की जरूरतों वाले सामानों के पैकेज्ड स्टेपल की मांग काफी बढ़ गई है। लोग कंपनियों के ब्रांडेड सामान खरीदना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसकी वजह कीमतों में गिरावट है। दैनिक जरूरतों व रोजमर्रा के सामान बनाने वाली अडानी विल्मर, मैरिको, आईटीसी लिमिटेड और एलटी फूड्स जैसी बड़ी कंपनियों के मुताबिक, उपभोक्ता 2023-24 में खुली चीजों से ब्रांडेड पैकेज्ड स्टेपल खरीदने के लिए वापस आ गए हैं। इसकी मुख्य वजह कमोडिटी की कीमतों में गिरावट है। इससे पैकेज्ड स्टेपल की बिक्री की मात्रा या यूनिट की संख्या में वृद्धि हुई है। कीमतों में कमी आई है। इससे पहले वित्त वर्ष 22 और 23 के दौरान महंगाई के चलते लोग पैकेज्ड सामानों की जगह खुली चीजें खरीदना ज्यादा पसंद करने लगे थे। देश की सबसे बड़ी पैकेज्ड खाद्य तेल निर्माता अडानी विल्मर के प्रबंध निदेशक अंगशु मल्लिक के मुताबिक, जब खाद्य तेल की कीमतें बढ़ीं, तो उपभोक्ता ब्रांडेड से लूज या कम कीमत वाले ब्रांडों में चले गए थे। लेकिन अब कीमतों में गिरावट ने उपभोक्ताओं को हमारे साथ वापस ला दिया है। अब लोकप्रिय ब्रांड दूसरों की तुलना में तेजी से बढ़ रहे हैं। यह बदलाव ग्रामीण बाजारों में भी हो रहा है।

### बिक्री में आया उछाल

अडानी विल्मर ने हाल ही में अपने चौथी तिमाही के परिणाम घोषित किए थे। इसमें वित्त वर्ष 24 में, खाद्य तेल की ब्रांडेड बिक्री में साल-दर-साल 10 फीसदी की ओवरऑल सेगमेंट ग्रो की तुलना में 15 फीसदी का इजाफा हुआ है। साल 2022 और 2023 की शुरुआत में रेकॉर्ड ऊंचाई के बाद खाद्य तेल की कीमतें लगभग कोविड-पूर्व स्तर पर वापस आ गई हैं। कंपनी के मुताबिक, बढ़ती मात्रा के बावजूद, पिछले वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 24 में खाद्य तेल की कीमतें कम थीं। इससे राजस्व कम हुआ है। अडानी विल्मर ने कहा है कि पिछले वित्त वर्ष में उसके खाद्य तेल व्यवसाय की मात्रा में 10 फीसदी का इजाफा हुआ है। जबकि मूल्य बिक्री में 15 फीसदी की गिरावट आई है।

### कम हुईं कीमतें

आटा, दाल, चावल और चाय जैसी स्टेपल की कीमतें जहां कम हुई हैं। वहीं मसाले जैसे कुछ सेगमेंट में कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। उद्योग के अधिकारियों के मुताबिक, पैकेज्ड आटे में पिछले वित्त वर्ष में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं पैकेज्ड चावल में लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पैकेज्ड चावल की दावत रेंज बेचने वाली एलटी फूड्स के सीईओ और प्रबंध निदेशक अश्विनी अरोड़ा ने कहा कि वित्त वर्ष 23 की तुलना में वित्त वर्ष 24 में कंपनी की पैकेज्ड बासमती बिक्री में 11 प्रतिशत-12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कंपनी को 2024-25 में भी इसी तरह की वृद्धि की उम्मीद है।

## लोकसभा चुनाव के बाद 17 फीसदी तक महंगा हो जाएगा मोबाइल पर बात करना, एयरटेल को होगा सबसे ज्यादा फायदा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के बाद मोबाइल फोन पर बात करना महंगा हो जाएगा, क्योंकि दूरसंचार कंपनियां टैरिफ में 15-17 फीसदी तक बढ़ोतरी कर सकती हैं।इसका सबसे अधिक फायदा एयरटेल को होगा। लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक होंगे। चार जून को परिणाम आएगा। एंटिक स्टॉक ब्रोकिंग ने एक रिपोर्ट में कहा, दूरसंचार उद्योग ने टैरिफ में अंतिम बढ़ोतरी दिसंबर, 2021 में 20 फीसदी तक की थी। दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी एयरटेल की मौजूदा प्रति ग्राहक कमाई 208 रुपये है। 2026-27 के अंत तक यह 286 रुपये तक पहुंच सकती है। एयरटेल के ग्राहकों की संख्या सालाना दो फीसदी बढ़ सकती है। उद्योग की वृद्धि एक फीसदी है।

### 117 रुपये हो जाएगा 100 रुपये का रिचार्ज

अगर अभी आप कोई रिचार्ज 100 रुपये का करा रहे हैं। जून के बाद इसी 100 के लिए आपको 117 रुपये देने होंगे। अगर आप 84 दिन का कोई 700 रुपये का प्लान रिचार्ज करा रहे हैं तो इसके लिए अब आपको 819 रुपये का भुगतान करना होगा।

## जल्द मिलेगा आयकर रिफंड, जब्त संपत्तियां भी होंगी वापस; अपील पर सुनवाई में तेजी की बन रही योजना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आप अगर टैक्स भरते हैं तो आपके लिए राहत की बात है। आयकर विभाग चालू वित्त वर्ष यानी 2024-25 से टीडीएस भुगतान और टैक्स से संबंधित अपील को जल्द-से-जल्द निपटाएगा। इससे आपको आयकर रिफंड भी जल्द मिल जाएगा।विभाग इसके लिए एक कार्ययोजना तैयार कर रहा है, जिसे शीघ्र ही लागू किया जाएगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर विभाग से कहा है कि ऐसी कार्ययोजना बनाएं, जिससे टैक्स से जुड़े संभावित मामलों की पहचान कर उसका तुरंत निपटान किया जाए। इस योजना में जब्त की गई संपत्ति को फिर से वापस करने के लिए एक तय समय सीमा होगी। विभाग ने बताया कि ऐसी संपत्तियां 30 जून 2024 तक वापस कर दी जाएंगी। इसमें 31 मार्च, 2024 तक लंबित कंपाउंडिंग प्रस्तावों को अंतिम रूप देने और 30 जून तक कम-से-कम 150 अपीलों के निपटान का लक्ष्य रखा गया है। एक अप्रैल, 2020 से पहले दायर अपीलों के निपटान को प्राथमिकता विभाग ने बताया कि



एक अप्रैल, 2020 से पहले दायर अपीलों के निपटान को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके बाद एक अप्रैल, 2020 के बाद दायर अपीलों का निपटान किया जाएगा। यह फैसला प्रशासन दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ई-निवारण और सीपीजीआरएएम प्लेटफार्मों के माध्यम से शिकायतों के समाधान के लिए तत्काल उपाय शुरू किए गए हैं।

### मूल्यांकन अधिकारी के समक्ष दाखिल कर सकते हैं मामला

आयकर विभाग के नए फैसले के तहत करदाताओं को अब लंबित रिफंड के लिए मूल्यांकन अधिकारी के समक्ष आवेदन दाखिल करना होगा। धारा 195/197/206सी के तहत शून्य/कम टीडीएस या टीसीएस प्रमाणपत्रों के आवेदनों के प्रसंस्करण में तेजी लाई जाएगी। एक अप्रैल, 2024 से आवेदन प्राप्ति के एक महीने के भीतर उनका समाधान कर दिया जाएगा। एकेएम ग्लोबल (साझेदार कर) संदीप सहगल का कहना है कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी अंतरिम कार्ययोजना जारी की है। यह कर प्रशासन दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## वोडाफोन आईडिया का लॉन्च होने जा रहा एफपीओ

प्राइस बैंड 10 रुपये से लेकर 11 रुपये तय किया गया

### कंपनी 18000 करोड़ रुपये जुटाने की कर रही तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वाडाफोन आइडिया लिमिटेड की ओर से एफपीओ लाने का ऐलान किया गया है। कंपनी 18,000 करोड़ रुपये का एफपीओ लॉन्च करने जा रही है। ये एफपीओ 18 अप्रैल से लेकर 22 अप्रैल तक आम निवेशकों को लिए खुलेगा। एंकर निवेशकों के ऑफर को 16 अप्रैल को एप्रूव किया जाएगा। वोडाफोन आईडिया ने अपने एफपीओ के लिए प्राइस बैंड तय कर दिया है। इसका प्राइस बैंड 10 रुपये से लेकर 11 रुपये तय किया गया है। एक्सचेंज फाइलिंग में बताया गया है कि बोर्ड ने रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, गुजरात के साथ रेड हेरिंग




प्रॉस्पेक्टस को अपनाने और दाखिल करने को मंजूरी दे दी है।
इस एफपीओ का लॉट साइज 1298 शेयरों का है। ऐसे में निवेशकों को इस एफपीओ में निवेश के लिए कम से कम 14,278 रुपये की जरूरत होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी 15 अप्रैल से कंपनी रोड शो भी शुरू करेगी, जिसमें निवेशकों और एनालिस्ट से मुलाकात की जाएगी। ये रोड शो ऑफर की क्लोजिंग तक चलेगा। वोडाफोन आइडिया के एफपीओ को कंपनी के बोर्ड की ओर से 27 फरवरी को 20,000 करोड़ रुपये इक्विटी के जरिए जुटाने की मंजूरी मिली थी।

### क्या होता है एफपीओ

एफपीओ यानी फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर में कंपनी जो पहले से ही शेयर बाजार में लिस्टेड है वह प्रमोटरों को नए शेयर जारी करती है। कंपनी अपने इन नए शेयरों के जरिए बाजार से एक्स्ट्रा फंड जुटाती है। वहीं आईपीओ यानी इनीशियल पब्लिक ऑफर उस कंपनी का आता है जो शेयर बाजार में पहले से लिस्टेड नहीं होती है। हालांकि आप किसी भी आईपीओ या एफपीओ में निवेश से पहले एक बार अपने वित्तीय सलाहाकार से बात जरूर कर लें।

## पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने नई उपलब्धि हासिल की

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की अग्रणी हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों में से एक, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने आज पूरे भारत में 300 शाखाओं तक अपने वितरण नेटवर्क के सफल विस्तार की घोषणा की। यह रणनीतिक वृद्धि ग्राहकों को सुलभ और विविध आवास वित्त समाधान प्रदान करने की दिशा में इसकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। देश के 150 से अधिक अद्वितीय शहरों में फैली, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस अब लाखों व्यक्तियों के घर के स्वामित्व के सपने को पूरा करने और राष्ट्र-निर्माण में योगदान देने में सक्षम होगा।पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने अकेले वित्त वर्ष 24 के आखिरी 4 महीनों में 100 शाखाएं जोड़ीं, जिससे कुल संख्या 300 हो गई। यह प्राइम होम लोन ग्राहकों की सेवा के लिए समर्पित 90 शाखाओं और सस्ते आवास सेगमेंट रोशनी की जरूरतों को पूरा करने के लिए 160 शाखाओं के एक मजबूत नेटवर्क के माध्यम से अनुरूप वित्तीय समाधान प्रदान करता है।

## फ्लिपकार्ट ने यात्रा पेशकशों में अपनी उपस्थिति बढ़ाई; अपने ऐप पर बस बुकिंग्स को लॉन्च किया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत के घरेलू डिजिटल कॉमर्स इकोसिस्टम, फ्लिपकार्ट ने अपने ऐप पर बस सेवाओं को शुरू करने की घोषणा की है। कई राज्यों के परिवहन निगमों और निजी एग्रीगेटर्स के सहयोग में फ्लिपकार्ट ग्राहकों के लिये 10 लाख बस कनेक्शंस में से चुनने का विकल्प पेश करेगी। इसमें भारत के 25,000 से अधिक मार्गों पर कनेक्टिविटी मिलेगी। यह फ्लाइट और होटल बुकिंग की उन सेवाओं के अतिरिक्त एक पेशकश है, जोकि फ्लिपकार्ट ट्रेवल बैनर के तहत उपलब्ध रही हैं। यह लॉन्च अपने सेगमेंट में यात्रियों की बढ़ती जरूरतें पूरी करने के लिये फ्लिपकार्ट की योजना के मुताबिक है। फ्लिपकार्ट के मौजूदा ग्राहकों की संख्या और खासकर बस यात्रियों के बीच काफी समानताएं देखते हुए, कंपनी का यह प्रस्ताव एक प्रतिस्पर्द्धी परिदृश्य में स्थिति को बदल देगा।

## डब्ल्यूबीएम ग्रुप इंडिया ने 2024 में मजबूत शुरुआत के साथ गति पकड़ी

पहली तिमाही में कार की रिकॉर्ड तोड़ डिलीवरी: 3680 यूनिट्स 51 प्रतिशत वृद्धि

### लग्ज़री इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सेगमेंट में वर्चस्व बरकरार

**मुंबई, एजेंसी।** डब्ल्यूबीएम ग्रुप इंडिया ने 2024 की पहली तिमाही जनवरी-मार्च में शानदार व्यवसायिक प्रदर्शन दर्ज किया है। डब्ल्यूबीएम ग्रुप इंडिया ने 3680 कारों डब्ल्यूबीएम और मिनी और 1 810 मोटरसाइकिलों डब्ल्यूबीएम मोटोराड की डिलीवरी की। डब्ल्यूबीएम की 3510 यूनिट और मिनी की 170 यूनिट की बिक्री हुई। डब्ल्यूबीएम ग्रुप इंडिया ने अपने स्पोर्ट्स ऐक्टिविटी व्हीकल, लग्ज़री क्लास और इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए ज्यादा माँग के दम पर फ्ा में .51 प्रतिशत वृद्धि डब्ल्यूबीएम. मिनी दर्ज की। श्री विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, डब्ल्यूबीएम ग्रुप इंडिया ने कहा कि, श्डब्ल्यूबीएम ग्रुप इंडिया ने साल की पहली तिमाही में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। पहले के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए क्य1 में कार की बिक्री में .51 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई। उत्पादों की सबसे



अधिक विविधतापूर्ण रेंज की बदौलत लग्ज़री इलेक्ट्रिक कार मार्केट में हमारा अडिग नेतृत्व निर्विवाद रूप से बरकरार है। एक्सक्लूसिव डब्ल्यूबीएम लग्ज़री क्लास ने भी सेग्मेंट में अग्रणी स्थान हासिल कर लिया है। हमारे प्रमुख कार मॉडल्स एकदम बुलंदी पर हैं और आने वाली महत्वपूर्ण नई लॉन्चिग के साथ हम लग्ज़री बाजार में धूम मचाने जा रहे हैं। डब्ल्यूबीएम ग्रुप इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने 211 यूनिट्स की डिलीवरी करके फ्ा 2024 में लग्ज़री सेग्मेंट में अपना नेतृत्व लगातार कायम रखा है। डब्ल्यूबीएम प7 ने सबसे ज्यादा बिकने वाले म्ट के रूप में प्रमुख स्थान हासिल किया, जो उपरी सेगमेंट में सस्टेनेबल मोबिलिटी के बढ़ते आकर्षण का प्रतीक है। डब्ल्यूबीएम लग्ज़री क्लास ने अपने सेग्मेंट में दूसरों को पीछे छोड़ दिया है और .152: की जबर्दस्त वृद्धि दर्ज की है। लग्ज़री क्लास मॉडलों, जैसे कि डब्ल्यूबीएम 7 सीरीज, डब्ल्यूबीएम आइ 7 डब्ल्यूबीएम एक्स7 और डब्ल्यूबीएम एक्सएम ने कुल बिक्री में 20प्रतिशत योगदान किया। डब्ल्यूबीएम एक्स7 एसएवी ने नम्बर एक लग्ज़री क्लास मॉडल का स्थान हासिल किया।
बिक्री में डब्ल्यूबीएम स्पोर्ट्स ऐक्टिविटी व्हीकल्स का योगदान 54 प्रतिशत था और इसमें .62 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। इस प्रदर्शन में शानदार भूमिका का श्रेय स्थानीय सतर पर उत्पादित मॉडलों को जाता है। बिक्री में लगभग 20: हिस्सेदारी के साथ सबसे ज्यादा बिकने वाला था।
शेयर के साथ सबसे ज्यादा बिकने वाली डब्ल्यूबीएम सेडान, डब्ल्यूबीएम 3 सीरीज का वर्चस्व रहा। यह अपने संबंधित सेग्मेंट में श्रेणी में अग्रणी एग्जिक्यूटिव सिडैन बन गयी है।
डब्ल्यूबीएम इंडिया फाइनेंशियल सर्विसिज के 360 वित्तीय समाधानों के द्वारा ग्रहाकों को शानदार मूल्य और मन की पूरी शांति का आनंद प्राप्त होता है, जो ग्राहकों को आकर्शक कम मासिक किस्तों, अश्योर्ड बाय-बैक, अवधि समापन के लचीले विकल्प और नई कार में अपग्रेड करने के अवसर तथा अन्य फायदे प्रदान करता है। डब्ल्यूबीएम इंडिया फाइनेंशियल सर्विसिज द्वारा फाइनेंस की गई 10 कारों में से 8 कारें डब्ल्यूबीएम और मिनी 360ए के माध्यम से खरीदी गईं।

### डब्ल्यूबीएम ग्रुप इंडिया

डब्ल्यूबीएम मिनी और मोटोराड से साथ डब्ल्यूबीएम ग्रुप ने भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार के प्रीमियम क्षेत्र पर अपनी नजरें मजबूती से टिका रखी है। भारत में कारों और मोटरसाइकलों के साथ-साथ डब्ल्यूबीएम ग्रुप की गतिविधियों में इसके प्रीमियम क्लाइंटेल के लिए वित्तीय सेवाएँ भी शामिल हैं। डब्ल्यूबीएम इंडिया और डब्ल्यूबीएम फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया डब्ल्यूबीएम ग्रुप की 100: सब्सिडिएरीज हैं और इनका मुख्यालय गुड़गाँव (नैशनल कैपिटल रीजन) में है।

## आईआईएचएल इनवेस्को के साथ करेगी साझेदारी

### इनवेस्को एसेट मैनेजमेंट इंडिया में करेगी 60 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण


**मुंबई, एजेंसी।** इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) और इनवेस्को लिमिटेड ने आज घोषणा की कि उन्होंने एक संयुक्त उद्यम (जेवी) बनाने के लिए एक निश्चित समझौता किया है और आईआईएचएल, इनवेस्को एसेट मैनेजमेंट इंडिया (आईएएमआई) में 60त्न हिस्सेदारी हासिल करेगी। गौरतलब है कि आईआईएचएल मॉरीशस स्थित निवेश होल्डिंग कंपनी है और जिसके पास बैंकिंग और वित्तीय परिसंपत्तियों में कई निवेश हैं।
आईएएमआई इनवेस्को लिमिटेड की भारतीय शाखा है, जो एक अग्रणी स्वतंत्र वैश्विक निवेश प्रबंधन फर्म है, जिसके पास 1.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति है। आईआईएचएल इंडसइंड बैंक की प्रमोटर इकाई है, जो भारत का 5वां सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का बैंक है और यह बीएसई एवं एनएसई पर सूचीबद्ध है, साथ ही यह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित है। इनवेस्को नवगठित संयुक्त उद्यम में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी बरकरार रखेगी, और आईआईएचएल तथा इनवेस्को दोनों को प्रायोजक का दर्जा प्राप्त होगा।आईएएमआई भारत में पांचवीं सबसे बड़ी विदेशी संपत्ति प्रबंधक और 17वीं सबसे बड़ी घरेलू संपत्ति प्रबंधक है, जिसके पास 31 मार्च, 2024 तक संयुक्त ऑनशोर और ऑफशोर परामर्श और प्रबंधन के तहत 853.93 अरब रुपये की संपत्ति है, साथ ही देश भर के 40 शहरों में इसकी उपस्थिति है।दोनों साझेदार इनवेस्को के वैश्विक उत्पादों और प्रक्रियाओं के पोर्टफोलियो के साथ उद्यम में अपनी-अपनी ताकत लेकर आ रहे हैं ।

संक्षिप्त समाचार

## रीस टॉपले ने एक हाथ से पकड़ा कैच ऑफ द टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के रीस टॉपले ने गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज रोहित शर्मा को आउट करने के लिए टूर्नामेंट का अब तक का सबसे शानदार कैच पकड़ा।

यह घटना पारी के 12वें ओवर की दूसरी गेंद पर घटी जब ऑफ स्पिनर विल जैक ने



मिडिल और लेग पर फुलर गेंद फेंकी और रोहित उसे स्क्वायर के पीछे स्वीप करने गए, लेकिन सतर्क टॉपले ने अपनी बाईं ओर डाइव लगाया और एक हाथ से कैच लपक लिया। 24 गेंदों में तीन चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 38 रन बनाने वाले रोहित ने अपने सलामी जोड़ीदार इशान किशन के साथ 197 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस को शानदार शुरुआत दी। दूसरी पारी खेलते हुए रोहित और किशन ने 34 गेंदों पर 69 रनों की तूफानी पारी खेली, जिससे पहले विकेट के लिए 101 रन जोड़े। किशन ने मध्यक्रम में रहते हुए 7 चौके और 5 छक्के लगाए। इसी की बदौलत टीम को 7 विकेट से जीत दर्ज करने में मदद मिली। दिलचस्प बात यह है कि यह 93वीं बार था जब रोहित ने आईपीएल में सलामी बल्लेबाजी की थी और पहली बार वह 100+ ओपनिंग साझेदारी में शामिल हुए हैं।

वहीं इससे पहले दिनेश कार्तिक ने आरसीबी के खिलाफ एक और शानदार पारी खेली क्योंकि आरसीबी ने अपने प्रमुख बल्लेबाज विराट कोहली को जसप्रीत बुमराह की उग्र गति के सामने जल्दी खो दिया। कार्तिक ने 23 गेंदों में नाबाद 53 रनों की पारी खेलकर बेंगलुरु की पारी 196/8 तक पहुंचाया था।

## हार्दिक पांड्या ने रोहित शर्मा की बात नहीं मानी तो दिनेश कार्तिक ने 3 चौके लगाए- मोहम्मद कैफ



**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या को अपनी कप्तानी के फैसलों के लिए आलोचनाओं के लिए तैयार रहना होगा क्योंकि भारत के अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद कैफ ने कमेंट्री बॉक्स में बैठे हुए एक दिलचस्प टिप्पणी की। कैफ ने उन्होंने देखा कि रोहित शर्मा ने हार्दिक पांड्या को कई बार दिनेश कार्तिक के खिलाफ थर्ड मैन रखने के लिए कहा, लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान ने उनकी बात नहीं मानी और आरसीबी के फिनिशर ने एक ही क्षेत्र में तीन बाउंड्री लगाई। दिनेश कार्तिक ने आरसीबी के खिलाफ एक और शानदार पारी खेली क्योंकि आरसीबी ने अपने प्रमुख बल्लेबाज विराट कोहली को जसप्रीत बुमराह की उग्र गति के सामने जल्दी खो दिया। कार्तिक ने 23 गेंदों में नाबाद 53 रनों की पारी खेलकर बेंगलुरु की पारी 196/8 तक पहुंचाया था। हालांकि मुंबई ने 15.3 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर 7 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। मोहम्मद कैफ ने एमआई बनाम आरसीबी मैच की कमेंट्री के दौरान कहा, रोहित शर्मा हार्दिक पांड्या से थर्ड मैन रखने के लिए कह रहे हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि दिनेश कार्तिक वहां खेलेंगे, लेकिन पांड्या ने उनकी बात नहीं मानी और दिनेश कार्तिक ने वहां तीन चौके लगाए। आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस (61) और रजत पाटीदार के अर्धशतक ने भी बेंगलुरु को अच्छी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इशान किशन ने बीसीसीआई कॉन्ट्रैक्ट से निकाले जाने और रणजी ट्रॉफी विवाद पर तोड़ी चुप्पी

# मैंने ने अपनी मानसिकता में बड़ा बदलाव लाया



**नई दिल्ली।** विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन शानदार फॉर्म में दिखे जब मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को हरा दिया। इशान ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपनी असली क्षमता दिखाई। 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस के लिए सही नींव रखने के लिए सिर्फ 34 गेंदों पर 69 रन बनाए। मैच के बाद मीडिया से बात करते हुए ईशान ने आईपीएल शुरू होने से कुछ हफ्ते पहले के उस विवादास्पद मुद्दे पर बात की जहां भारतीय टीम में उनके भविष्य पर सवाल उठ रहे थे।

ईशान मानसिक थकान के कारण दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला से हट गए और कथित तौर पर उन्होंने अगले महीनों में अंतरराष्ट्रीय चयन के लिए खुद को उपलब्ध नहीं कराया। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह के रणजी ट्रॉफी खेलने के आग्रह के बावजूद उन्होंने अपने एमआई कप्तान हार्दिक पांड्या के साथ आईपीएल की तैयारी करने का फैसला किया।

ईशान ने कहा, मैं अभ्यास कर रहा था। जब मैंने खेल से समय निकाला तो लोग बहुत सारी बातें कर रहे थे। कई चीजें सोशल मीडिया पर आईं। लेकिन आपको यह भी महसूस करना चाहिए कि कई चीजें खिलाडियों के हाथ में नहीं हैं। ब्रेक के दौरान इशान ने अपनी मानसिकता में बड़ा बदलाव लाया है। उन्होंने उनकी विचार प्रक्रिया के बारे में गहरी जानकारी दी, खासकर उनके करियर के बुरे दौर से निपटने के बारे में।

उन्होंने आगे कहा, केवल एक चीज जो आप कर सकते हैं वह है समय का सही उपयोग करना। साथ ही पिछले इशान किशन के बारे में सोचने की मानसिकता, मैं पहले दो ओवरों में कभी भी गेंद नहीं छोड़ूंगा, भले ही वे अच्छी गेंदबाजी कर रहे हों। समय के साथ मैंने सीखा है कि 20 ओवर एक बड़ा खेल है, आप अपना समय ले सकते हैं और आप आगे बढ़ सकते हैं। भले ही हम मैच हार गए हैं, हम एक टीम के रूप में मिलकर काम करना चाहते हैं, बदलाव ऐसे आए हैं जैसे कि मैं प्रदर्शन नहीं कर रहा हूं और अगर मुझे पता है कि कोई और प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, मैं उनसे बात करता हूं, मैं जानना चाहता हूं कि वे क्या सोच रहे हैं इसलिए ये चीजें हैं जिन्होंने मुझे ब्रेक में मदद की।

## हार्दिक पांड्या को पसंद हैं चुनौतियां, प्रशंसक जल्दी ही उसे चाहने लगेंगे -ईशान किशन

**मुंबई।** आईपीएल के इस सत्र में भले ही हार्दिक पांड्या दर्शकों का कोपभाजन बन रहे हों लेकिन ईशान किशन को यकीन है कि मुंबई इंडियंस के कप्तान को उनका दिल जीतने की चुनौती मे मजा आ रहा है। आईपीएल का मौजूदा सत्र शुरू होने से पहले रोहित शर्मा की जगह मुंबई के कप्तान बने पांड्या की स्टेडियम के भीतर लगातार हूटिंग हो रही है। आरसीबी के खिलाफ बृहस्पतिवार को खेले गए मैच में भी यही आलम था लेकिन वानखेड़े स्टेडियम पर दर्शकों का एक छोटा समूह उनकी हौसलाअफजाई करता दिखा जिन्हें विराट कोहली से भी प्रोत्साहन मिला।



ईशान ने कहा, 'उसे (पांड्या को) चुनौतियां पसंद है। वह पहले भी इन हालात में रह चुका है और अब फिर है। वह इसके बारे में बात नहीं करेगा और ना ही इसे रोकने के लिए कहेगा। उन्होंने कहा, 'मुझे पता है कि उसे इसमें मजा आ रहा होगा। मैं उसे निजी तौर पर जानता हूं। मैने उसके साथ काफी समय बिताया है। वह चुनौतियों के लिए तैयार है क्योंकि आप प्रशंसकों से शिकायत नहीं कर सकते। वह अपनी अपेक्षाओं और राय के साथ आएंगे।

## शर्मनाक हार पर बोले कप्तान डुप्लेसिस- इसे हल्क से नीचे उतारना आसान नहीं

**नई दिल्ली।** वानखेड़े स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सीजन की पांचवीं हार झेलनी पड़ी। मुंबई के खिलाफ पहले खेलते हुए 196 रन बनाना भी बेंगलुरु के लिए कम पड़ गया। बेंगलुरु ने महज 153 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन ने इस दौरान तेजतर्रार पारियां खेलीं। हार के बाद आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस भी निराश दिखे। उन्होंने कहा कि इसे (हार) हल्क से नीचे उतारना आसान नहीं है। मैं दो कारण देख सकता हूं। एक तो यहां बहुत गीला (ओस की स्थिति) था। इसके अलावा मुझे किसी तरह कुछ टॉस जीतने की जरूरत है। दूसरा उन्होंने वास्तव में अच्छा खेला, हम पर दबाव डाला और हमने कुछ गलतियां (विशेषकर पावरप्ले के दौरान) कीं।



डुप्लेसिस ने कहा कि हम जानते थे कि ओस एक कारक होगी, हमें 250+ बनाने की आवश्यकता हो सकती थी, लेकिन उन्होंने 196 रन को बहुत कम बना दिया। आप जानते हैं कि जब ओस आएगी तो आपको बड़ी बल्लेबाजी करनी होगी, गेंद बहुत गीली थी, इसे कुछ बार बदला गया और गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा। जब मैं और पाटीदार जा रहे थे तो हमने भी कुछ पल गंवाए। जब भी आप उसे हाथ में गेंद (जसप्रीत बुमरा) के साथ देखते हैं, तो आप सोचते हैं कि आपको उसे दबाव में रखना होगा। लेकिन उसके पास बहुत सारे कौशल हैं, वह दबाव में अच्छी गेंदबाजी करता है, वह एक ही एक्शन से गेंदबाजी करता है और उसमें बहुत सारी विविधताएं हैं। मुझे लगता है कि लसिथ मलिंगा के मार्गदर्शन में वह और भी बेहतर हो गए हैं।

डुप्लेसिस ने कहा कि हमें बल्ले से रास्ते खोजने होंगे, बड़े स्कोर बनाने होंगे, हम जानते हैं कि हमारी गेंदबाजी हमारे लिए सबसे मजबूत पक्ष नहीं है, लेकिन हमें इसे प्रबंधित करने के तरीके खोजने होंगे, हमें रचनात्मक होना होगा, बल्ले से कड़ी मेहनत करनी होगी और पहले 4-5 ओवरों का अधिकतर उपयोग बल्ले से करें।

### ऐसा रहा मुकाबला

मुकाबले की बात करें तो वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मिले 197 रनों का लक्ष्य मात्र 15.3 रनों में पूरा कर लिया। बेंगलुरु ने पहले खेलते हुए कप्तान फाफ डु प्लेसिस के 40 गेंदों पर 71, रजत पाटीदार के 26 गेंदों पर 50 तो दिनेश कार्तिक के 23 गेंदों पर 53 रनों की मदद से 196 रन बनाए थे। जवाब में ईशान ने 34 गेंदों पर 69 रन तो सूर्यकुमार ने 19 गेंदों पर 52 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी।

### ऐसी हुई अंक तालिका

मुंबई के लिए शुरूआती 3 मैचों में हार के बाद यह लगातार दूसरी जीत है। वहीं, 5वां मुकाबला गंवाकर अंक तालिका में आखिरी स्थान पर आ गई है। मुंबई 4 प्वाइंट्स के साथ 7वें स्थान पर आ गई है। इस सूची में राजस्थान रॉयल्स अभी भी पहले नंबर पर हैं जिन्होंने 5 में से 4 मुकाबले जीते हैं। इसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स का नंबर आता है। चेन्नई चौथे तो हैदराबाद पांचवें स्थान पर है।

## विनेश ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पर ओलंपिक जाने से रोकने का आरोप लगाया, महासंघ ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय कुश्ती महासंघ उनके सहयोगी स्टाफ को मान्यता पत्र जारी नहीं करके उन्हें हर हालत में ओलंपिक खेलने से रोकना चाहता है जबकि महासंघ का दावा है कि समय सीमा खत्म होने के बाद उसने आवेदन किया था। विनेश ने अपने



खिलाफ डोपिंग की साजिश रचे जाने की भी आशंका जताई।

29 वर्ष की विनेश ने 2019 और 2022 विश्व चैम्पियनशिप में 53 किलो में कांस्य और 2018 एशियाई खेलों में 50 किलो में स्वर्ण पदक जीता था। वह अगले सप्ताह किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले एशियाई क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिये 50 किलो में ओलंपिक कोटा हासिल करना चाहती है। पटियाला में चयन ट्रायल में उन्होंने 53 किलो में भी भाग लिया था लेकिन सेमीफाइनल में हार गई थी।

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने कहा कि कोच और फिजियो को मान्यता पत्र जारी करने के लिए विनेश का ईमेल 18 मार्च को मिला लेकिन तब तक युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग को खिलाड़ियों, कोचों और मेडिकल स्टाफ की सूची भेजी जा चुकी थी। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 11 मार्च थी। एक अधिकारी ने कहा कि महासंघ ने 15 मार्च को प्रविष्टियां भेजी क्योंकि यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने उसके अनुरोध पर कुछ दिन की रियायत दी थी। यह रियायत इसलिए मांगी गई थी क्योंकि समय सीमा खत्म होने के आखिरी दिन ही ट्रायल पूरे हुए थे।

विनेश ने एक्स पर लंबी पोस्ट में लिखा, 'बृजभूषण और उसके द्वारा बिठाया गया डमी संजय सिंह हर तरीके से प्रयास कर रहे हैं कि कैसे मुझे ओलंपिक में खेलने से रोका जा सके। जो टीम के साथ कोच लगाए गए हैं, वे सभी बृजभूषण और उसकी टीम के चहेते हैं तो इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि वो मेरे मैच के दौरान मेरे पानी में कुछ मिला कर पिला दें।

उन्होंने कहा, 'अगर मैं ऐसा कहूं कि मुझे डोप में फंसाने की साजिश हो सकती है तो गलत नहीं होगा। हमें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही। इतनी महत्वपूर्ण स्पर्धा से पहले हमारे साथ ऐसे मानसिक उत्पीड़न कहां तक जायज है। विनेश ने कहा, '19 अप्रैल को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर शुरू हो रहा है। मैं लगातार एक महीने से भारत सरकार (साइ , टॉप्स) सभी से मेरे कोच और फिजियो की मान्यता के लिये अनुरोध कर रही हूं।

## पहले मैच में डक, दूसरे में 17 गेंदों पर फिफ्टी, सूर्यकुमार स्टाइल से लौटे फॉर्म में

**नई दिल्ली।** आईपीएल शुरू होने से पहले ही मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव चोटिल हो गए थे। इस कारण वह मुंबई इंडियंस के लिए पहले तीन मुकाबले नहीं खेल पाए थे। जबकि उनकी दिल्ली के खिलाफ वापसी हुई तो वह शून्य पर ही



आऊट हो गए। सूर्यकुमार ने हार नहीं मानी और वीरवार को बेंगलुरु के खिलाफ महज 17 गेंदों पर अर्धशतक लगाकर बता दिया कि अभी भी उनमें काफी दम मौजूद है। सूर्यकुमार ने सीजन की दूसरी सबसे तेज फिफ्टी लगाई है। इससे पहले हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा 16 गेंदों पर अर्धशतक लगा चुके हैं। बहरहाल मैच खत्म होने के बाद सूर्यकुमार ने चोट के बाद वापसी पर बात की। सूर्यकुमार ने कहा कि वानखेड़े में वापस आना हमेशा अच्छा लगता है, जब टूर्नामेंट शुरू हुआ तो मैं मानसिक रूप से यहीं था, हालांकि शारीरिक रूप से बैंगलोर में (चोट से उबरने के बाद), ऐसा लगा जैसे मैंने कभी नहीं छोड़ा।



## वानखेड़े की भीड़ से निराश दिखे कोहली, पांड्या के खिलाफ हूटिंग बंद करने को कहा

**नई दिल्ली।** विराट कोहली गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम की भीड़ से जरा भी प्रभावित नहीं हुए जब दर्शकों ने जोरदार हूटिंग के साथ हार्दिक पांड्या का स्वागत किया। कोहली ने भीड़ को मुंबई इंडियंस के नए कप्तान के लिए नकारात्मक स्वागत को रोकने का संकेत दिया और प्रशंसकों से अपने कप्तान का समर्थन करने का आग्रह किया। कोहली का दिल छू लेने वाला इशारा वायरल हो रहा है। हालांकि मैच में आरसीबी को प्रतिष्ठित स्थल पर 5 बार के चैंपियन द्वारा एकतरफा आईपीएल 2024 मैच में हरा का सामना करना पड़ा।

जब 197 रन के लक्ष्य का पीछा करने के 12वें ओवर में एमआई कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ शामिल हुए तो हार्दिक पांड्या के स्वागत में लोगों की आलोचना सुनकर विराट कोहली निराश दिखे। कोहली इशारों में कहते दिखे कि हार्दिक देश के लिए खेलते हैं और वह वानखेड़े में भीड़ से इस तरह के स्वागत के हकदार नहीं थे। हार्दिक को उन प्रशंसकों से जोरदार आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है जो अभी तक एमआई में कप्तानी में



बदलाव से सहमत नहीं हुए हैं। जहां रोहित शर्मा को गुरुवार को खेले गए हर शॉट के लिए प्रोत्साहित किया गया, वहीं हार्दिक को प्रशंसकों के स्वागत के मामले में मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

महीने की शुरुआत में अपने पहले घरेलू मैच के विपरीत हार्दिक पंड्या को टॉस के समय इतना परेशान नहीं किया गया था। एक अप्रैल को रॉयल्स के खिलाफ अपने मैच में हार्दिक को टॉस के समय जोर से चिल्लाया गया और ब्रॉडकास्टर संजय मांजरेकर ने हस्तक्षेप किया और भीड़ से सही व्यवहार करने का आग्रह किया। गुरुवार को हार्दिक पांड्या के लिए पहली मुसीबत तब सामने आई जब वह आईपीएल 2024 सीजन के दूसरे मैच के बाद पहली बार गेंदबाजी करने उतरे। हालांकि, सबसे जोरदार आलोचना तब हुई जब वह बल्लेबाजी करने के लिए निकले जिसे देख विराट कोहली खुश नहीं हुए। विराट कोहली वानखेड़े स्टेडियम में प्रशंसकों के साथ बातचीत करते रहे क्योंकि जब मुंबई के बल्लेबाज उन्हें स्टैंड में भेज रहे थे तो उनके पास मैदान पर करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं था।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran
@Pratahkiran



# दिल्ली में लगने जा रहा राष्ट्रपति शासन, आप का बड़ा दावा

## बताए 5 संकेत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरविंद केजरीवाल के कथित शराब घोटाले में जेल जाने के बाद सबसे बड़ी मुश्किलों से घिरी आम आदमी पार्टी ने बड़ा दावा किया है। आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को दावा किया कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगने जा रहा है। केजरीवाल सरकार की मंत्री और पार्टी की बड़ी नेता आतिशी ने कहा है कि उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से यह जानकारी मिली है। आतिशी ने 5 ऐसे संकेत भी गिनाए जिन्हें वह राष्ट्रपति शासन के लक्षण के रूप में देख रही हैं। उन्होंने कहा है कि दिल्ली की सरकार को गिराने के लिए यह दिखाने का प्रयास किया जा रहा है कि संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है।

शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिल्ली सरकार की ताकतवर मंत्री आतिशी ने दावा किया कि केजरीवाल सरकार को गिराने और राष्ट्रपति शासन लगाने की की बहुत बड़ी साजिश हो रही है। उन्होंने कहा, दिल्ली की चुनी हुई सरकार के खिलाफ एक बहुत बड़ा राजनीतिक साजिश रचा जा रहा है। हमें विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि आने वाले कुछ दिनों में केंद्र सरकार दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने वाली है। इसके कई संकेत पिछले कुछ दिनों से दिख रहे हैं। दिल्ली में अफसरों की पोस्टिंग नहीं की ज रही है। दूसरी बात दिल्ली के अंदर कई विभाग में पद खाली है, लेकिन वहां पर किसी अफसर की तैनाती नहीं की जा रही है। तीसरी बात, एलजी साहब पिछले एक सप्ताह से गृहमंत्रालय को बिना किसी कारण बार-बार चिट्ठी लिख रहे हैं। कहते हैं कि मंत्री मीटिंग में नहीं आ रहे हैं। चौथा, दिल्ली सरकार में तैनात अफसरों ने आदर्श आचार संहिता का हवाला देकर बैठकों में शामिल होने बंद कर दिया है। आखिरी चीज, एक 20 साल पुराने केस का बहाना बनाकर दिल्ली के मुख्यमंत्री के निजी सचिव को बर्खास्त कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली में चुनाव नहीं जीत सकती है, इसलिए साजिश के तहत केजरीवाल की सरकार गिराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने केजरीवाल सरकार की लोकप्रियता और कामकाज का हवाला देते हुए कहा ,केजरीवाल को झूठे आरोपों के तहत केंद्र सरकार ने गिरफ्तार किया है। क्योंकि भाजपा यह जानती है कि दिल्ली के लोग केजरीवाल को पसंद करते हैं और आम आदमी पार्टी को ही वोट देते हैं। भाजपा को पता चल गया है कि दिल्ली में चुनाव नहीं जीत सकते हैं, इसलिए चुनी हुई सरकार को गिराने की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के कामकाज की वजह से उनकी सरकार गिराने की साजिश रची जा रही है।

गैर कानूनी होगा, गैर संवैधानिक होगा। दिल्ली की जनता के जनादेश के खिलाफ होगा। दिल्ली की जनता ने केजरीवाल को स्पष्ट जनादेश दिया है। 17 फरवरी को कॉन्फिडेंस मोशन लाकर अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपना बहुमत साबित किया है। यह साफ है कि संविधान के तहत किसी सरकार को बहुमत होते हुए राष्ट्रपति शासन नहीं लगाया जा सकता है। 2016 नें जब उत्तराषंड में राष्ट्रपति शासन लगाया गया तो हाई कोर्ट ने फ्लोर टेस्ट का आदेश दिया था और बहुमत साबित होने के बाद राष्ट्रपति शासन के आदेश को खारिज कर दिया था। केजरीवाल सरकार के पास प्रचंड बहुमत है। यदि भाजपा राजनीतिक साजिश की कोशिश करती है तो वह गैर कानूनी और जनता के जनादेश के खिलाफ होगा।

## हवन करने को लेकर भिड़े दो नेता, जमकर हुई तू-तू मैं-मैं; पुलिस के आने पर शांत हुआ मामला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद की विजय मंडी कॉलोनी के पास भाजपा प्रत्याशी के कार्यालय का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। इस दौरान हवन करने को लेकर दो नेताओं में तू-तू, मैं-मैं हो गई। वहां पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने दोनों पक्षों को शांत कराया। सूचना पर थानाप्रभारी भी पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए थे। बताया जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के कार्यालय में हवन चल रहा था। वहां भाजपा से बागी होकर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष का चुनाव लड़ने वाली रेखा अरोड़ा के पति राधेकिशन आहुति दे रहे थे। इसी बीच महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल पहुंच गए। बताया जा रहा है कि गोपाल अग्रवाल ने हवन में राधेश्याम किशन अरोड़ा के बैठने पर आपत्ति जताई। इसको लेकर दोनों के बीच बहस हो गई। काफी देर तक दोनों एक-दूसरे को उलझे रहे। एसीपी का कहना है कि जब पुलिस पहुंची तो मामला शांत हो चुका था। तहरीर नहीं आई है। समाजसेवी राधेकिशन अरोड़ा ने कहा, मैं दिल से भाजपा कार्यकर्ता हूं। बुलावे पर कार्यालय पहुंचा था। वहां मुझे हवन में बैठाया गया। एक व्यक्ति ने उल्टा सीधा कहा। ऐसी बात होती रहती है। महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल ने कहा, भाजपा के सीनियर नेता पीछे बैठे थे। बागी होकर चुनाव लड़ने वाले हवन में बैठे थे। मैंने उन्हें पीछे बैठने को कहा। इस पर वह भड़क गए। कोई बड़ी बात नहीं हुई है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा, मंडल अध्यक्ष को पीछ बैठाने को लेकर मामूली कहासुनी हुई थी। दोनों को समझा-बुझाकर शांत कराकर गला लगवा दिया। इस बात को अन्य लोग हवा दे रहे हैं। कार्यकर्ताओं के बीच कोई मनमुटाव नहीं है। गाजियाबाद सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए नगर निगम बूथ तैयार करने में जुट गया है, ताकि मतदान वाले दिन मतदाताओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। गाजियाबाद सीट पर प्रत्याशियों के नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### हॉस्टल के कमरे में लटका पाया गया आईआईटी गुवाहाटी का छात्र

**गुवाहाटी , एजेंसी।** आईआईटी-गुवाहाटी के दूसरे सेमेस्टर का एक छात्र अपने होटल के कमरे में मृत पाया गया। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। कामरूप के पुलिस अधीक्षक रंजन भुइयां ने कहा कि शव बुधवार को दिहिंग छात्रावास में उनके कमरे के अंदर लटका हुआ पाया गया। वहां से एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस अधीक्षक ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, उन्होंने नोट में लिखा है कि उनकी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। प्रथम दृष्टया से ऐसा नहीं लगता कि इसमें कोई गड़बड़ी शामिल है। हालांकि, हम अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए अपनी जांच जारी रख रहे हैं। एसपी ने कहा कि पोस्टमार्टम और उचित कानूनी औपचारिकताओं के बाद शव को उसके माता-पिता के साथ उसके गृहनगर बिहार के समस्तीपुर भेज दिया गया है। मृतक छात्र की पहचान कंप्यूटर साइंस विभाग में पढ़ने वाले सौरभ के रूप में हुई है।

### वायनाड के मूलांकवु में लगी भीषण आग, चपेट में आए आसपास के इलाके



**वायनाड, एजेंसी।** केरल में वायनाड जिले के मूलांकवु में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। आग मूलांकवु के पास सुथान बाथरी के एक वन क्षेत्र में लगी है। समाचार एजेंसी एएनआई ने यह जानकारी दी है।

एएनआई के मुताबिक, आग बांस के पेड़ों में लगी, जिसके बाद आसपास के इलाकों में फैल गई। वहीं, आग लगने से कितने लोग हताहत हुए हैं, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं, आग बुझाने की कोशिश की जा रही है।

### चुनाव आयोग ने कश्मीरी प्रवासी मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया में संशोधन किया

**जम्मू, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को कश्मीरी प्रवासी मतदाताओं के विभिन्न संगठनों से फॉर्म-एम दाखिल करने में आ रही कठिनाइयों के बारे में ज्ञापन मिलने के बाद प्रवासी मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया में संशोधन किया है। चुनाव आयोग द्वारा गुरुवार को जारी एक आदेश में कहा गया है : सभी 22 मतदान केंद्रों (जम्मू में 21 और उधमपुर में 1) को शिविरों/क्षेत्रों में मैप किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर क्षेत्र में कम से कम एक विशेष मतदान केंद्र हो। आदेश में कहा गया है, यदि प्रत्येक क्षेत्र में कई मतदान केंद्र हैं, तो जोनल अधिकारी मतदाताओं के प्रत्येक समूह के लिए दूरी/पहुंच की आसानी को ध्यान में रखते हुए ऐसे प्रत्येक मतदान केंद्र का इंट्रा-जोनल क्षेत्राधिकार निर्धारित करेंगे।आदेश में आगे उल्लेख किया गया है : फॉर्म-एम के साथ संलग्न प्रमाणपत्र को सत्यापित करने के लिए राजपत्रित अधिकारी की तलाश की परेशानी दूर करने के लिए इन फॉर्मों का स्व-सत्यापन पर्याप्त हो सकता है।

### बहुजन समाज को अपने बीच छिपे बहरूपियों से सावधान रहना होगा : आकाश आनंद


**मथुरा, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने बहुजन समाज को अपने बीच छिपे बहरूपियों से सावधान रहने की सलाह दी है। बसपा मुखिया मायावती के भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद गुरुवार को मथुरा पहुंचे। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज को अपने ही बीच छिपे बहरूपियों से सावधान रहना होगा। ये आपके दुश्मन हैं, लेकिन, आप पर सीधा वार नहीं करेंगे। ये बहुत समझदार हैं, जो आपके बीच में रहते हुए बहनजी का विरोध करते हैं और दूसरी पार्टी के नेताओं की प्रशंसा करते हैं, ऐसे बहरूपियों को पहचानने की जरुरत है। ऐसे लोग कहेंगे कि बहनजी तो उम्र में बढ़ चुकी हैं, अपने लोगों से दूर हो गई हैं। साथ ही विपक्षी नेताओं और पार्टियों को आपका शुभचिंतक बताएंगे।

## हमीरपुर में भाजपा को बड़ा झटका, कई नेताओं ने कांग्रेस का दामन थामा

**हमीरपुर, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में भाजपा को गुरुवार को उस वक्त बड़ा झटका लगा, जब यहां की नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज मिन्हास, उनकी पत्नी निशा मिन्हास और वार्ड नंबर-2 से पार्षद राजकुमार ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। मिन्हास काफी समय से भाजपा से नाराज चल रहे थे। उन्हें राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पटका पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मनोज, उनकी पत्नी निशा और राजकुमार को सेरा रेस्ट हाउस में कांग्रेस की सदस्यता दिलवाई और तीनों का पार्टी में स्वागत किया। सीएम ने कहा कि उन्हें पार्टी में उचित स्थान दिया जाएगा। इस मौके पर मिन्हास ने मुख्यमंत्री के 15 महीने के कार्यकाल को सराहनीय बताया। कांग्रेस में शामिल होने के बाद मिन्हास ने कहा कि सरकार जनहित में काम कर रही है। कांग्रेस के छह बिकाऊ विधायक जनता का नहीं, निजी विकास चाहते थे। उन्होंने प्रदेश के विकास को सर्वोपरि नहीं माना। जनता ने उन्हें पांच साल के लिए चुनकर भेजा था, लेकिन वह 14 महीनों में ही लोगों से दगा कर गए। उनकी वजह से हो रहे उपचुनाव से करोड़ों रुपए का अतिरिक्त बोझ जनता पर पड़ेगा। मनोज मिन्हास ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमीरपुर शहर के विकास को गति देंगे। वर्षों से रुके कामों को तेज गति से सिरे चढ़ाया जाएगा। उधर सीएम सुक्खू ने कहा कि हमीरपुर शहर के विकास को मुख्य प्राथमिकता दें। शहर का स्वरूप बदलने के लिए कार्य करें। प्रदेश सरकार ने शहर के सौंदर्यीकरण एवं बिजली की तारों को भूमिगत करने के लिए करोड़ों रुपए का बजट जारी किया है, उसका पूरा सदुपयोग करें। शहर के लोगों को कांग्रेस सरकार के कार्यों से अवगत करवाएं। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर जिले में विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए दिन-रात कार्य किए जाएंगे।

## गौर चौक पर बनेगा अंडरपास; हजारों लोगों को मिलेगा फायदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सबसे बड़े चौराहे गौर चौक (किसान चौक) पर अंडरपास का निर्माण जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इसके लिए प्राधिकरण ने सर्वेक्षण पूरा करा लिया है। अब रूट डायवर्जन का चार्ट तैयार किया जा रहा है। जल्द ही प्राधिकरण की टीम यातायात डीसीपी के साथ बैठक कर रूट डायवर्जन की रिपोर्ट तैयार करेगी। इस अंडरपास को बनाने में 93 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आबादी तेजी से बढ़ रही है। यहां के सबसे व्यस्त चौराहे पर यातायात का दबाव भी बढ़ रहा है। जाम की समस्या न हो, इसके लिए अस्थायी विकल्प के तौर पर चौराहे के दोनों तरफ दो यूटर्न बने हैं। गौर सिटी की तरफ से सूरजपुर या नोएडा को जाने वाले वाहन 130 मीटर रोड पर बने यूटर्न से होकर गुजरते हैं। इसी तरह 130 मीटर रोड या सूरजपुर की तरफ से गौर सिटी और प्रताप विहार को जाने वाले वाहन नोएडा की तरफ बने यूटर्न से होकर जाते हैं। इसके स्थायी समाधान कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सरकारी सलाहकार एजेंसी राइट्स से इस चौराहे का सर्वेक्षण कराया है। कंपनी ने अंडरपास निर्माण से पहले वहां पर आईजीएल लाइन, पेड़, फुटपाथ समेत अन्य बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार कर प्राधिकरण को सौंपकर यहां अंडरपास बनाने का सुझाव दिया। यह अंडरपास चौराहे पर 130 मीटर रोड को क्रॉस करते हुए 60 मीटर रोड के समानांतर बनेगा, यानी प्रताप विहार से सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा के बीच वाहन अंडरपास से होकर गुजरेंगे। यूटर्न तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे समय और ईंधन दोनों की ही बचत होगी। इसके निर्माण में करीब दो साल लगने का अनुमान है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कुल आठ जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनवा रहा है, जिसमें से एक मूर्ति गोलचक्कर पर बनकर तैयार हो गया है। बाकी सात फुटओवर ब्रिज सूरजपुर-कासना रोड पर कैलाश अस्पताल के सामने, गामा शापिंग कॉम्पलेक्स के सामने, ओमेगा शापिंग कॉम्पलेक्स, दुर्गा टॉकीज जंक्शन, कलेक्ट्रेट के सामने, निराला एस्टेट टाउनशिप के सामने और सुपरटेक इकोविलेज के सामने बनने हैं। इनको पीपीपी मॉडल पर बनाया जाएगा।

लोगों ने प्राधिकरण को ग्रेनो वेस्ट में तीन स्थानों पर एफओबी बनाने का सुझाव दिया है। प्राधिकरण इसको लेकर विचार कर रहा है। ये एफओबी गौर सिटी, शाहबेरी और ऐस सिटी हनुमान मंदिर के पास बनेंगे। इनके बनने से पैदयात्रियों को राहत मिलेगी। इसको लेकर बीते दिनों नफोवा के सदस्यों ने प्राधिकरण पहुंचकर धरना-प्रदर्शन भी किया था।

## इजराइल दूसरी जगहों पर जंग के लिए तैयार : नेतन्याहू



**तेल अवीव, एजेंसी।**


इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा है कि इजराइल गाजा के अलावा दूसरे मोर्चों पर भी जंग की तैयारी कर रहा है। ईरान का नाम लिए बिना इजराइली पीएम ने कहा, अगर किसी ने भी हम पर हमला किया, तो हम इसका जवाब जरूर करेंगे।

एफ-15 फाइटर जेट के बेस पर पहुंचे प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा, आज का समय बहुत चुनौतीपूर्ण है। गाजा में युद्ध चल रहा है। हम हमास की कैद में मौजूद इजराइलियों को छुड़ाने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। इजराइल की सुरक्षा के लिए हम अटैक और डिफेंस दोनों तरह की नीति अपनाने को तैयार हैं।दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने इजराइल को बदला लेने की धमकी दी थी। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई ने बुधवार को कहा था, इजराइल को इस हमले की सजा जरूरी दी जाएगी। उन्होंने सीरिया में हमारे दूतावास पर हमला किया। यह ईरान की धरती पर हमला करने जैसा ही था।

ईरान की तरफ से हमले के खतरे के बीच गुरुवार को अमेरिका के सेंट्रल कमांड के जनरल माइकल कुरिला इजराइल पहुंचे। यहां वे इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट और इजराइल डिफेंस फोर्स के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

इस बीच जर्मनी की एयरलाइंस लुफ्थांसा एयरलाइन्स ने गुरुवार को तहरान के लिए सभी फ्लाइट सस्पेंड कर दीं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, मिडिल ईस्ट इस वक्त ईरान की तरफ से हमले के खतरे को लेकर अलर्ट पर है। अरबी भाषा में छपी ईरानी न्यूज एजेंसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने राजधानी तहरान के ऊपर अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया, जिससे वो सैन्य अभ्यास कर सकें। हालांकि, ईरानी मीडिया ने बाद में इस रिपोर्ट को हटा दिया। वहीं कुछ दिन पहले इजराइल ने अपने जीपीएस नेविगेशन सिस्टम को बंद कर दिया था। माना जाता है कि गाइडेड मिसाइलों के हमलों को रोकने के लिए जीपीएसको बंद किया जाता है। इसके अलावा सभी सैनिकों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई थीं।

## जूलियन असांजे पर आरोप हटाने का अमेरिका कर रहा विचार, सेना से जुड़े दस्तावेजों को लीक करने से जुड़ा मामला





**वाशिंगटन, एजेंसी।**

ऑस्ट्रेलिया की संसद ने फरवरी में एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें असांजे की कानूनी बाधाओं को समाप्त करने का आह्वान किया गया था, जो अमेरिका में प्रत्यर्पण की लड़ाई के दौरान 2019 से ब्रिटेन में है। बाइडन ने कहा कि हम ऑस्ट्रेलिया की अपील पर विचार कर रहे हैं।

अमेरिका राष्ट्रपति बाइडन के बुधवार को कहा कि वह जासूसी के आरोप में विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे के खिलाफ मुकदमा चलाने के ऑस्ट्रेलिया के अपील पर विचार कर रहे थे। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलियाई नागरिक जूलियन असांजे को 2010 में इराक और अफगानिस्तान युद्ध से जुड़े वर्गीकृत दस्तावेजों के लीक होने में उनकी भूमिका के लिए अमेरिकी सरकार द्वारा दोषी ठहराया गया है। ऑस्ट्रेलिया की संसद ने फरवरी में एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें असांजे की कानूनी बाधाओं को समाप्त करने का आह्वान किया गया था, जो अमेरिका में प्रत्यर्पण की लड़ाई के दौरान 2019 से ब्रिटेन में है। बाइडन ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हम जूलियन असांजे के मामले पर विचार कर रहे हैं। 52 साल के ऑस्ट्रेलियाई नागरिक असांजे को अमेरिकी सरकार ने 2010 में इराक और अफगानिस्तान में लड़ाईयों से जुड़े वर्गीकृत दस्तावेजों को लीक करने में उनकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया है। दोषी पाए जाने पर उसे उम्र कैद की जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है। बाइडन की टिप्पणियों के जवाब में असांजे की पत्नी स्टेला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह सही काम है, उन पर से आरोप हटा दें। उन्होंने पहले कहा था कि जेल में असांजे के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट आ रही है।

# अमेरिकी नेता टॉम सुओजी का वैसाखी से पहले संदेश- एकजुटता सिखाता है सिख धर्म



**वाशिंगटन, एजेंसी।** न्यूयॉर्क के प्रभावशाली नेता टॉम सुओजी ने वैसाखी से पहले अमेरिकी संसद में कहा कि सिख धर्म सिखाता है कि सभी मनुष्य एक परिवार के रूप में एक दूसरे से जुड़े हुए हैं और और इसका निर्माता एक ही है जो सभी के अंदर रहता है। 325वें खालसा पंथ स्थापना दिवस के अवसर पर 13 अप्रैल को वैसाखी का त्योहार मनाया जाएगा।

टॉम सुओजी ने कहा, गुरु गोबिंद सिंह ने 1699 में खालसा समुदाय की स्थापना की, जिसका एकमात्र उद्देश्य सभी व्यक्तियों की गरिमा को बनाए रखना और मानवाधिकारों की रक्षा करना है चाहे उनकी राष्ट्रीयता, जाति, धर्म या सामाजिक स्थिति कुछ भी हो। उन्होंने अमेरिकी सदन में कहा, गुरु गोबिंद सिंह जी की विरासत ने स्वतंत्रता, समानता और धार्मिक स्वतंत्रता सहित उन मूल्यों को महत्व दिया, आगे बढ़ाया जिन्हें हम अमेरिकी मानते हैं। उन्होंने कहा, सिख धर्म यह भी सिखाता है कि प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा होती है और वह सम्मान और करुणा का पात्र है।

325वें खालसा पंथ स्थापना दिवस के अवसर पर 13 अप्रैल को वैसाखी का त्योहार मनाया जाएगा। सुओजी ने सदन में कहा, अध्यक्ष महोदय, मैं 13 अप्रैल 2024 को वैसाखी की 325वीं वर्षगांठ मनाने के लिए यहां उपस्थित हुआ हूं और गुरु गोबिंद सिंह जी की विरासत ने स्वतंत्रता, समानता और धार्मिक स्वतंत्रता सहित उन मूल्यों को महत्व दिया, आगे बढ़ाया जिन्हें हम अमेरिकी मानते हैं। उन्होंने कहा कि सिख धर्म यह भी सिखाता है कि प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा होती है और वह सम्मान और करुणा का पात्र है। कांग्रेस सदस्य सुओजी ने कहा, गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखाया कि अराधना का सर्वोच्च रूप मानवता से प्यार करना और उसकी देखभाल करना है। इसी कारण से, खालसा समुदाय बिना किसी भेदभाव के भगवान की रचना की परवाह करता है। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह ने बहुलवाद और अंतरात्मा की स्वतंत्रता में अपने विश्वास की शिक्षा दी।

सुओजी ने कहा उनके पिता, गुरु तेग बहादुर जी भी उन्हीं सिद्धांतों का पालन करते थे । यहां तक कि उन्हें फांसी भी दे दी गई थी क्योंकि उन्होंने सरकार द्वारा पवित्र धागे 'जनेऊ को जबरन हटाने का विरोध किया था। हालांकि एक सिख के रूप में, गुरु तेग बहादुर जी खुद जनेऊ पहनने में विश्वास नहीं करते थे।

उन्होंने हिंदुओं के इसे पहनने के अधिकार के लिए आवाज उठाई थी। सुओजी के अनुसार, उन्हें इसलिए फांसी दे दी गई क्योंकि उन्होंने अपने समय की असहिष्णु राजशाही द्वारा आदेश दिए जाने के बावजूद, अपने सिद्धांत को त्यागने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह अपने पिता के नक्शेकदम पर चलते थे और अंतरधार्मिक संवाद को बढ़ावा देते थे। सुओज़ी ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह ने न केवल गुरुद्वारे बनवाए, बल्कि उन्होंने मस्जिद और मंदिर भी बनवाए। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह शिक्षा और महिलाओं के अधिकारों के भी प्रमुख पैरोकार थे।

लंदन में महाराजा रणजीति सिंह की विरासत पर प्रदर्शनीः पश्चिमोत्तर भारत में 19वीं सदी में सिख साम्राज्य की स्थापना करने वाले महाराजा रणजीत सिंह के जीवन और विरासत पर एक भव्य प्रदर्शनी लंदन के वालेस कलेक्शन संग्रहालय में आयोजित की गई है।

### मानवता से प्रेम व देखभाल जरूरी

कांग्रेस सदस्य सुओजी ने कहा, गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखाया कि अराधना का सर्वोच्च रूप मानवता से प्यार करना और उसकी देखभाल करना है। इसी कारण, खालसा समुदाय बिना किसी भेदभाव के भगवान की रचना की परवाह करता है। उन्होंने कहा, गुरु गोबिंद सिंह ने बहुलवाद और अंतरात्मा की स्वतंत्रता में अपने विश्वास की शिक्षा दी। गुरु गोबिंद सिंह ने न सिर्फ गुरुद्वारे बनवाए, बल्कि मंदिर-मस्जिद भी बनवाए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129